www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 290
नई दिल्ली
शनिवार, 08 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित





03 सार्वजनिक स्थानों और हाईवे से आवारा ... | 06 भारत में राज्य सरकारों के ऋणों में भारी ... | 36 के हुए विराट कोहली को प्रशंसकों ... 12


## वंदे मातरम को तोड़ने वाली विभाजनकारी सोच अभी भी देश के लिए चुनौती है : मोदी



**श्री मोदी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित स्मरणोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही**

शैलेन्द्र शर्मा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस का नाम लिए बिना शुक्रवार को कहा कि एक विभाजनकारी सोच ने 1937 में राष्ट्र निर्माण के महामंत्र वंदे मातरम के कुछ अंशों को निकालकर तोड़ दिया था और वंदे मातरम के इस विभाजन ने देश के विभाजन के भी बीज बो दिये थे। उन्होंने देशवासियों विशेष रूप से युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि यह विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है और इससे सावधान रहने की जरूरत है। श्री मोदी ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित स्मरणोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक स्मारक सिक्का तथा स्मारक डाक टिकट जारी किया और वंदे मातरम को समर्पित पोर्टल की भी शुरूआत की। केन्द्र सरकार ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर को मनाने के लिए साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की घोषणा की है। ये कार्यक्रम अगले एक वर्ष तक पांच चरणों में आयोजित किए जायेंगे। श्री मोदी ने आजादी से लेकर अब तक वंदे मातरम की देश निर्माण में महत्वपूर्ण यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वंदे मातरम से जुड़ा एक और विषय है जिसकी चर्चा करना उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा" आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को प्रकाशित किया था। लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को ,उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। वंदे मातरम को तोड़ दिया गया था । उसके टुकडे किये गये थे। वंदे मातरम के इस विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बो दिये थे। राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ यह अन्याय क्यों हुआ । ये आज की पीढी को भी जानना जरूरी है क्योंकि वही विभाजनकारी सोच विभाजनकारी सोच देश के लिए आज भी चुनौती बनी हुई है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि हम सब को मिलकर इस सदी को भारत की सदी बनाना है। उन्होंने कहा, "यह सामर्थ्य भारत में है। हमें इसके लिए खुद पर विश्ववास रना है।" उन्होंने नकारात्मक सोच वाले लोगों से सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि इनकी शंका पैदा करने की कोशिश को नाकाम करना होगा। उन्होंने कहा कि नकारात्मक सोच वाले लोग शंका पैदा करने की कोशिश करेंगे । इस सोच से निपटने के लिए हमें आनंदमठ के प्रकरण को ध्यान में रखकर कदम उठाना होगा। उन्होंने कहा, "भारत माता की 140 करोड संतान और उनकी 280 करोड भुजाएं हैं।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष: प्रधानमंत्री ने डाक टिकट और सिक्का जारी किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक साल तक मनाए जाने वाले स्मरणोत्सव की शुक्रवार को शुरूआत की। मोदी ने इस अवसर पर यहां इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। यह कार्यक्रम सात नवंबर 2025 से सात नवंबर 2026 तक मनाए जाने वाले एक साल के राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव की औपचारिक शुरूआत है। इस स्मरणोत्सव में उस कालजयी रचना के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया और राष्ट्रीय गौरव एवं एकता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। बंकिम चंद्र चटर्जी ने सात नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना की थी। वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में चटर्जी के उपन्यास आनंदमठ के एक भाग के रूप में प्रकाशित हुआ था।

## वंदे मातरम देश की एकता का उद्घोष बना हुआ है : राष्ट्रपति मुर्मू

उत्तम भारत संवाददाता



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम देश के लोगों की भावनात्मक चेतना और एकता का प्रतीक है। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस गीत के 150 वर्ष पूरे होने के गौरवशाली अवसर पर हम सभी देशवासी यह दृढ़ संकल्प लें कि हम भारत माता को इस गीत की भावना के अनुरूप सुजला, सुफला और सुखदा बनाए रखेंगे। वंदे मातरम। राष्ट्रपति ने यह भी याद किया कि 19वीं सदी में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि में वंदे मातरम गीत की रचना की थी जो 1905 के स्वदेशी आंदोलन के समय से जन-जन का प्रेरणा स्रोत बन गया। उन्होंने कहा, तब से ही भारत माता की वंदना का यह गीत हमारे देशवासियों की भावनात्मक चेतना और एकता का उद्घोष बना हुआ है और बना रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता के बाद देश ने राष्ट्र गीत के रूप में इसे सादर अपनाया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस वर्ष सात नवंबर को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है, जिसका अर्थ है मां, मैं तुम्हें नमन करता हूं। यह रचना, एक चिरस्थायी गान, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निमार्ताओं की अनगिनत पीढ़ियों को प्रेरित करती रही है और भारत की राष्ट्रीय पहचान और सामूहिक भावना का एक स्थायी प्रतीक बनी हुई है। वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में सात नवंबर 1875 को प्रकाशित हुआ था और इसे रवींद्रनाथ टैगोर ने संगीतबद्ध किया था।

## वंदे मातरम एक शाश्वत गान: उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने वंदे मातरम को एक शाश्वत गान बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और यह पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर, मैं अपने पूजनीय राष्ट्र गीत झ्र एक शाश्वत गान को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा सात नवंबर, 1875 को अक्षय नवमी के अवसर पर रचित वंदे मातरम मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक बनाता है। राधाकृष्णन ने याद किया, यह गीत भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में उभरा, जिसने पूरे देश में देशभक्ति की भावना को फिर से जगाया और सभी क्षेत्रों, भाषाओं और धर्मों के लोगों को भक्ति और साहस के एक स्वर में एकजुट किया।

## फर्जी बैंक गारंटी घोटाले में ईडी की तीसरी गिरफ्तारी

**इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसईसीआई को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ**

**नई दिल्ली।** धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को फर्जी बैंक गारंटी मामले में तीसरी गिरफ्तारी की। अमर नाथ दत्ता नामक आरोपी को गिरफ्तार कर नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-04 ने उन्हें 10 नवंबर तक चार दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। पूरा मामला रिलायंस पावर लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड से जुड़ा है। इसने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को 768 करोड़ रुपए से अधिक की जाली बैंक गारंटी (बीजी), फर्जी समर्थन और स्ट्रक्चर फाइनेंस मेसेजिंग सिस्टम (एसएफएमएस) पुष्टिकरण जमा कराए थे। इससे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसईसीआई को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ। ईडी की जांच के अनुसार, यह धोखाधड़ी टेंडर प्रक्रिया को प्रभावित करने और जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से की गई। मामले में कुल तीन एफआईआर दर्ज हैं, जिनमें दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में एसईसीआई द्वारा दर्ज शिकायत प्रमुख है। एसईसीआई नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधीन एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपक्रम है, जो सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए टेंडर जारी करता है।

## मनुस्मृति नहीं लागू होने देंगे, चाहे जान चली जाए: खरगे

**उत्तम भारत संवाददाता, सासाराम (बिहार)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश में मनुस्मृति को लागू करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि यह नहीं होने दिया जाएगा, चाहे जान क्यों न चली जाए। उन्होंने रोहतास के चेनारी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि महागठबंधन की तरफ से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया गया ताकि पलायन खत्म हो और बेरोजगारी कम हो। खरगे ने कहा, मोदी जी ने कहा कि कनपटी पर कट्टा रखकर राजद ने मुख्यमंत्री का पद ले लिया। जबकि सच्चाई ये है कि चोर तो यही लोग हैं और वोट चोरी करते हैं। उनका कहना था, नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 15-15 लाख रुपये खाते में भेजूंगा, हर साल दो



करोड़ नौकरियां दूंगा, किसानों को एमएसपी की गारंटी दूंगा, गरीबों को पक्का मकान बना के दूंगा और महिलाओं को फ्री में गैस सिलेंडर दूंगा। ये वादे किए, जमीन पर कुछ नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सिर्फ झूठ पर झूठ बोलते हैं। खरगे ने कहा, वह (नरेन्द्र मोदी) मनुस्मृति को सामने रखकर उसके तहत समाज को चलाना चाहते हैं। जिसे आंबेडकर ने जलाया, उस मनुस्मृति को ये वापस लाना चाहते हैं-यह नहीं चलेगा, चाहे हमारी जान चली जाए।

## आजादी के मंत्र को बढ़ाने और भारत को नई दिशा देने में सफल हुआ वंदे मातरम गीत: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं**



**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। आजादी के आंदोलन का मंत्र बने वन्दे मातरम्के 150 वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी ने इस दिवस को स्मृति दिवस के रूप में आयोजित करने के लिए देशवासियों को नई प्रेरणा दी। सीएम ने कहा कि वन्दे मातरम भारत की आजादी का अमर मंत्र बन गया था। उस दौरान विदेशी हुकूमत के द्वारा दी जाने वाली अनेक यातनाओं, प्रताड़नाओं की परवाह किए बिना भारत का हर नागरिक (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी) वन्दे मातरम् गीत के साथ गांव, नगर, प्रभातफेरी के माध्यम से भारत की सामूहिक चेतना के जागरण के अभियान से जुड़ चुका था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। इस दौरान राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ और स्वदेशी का संकल्प भी लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। लोकभवन में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा। सीएम योगी ने 100 वर्ष पूर्व देश के अंदर आई महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत की आबादी कुल 30 करोड़ थी और इस महामारी से मरने वालों की संख्या भी करोड़ों में थी। गांव के गांव साफ हो गए थे। स्वतंत्र भारत में कोविड जैसी महामारी का संक्रमण भी दुनिया ने झेला है। इस महामारी के दौरान शासन-प्रशासन हो या अल्पवेतन भोगी, जान की परवाह किए बिना सभी के मन में एक ही भाव था कि इसे नियंत्रित करना है और इसके समाधान का रास्ता निकालना है। सीएम योगी ने कहा कि भारत और भारतीयता, नागरिकों के बारे में संवेदनशील तरीके से वह नेतृत्व ही सोच सकता है जो उस भावना से ओतप्रोत हो। सीएम योगी ने कहा कि 1875 में रचा गया यह गीत केवल आजादी का ही गीत नहीं रहा, बल्कि देश के अंदर आजादी के मंत्र को बढ़ाने में भी सफल हुआ। वन्दे मातरम गीत संस्कृत व बांग्ला की सामूहिक अभिव्यक्ति को भले ही प्रदर्शित करता हो, लेकिन यह संपूर्ण भारत को राष्ट्र माता के भाव के साथ जोड़ने का अमर गीत बन गया। इसने भारत की शाश्वत अभिव्यक्ति को देशवासियों के सामने प्रस्तुत किया था। सीएम ने कहा कि जब विदेशी हुकूमत ने 1905 में बंग-भंग के माध्यम से भारत की भुजाओं को काटने का दुस्साहिक निर्णय लिया था, उस समय भी इस गीत ने पूरे भारतवासियों को एकजुट होकर प्रतिकार करने की प्रेरणा दी। उसके बाद के कालखंड में जब भी किसी क्रांतिकारी ने फांसी के फंदे को चूमा, तब उसके मुख से वंदे मातरम्मंत्र ही निकलता रहा। सीएम योगी ने कहा कि भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान भी जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने कोई स्लोगन, फ्लैग दिया तो वन्दे मातरम् उसका स्वर बना।


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

P-02:28 paga09_jhn.qxd 11/7/2025 9:34 PM Page 1



# ऐतिहासिक गंगा मेला में नगर पालिका अमरोहा ने निभाई अहम भूमिका

*** ईओ बृजेश कुमार के नेतृत्व में सफाई से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक दिखा बेहतरीन प्रबंधन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** ऐतिहासिक एवं आस्था से परिपूर्ण गंगा मेला इस वर्ष भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन की सफलता में नगर पालिका परिषद अमरोहा की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। अधिशासी अधिकारी (ईओ) बृजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने सफाई, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में उत्कृष्ट समन्वय प्रदर्शित किया। श्रद्धालुओं से लेकर अधिकारियों तक, सभी ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। गंगा मेला के दौरान नगर पालिका ने मेला क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान भी चलाया। श्रद्धालुओं के आगमन से पहले ही घाटों, सड़कों और पार्किंग स्थलों की साफ-सफाई कराई गई। मेला पूजन से लेकर मुख्य स्नान तक सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी



गई। सफाई कर्मचारियों की विशेष टीमों को घाटों और मार्गों पर चौबीसों घंटे तैनात रखा गया, जिससे गंदगी या कूड़े का कोई अंबार न लगे। इसके साथ ही कूड़ा निस्तारण और डिस्पोजल सिस्टम को भी बेहतर तरीके से संचालित किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर पालिका ने अस्थायी शौचालयों एवं चेंजिंग रूम्स की समुचित व्यवस्था की, जिनकी नियमित सफाई और रखरखाव भी सुनिश्चित किया गया। महिलाओं एवं बच्चों के लिए अलग-अलग चेंजिंग जोन बनाकर मेला क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया गया। इसके अलावा, पीने के पानी की उपलब्धता और विद्युत व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ईओ बृजेश कुमार ने बताया कि मेला क्षेत्र में स्वच्छता ही सर्वोपरि प्राथमिकता रही। उन्होंने कहा, 'गंगा मेला हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत कर यह सुनिश्चित किया कि कोई भी श्रद्धालु असुविधा महसूस न करे।' सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी नगर पालिका की भूमिका उल्लेखनीय रही। मंच पर स्थानीय और बाहरी कलाकारों ने लोक नृत्य, भजन, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मेला वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिला, वहीं दर्शकों ने पारंपरिक लोकसंस्कृति से जुड़ी शानदार प्रस्तुतियों का आनंद लिया। नगर पालिका द्वारा सजावट और प्रकाश व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। घाटों व मेला परिसर को रंगीन लाइटों और फूलों से सजाया गया। जिससे पूरा क्षेत्र रात्रि में भी आलोकित दिखाई दिया। मेला में शामिल हुए श्रद्धालुओं ने नगर पालिका की व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि इस बार की व्यवस्थाएँ पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर और सुव्यवस्थित रहीं। अधिकारी वर्ग ने भी नगर पालिका अमरोहा की सक्रियता और तत्परता को उदाहरणीय बताया। अंत में, मेला संपन्न होने के बाद नगर पालिका ने पुनः पोस्ट-क्लीनिंग ड्राइव चलाकर पूरे क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित की, जिससे किसी भी प्रकार की गंदगी या अपशिष्ट न रह सके। नगर पालिका अमरोहा के अधिशासी अधिकारी बृजेश कुमार, सफाई निरीक्षकों, कर्मचारियों और पूरी टीम की मेहनत के परिणामस्वरूप ऐतिहासिक गंगा मेला इस वर्ष पूर्ण स्वच्छता, अनुशासन और सौहार्द के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कहा जा सकता है कि इस बार का गंगा मेला न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि स्वच्छता और उत्कृष्ट प्रबंधन का भी बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर गया।

# भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया शताब्दी कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बहजोई में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला खेल कार्यालय, सम्भल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एस.डी.एम. न्यायिक सम्भल वंदना मिश्र रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलों का संतुलन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बहजोई नगर पालिका के चेयरमैन राजेश शंकर राजू, प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी गुरु अर्जुन सिंह, तथा विद्यालय




के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विद्यालय की कोऑर्डिनेटर साधना गुप्ता, जूडो कोच एकांश गुप्ता, गोविंद वशिष्ठ, फुटबॉल कोच नादिर राजा, शूटिंग कोच मयंक कुमार, एथलेटिक्स कोच नकुल, एवं अन्य खेल प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में खेल अधिकारी श्रीमती प्रमिला भारती ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में मेजर ध्यानचंद टीम, बहजोई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुण्डे पहुंचे सम्भल

*** कार्यकर्ताओं से की मंत्रणा, जनता की समस्याओं को सुनकर बस्तियों का किया निरीक्षण**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग उ0 प्र0 सरकार के सदस्य शुक्रवार को सम्भल पहुंचे जहां उनका अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार स्वागत किया। कई स्थानो का उनके द्वारा निरीक्षण किया गया और कार्यकर्ताओं के साथ मत्रणा की गई। शुक्रवार को अपना दल एस के जिला अध्यक्ष जवेद अशरफ के नेतृत्व मे पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग उ0 प्र0 सरकार के सदस्य रमेश चन्द्र कुण्डे का सम्भल पहुंचे पर ज़ोरदार स्वागत किया। इसके बाद रमेश चन्द्र कुण्डे ने सरायतरीन आदि बस्तियों मे निरीक्षण करते हुए सरकार के कार्यो, योजनाओं के विषय पर जानकारी करते हुए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण भवन मे भी वह अधिकारियो से मिले और कार्यकर्ताओं से मिले। मीडिया से मुखातिब होते हुए



रमेश चन्द्र कुण्डे ने कहा कि देश मे रहने वाले हर हिन्दु, मुस्लिम सिख, इसाई सबकी पार्टी है। हमारी पार्टी सबकी भागीदारी की बात करती है और हर गरीब कमज़ोर तबके के साथ खड़ी है। हमारे जिलाध्यक्ष जावेद अशरफने संगठन को सींचा हैं। हमारा मकसद सत्ता तक पहुंचाना ही सबकुछ नहीं हैं, बल्कि सत्ता तक पहुंचकर सामाजिक व्यवस्था को सही करना है। 2027 के विधानसभा चुनाव मे अपना दल एस के भाजपा से गठबंधन के चलते सम्भल से चुनाव लड़ने पर कहा कि पार्टी का उद्देश्य और प्रयास है 75 जिलो मे 75 विधायक बनाना है। राहुल गांधी के वोट चोरो के आरोपों पर कहा कि उनका बचा कया है जब उनके पास सत्ता थी क्या किया अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को खाने को नहीं मिला, सर छुपाने को छत नहीं मिली। जबसे एनडीए की सरकार बनी और प्रदेश मे भाजपा की हमने अपने समाज दलित, पिछड़े या मुस्लिम किसी को कोई परेशानी नहीं हुई सबके हित का ख्याल रखा। उ0 प्र0 मे बहुत कुछ परिवर्तन हुआ है एनडीए पर विश्वास बड़ा है हम भाजपा के साथ रहते हुए हर समाज के मान सम्मान के लिए कोई सम्मान नहीं किया और सड़क से संसद तक अपनी बात कहती हैं। बिहार मे एनडीए चुनाव लड़ रही है कोई नुकसान नहीं है सरकार बन रही है।

# पुलिस ने आत्मा रक्षा और हेल्पलाईन नम्बरों के इस्तेमाल के लिए किया महिलाओं को जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भलकृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा



अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# राजकीय महाविद्यालय मे किया गया 150 वर्ष पूर्ण होने पर वन्दे मातरम् का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** राजकीय महाविद्यालय, सम्भल में प्राचार्य डॉ. राष्ट्रवर्धन के नेतृत्व में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संवेत स्वर में वंदे मातरम् गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार ने वंदे मातरम् गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा स्त्रोत था। 1896 में प्रथम बार इसे रंवींद्रनाथ टैगोर द्वारा कांग्रेस के अधिवेशन में गाया गया था। इसके बाद यह राष्ट्रीय आन्दोलन का मुख्य नारा बन गया। डॉ0 तनुज कुमार ने बताया कि 24 जनवरी 1950 को वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गीत का दर्जा प्रदान किया गया, यह गीत हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रेरणा स्त्रोत है। प्राचार्य डॉ. राष्ट्रवर्धन ने अपने सम्बोधन में कहा कि वंदे मातरम् गीत मातृ भूमि के प्रति समर्पण एवं लगाव का प्रतीक है। यह धर्म, नस्ल, सम्प्रदाय की सीमाओं से आगे बढ़कर सभी भरतीयों को अपनी मातृभूमि से प्रेम करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र / छात्राऐं उपस्थित रहे एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से, डॉ0 जीत सिंह, मौ0 ऐजाज, उन्नति उपस्थित रहे।

# भाजपा की कार्यशाला मे मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य मे जुटने के दिए गए टिप्स

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय एकता विहार कालोनी, सम्भल पर मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर संभल विधानसभा की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत भारतमाता, दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।




कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हेमंत राजपूत उपस्थित रहे। जिला संयोजक योगेन्द्र त्यागी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को गलत वोट कटवाने एवं सही वोट बनवाने पर ध्यान देना होगा कोई भी वोट बनने से नहीं रहना चाहिए पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा जी ने कहा कि अन्य प्रदेशों के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर हो रहा हैं जिसमें सभी वैध मतदाता ही वोटर लिस्ट में रहेंगे जिनके वोट 2 जगह है वह अब ठीक होकर 1 ही स्थान पर वोट रहेगा उन्होंने एसआईआर के विषय में विस्तार से बताया मुख्य अतिथि हेमंत राजपूत जी ने कहा कि एसआईआर एक समयबद घर घर जाकर मतदाता सत्यापन करने की प्रक्रिया है जिसे मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी द्वारा मतदाता सूचियों को अध्तन और सही करने हेतु किया जाता है इसके अंतर्गत नई प्रविस्टयां करने, विलोपन करने और संशोधन करने की अनुमति देकर मतदाता सूचि को सटीक, समावेशी तथा त्रुटि रहित बनाया जाता है चुनाव आयोग द्वारा एक बेस रोल 2003 की मतदाता सूची ईसीआई पर अपलोड की गई है जहां से कोई भी ऑनलाइन अपने नाम का मिलान कर सकता है। कार्यशाला में संचालन प्रभात शर्मा जिला उपाध्यक्ष एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने की। कार्यशाला में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोविंद, राजेश सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा, जिला संयोजक योगेन्द्र त्यागी, जयप्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, मुकुल कुमार रस्तोगी, प्रभात शर्मा, सौरभ गुप्ता, सुरेश अटल, संजय शंखधार, सोनू चहल, रिप्लि चौधरी, हिमांशु कश्यप, मंडल अध्यक्ष कशिश कौशल, हरीश लोधी, राजबहादुर पासी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने किया परेड का निरीक्षण




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर साप्ताहिक परेड की सलामी ली। एसएसपी द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों, प्रशिक्षुओं के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षुओं में शारीरिक दक्षता विकसित करने के लिए दौड़ लगवाई गई तथा एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई गई। उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड ग्राउंड पर पीआरवी के वाहनों व उपकरणों का निरीक्षण किया गया। परेड में विभिन्न थानों, कार्यालयों, शाखाओं एवं पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। पुलिस लाइन परिसर व भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया एवं आदेश कक्ष पर समस्त गार्द कमांडर के रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा सर्व सम्बन्धित को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने तथा कर्तव्य निष्ठा पूर्वक ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गये।

# वन्दे मातरम् गीत, देश की एकता एवं स्वाभिमान का प्रतीक- मुख्य विकास अधिकारी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** लोक भवन सभागार लखनऊ में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ संपन्न। लखनऊ में राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'वंदे मातरम' के सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी सम्मिलित हुए।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मथुरा के राजीव भवन सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देखा गया। शासन द्वारा प्रसारित किये जा रहे कार्यकम 'वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा सहित अन्य द्वारा देखा गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि श्री बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' गीत साहित्यिक पत्रिका 'बंग दर्शन में उनके उपन्यास 'आनन्दमठ' के धारावाहिक प्रकाशन के एक भाग के रूप में प्रकाशित हुआ



था, जो हमारे देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवर्तन के इतिहास की चेतना बन कर हमारे हृदय पटल पर अंकित है। यह भारत की एकता एंव स्वाभिमान की जागृत भावना की काव्यात्मक अभिव्यक्ति के साथ-साथ मातृभूमि और दिव्यता का प्रतीक है। 24 जनवरी 1950 को 'भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे राष्ट्रीय गीत के अंगीकृत किये जाने और इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के सफर को जिला, विकास खण्ड, विद्यालय, तहसीलें एवं ग्राम पंचायतों मे उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। इसमे विभिन्न संस्थाओं में सेमिनार, संगोष्ठी परिचर्चा एवं संभाषण का आयोजन किया जाएगा। 'वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष के अवसर का भव्यतापूर्ण आयोजन शुभारम्भ सप्ताह 07 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 से लेकर दिनांक 07 नवम्बर 2026 तक चार चरणों मे 1 वर्ष तक चलेगा।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलक्ट्रेट सभागार में किया आयोजन

*** बच्चे भारत को 2047 में विकसित बनाने के लिए प्रत्येक मिनट का करें सदुपयोगः मुख्य विकास अधिकारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ( बंकिमचन्द्र चटर्जी) द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू के प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह



तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं सभी के द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया। सभागार में कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह द्वारा जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी का पुष्प देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिला विकास अधिकारी ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास के विषय में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत सांस्कृतिक विरासत की धरोहर है।

इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार



*** ढकेल चालक को पीटने वाले दो गिरफ्तार**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस द्वारा कस्बा कोसी में अम्बेडकर मूर्ति के पास फल की ढकेल लगाने वाले दुकानदार के साथ मारपीट करने वाले 02 लोगों को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि शालीमार कट से हाईवे को जाने वाले रास्ते पर नरसी विलेज कालौनी से पहले पडने वाली गली से करीब 30 कदम पहले गौरव उर्फ गौरी पुत्र प्रकाश निवासी कमलानगर थाना कोसीकलां, टिंकू उर्फ मोहनश्याम पुत्र लालाराम निवासी निवासी कमलानगर हैं। इनके पास से दो अवैध तमंचे और करातूस मिले हैं। पुलिस ने बताया कि 6 अक्टूबर की रात फलकी ढकेल लगाने वाले दुकानदार से इन्होंने मारपीट की थी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण पूर्व में भी कस्बा कोसीकलां के प्राइवेट स्कूल की अध्यापिका के साथ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने की घटना कारित कर चुके हैं।

# संस्कृति विवि में वक्ताओं ने कहा, महिलाएं होंगी स्वस्थ तो देश होगा सशक्त




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत संस्कृति स्कूल आफ योग एंड नेचरोपैथी द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय था, 'स्वस्थ महिला, सशक्त देश'। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज देश की उन्नति में महिलाओं की बराबर से भागीदारी है। महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो सशक्त होंगी और महिलाएं सशक्त होंगी तो देश भी मजबूती से आगे बढ़ेगा।

बताते चलें कि मिशन शक्ति अभियान एक विशेष योजना है जो महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई है। यह अभियान महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज में समान भागीदार बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर केंद्रित है। सरकार की इसी योजना के तहत संस्कृति विश्वविद्यालय में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। संस्कृति विश्वविद्यालय के सभागार में 'स्वस्थ महिला, सशक्त देश' विषय पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महेश्वरी हास्पिटल मथुरा की निदेशक डा. अनुराधा महेश्वरी ने कहा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास की ओर हमें ध्यान देना होगा। विशेष रूप से महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

डा. महेश्वरी ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप किसी भी समस्या से विचलित न हों। हो सकता है कि जो समस्या आपको बड़ी लग रही हो और जिसके कारण आप दबाव या निराशा महसूस कर रहे हैं वह उतनी बड़ी न हो। आपको इसका एहसास तब हो जाएगा जब आप अपनी समस्या को अपने परिवारीजन, काउंसलर या फिर अपने शिक्षकों से शेयर करेंगे। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय में पूरा एक सिस्टम होना चाहिए जो समय समय पर विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर उनकी समस्याओं का निराकरण करे। उन्होंने कहा कि युवतियों की स्वावलंबी बनने की शुरुआत घर से होती है। समाज में परिवर्तन आ रहा है लड़कियों पर भी अब उतना ही ध्यान दिया जा रहा है जितना लड़कों पर। देश के विकास के लिए महिलाओं का स्वस्थ और स्वावलंबी होना जरूरी है।

इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का भी संतुष्टिपूर्ण जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति स्कूल आफ योग एंड नेचरोपैथी की विभागाध्यक्ष डा. तनुश्री ने छात्राओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में मौजूद छात्र कल्याण विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को स्वस्थ और अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजिका डा. रीना रानी ने अतिथि वक्ता डा. अनुराधा महेश्वरी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्रा काजल जायसवाल ने किया।

# अखिल भारतीय समता फाउंडेशन व महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति ने किया पैदल मार्च एवं प्रदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन व महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति मथुरा के संयुक्त तत्वाधान में संजय बीडीसी के नेतृत्व में राजकीय छात्रावास मथुरा से जिलाधिकारी मथुरा कार्यालय तक पैदल मार्च एवं प्रदर्शन कर प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था बहन बेटियों अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज के ऊपर हो रहे। जातिगत एवं सांप्रदायिक जानलेवा, हमले, बलात्कार, शोषण के खिलाफ पांच सूत्रीय ज्ञापन श्रीमती उषा, उप जिलाधिकारी अतिरिक्त प्रभार मथुरा को राज्यपाल महोदय के नाम सरकार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर सौंपा। पैदल मार्च प्रदर्शन के दौरान प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं अनुसूचित जाति की महिलाओं, बहन बेटियों, मासूम युवाओं पर हुए जाति आधारित हमले में दोषी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर तथा घटनाओं पर रोक लगाने की मांग करते हुए रमेश सैनी व अजय सनवाल ने संयुक्त रूप से प्रदेश की कानून व्यवस्था को जंगल राज की संज्ञा देते हुए निंदा की और राज्यपाल से सरकार को बर्खास्त करने की मांग प्रदर्शन के दौरान योगी सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आक्रोशित स्वर में लुकेश कुमार राही ने मथुरा जनपद में हो रहे। युवाओ पर जानलेवा हमले एवं 9 वर्षीय मासूम बालिका को न्याय दिलाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार में बैठे लोग बहन बेटियों पर अत्याचार नहीं रोक पा रहे, उत्तर प्रदेश सरकार जातीय पूर्वाग्रह से ग्रसित अपराधियों को प्रोत्साहित कर रही है। प्रोत्साहित कर संरक्षित कर रही है वह संविधान को ताक पर रखकर कार्य कर रही है जिसकी कारण शब्दों में निंदा करते हैं।

# सार्वजनिक स्थानों और हाईवे से आवारा पशुओं को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जारी किए निर्देश

● पीठ ने टिप्पणी की, लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि भी खराब होती है। हम समाचार रिपोर्ट भी पढ़ रहे हैं।

**निशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मामले में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से बचाने और राजमार्गों से आवारा मवेशियों व अन्य जानवरों को हटाने के लिए कई निर्देश जारी किए। देश भर में आवारा कुत्तों के प्रबंधन मामले पर स्वतः संज्ञान मामले न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आदेश दिया कि आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर उचित बाड़ लगाई जाए। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्थानीय निकायों को ऐसे परिसरों की नियमित तौर पर निगरानी करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम, 2023 के तहत अनिवार्य टीकाकरण और नसबंदी के बाद जानवरों को निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि इन सार्वजनिक



स्थानों से हटाए गए कुत्तों को उसी स्थान पर वापस नहीं लाया जाना चाहिए। साथ ही, कोर्ट ने समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राजमार्गों से आवारा पशुओं और अन्य जानवरों को तुरंत हटाने का भी आदेश दिया। पीठ ने कहा कि ऐसे जानवरों को बिना किसी देरी के निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। अन्यथा, अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। साथ ही, निर्देशों को लागू करने के लिए अपनाई गई व्यवस्थाओं के लिए आठ हफ्तों के अंदर अनुपालन स्थिति रिपोर्ट (कंप्लायंस स्टेटस रिपोर्ट) मांगी। इससे पहले, सर्वोच्च न्यायालय ने एबीसी नियमों के क्रियान्वयन में खामियों को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से रिपोर्ट मांगी थी। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। पीठ इस बात पर जोर दे रही है कि आवारा पशुओं से जुड़ी कई घटनाएं न केवल जन सुरक्षा से समझौता करती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को भी खराब करती हैं।

# वंदे मातरम हर भारतीय को मातृभूमि की भावना से जोड़ता है : विजेंद्र गुप्ता

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** वंदे मातरम एक ऐसा कालजयी राष्ट्रगीत है जो प्रत्येक भारतीय को मातृभूमि की भावना से जोड़ता है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने ह्ववंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा में वंदे मातरम् की पूर्ण रचना अंकित स्मृति पट्टिका का अनावरण किया गया और दिल्ली विधानसभा भवन को तिरंगे के रंगों से आलोकित किया गया, जो भारत की एकता और गौरव का प्रतीक है। इस दौरान कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक संजय गोयल, करनैल सिंह, डॉ. अनिल गोयल और चंदन कुमार चौधरी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली



विधानसभा में स्थापित वंदे मातरम की स्मृति पट्टिका आने वाले प्रत्येक आगंतुक को इस अमर गीत की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका और इसकी प्रेरक शक्ति की याद दिलाएगी। उन्होंने बताया कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर, 1875 (आश्विन नवमी) के दिन इस गीत की रचना की थी, जब वे ब्रिटिश शासन की यातनाओं और अपमान से व्यथित थे। बाद में यह गीत आनंदमठ (1882) उपन्यास में शामिल हुआ, जिसमें साधुओं ने देशभक्ति के धर्म का परिचय दिया। तीन रूपों में प्रस्तुत भारत माता – देवी स्वरूप, पीड़ित स्वरूप, और पुनरुत्थान की प्रतीक – भारत की दासता से पुनर्जागरण तक की यात्रा को दर्शाती हैं। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वंदे मातरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम का घोष बन गया, जिसे सर्वप्रथम 1896 के कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ ठाकुर ने गाया। 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय यह गीत समूचे देश में गूंज उठा। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की भारत माता की जय की पुकार से लेकर मदाम भीकाजी कामा द्वारा बर्लिन में लहराए गए तिरंगे पर अंकित वंदे मातरम तक - यह गीत हर देशभक्त के हृदय की प्रेरणा रहा है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् किसी राजनीति, धर्म या क्षेत्र का नहीं बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों की एकता, गौरव और भावना का प्रतीक है।

# दिल्ली नगर निगम में 'स्कूल चले हम' अभियान और वेब ऐप लॉन्च

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को केदारनाथ साहनी सभागार, सिविक सेंटर में एक भव्य समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और महापौर राजा इकबाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'स्कूल चले हम' अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर एमसीडी स्कूल वेब ऐप का भी लॉन्च किया गया, जो सरकारी स्कूलों की शिक्षा प्रणाली को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली नगर निगम ने बच्चों, अभिभावकों और अधिकारियों के लिए डिजिटल क्रांति एमसीडी ने वेब ऐप के माध्यम से अपने 1,514 स्कूलों में पैसे से 15 स्कूलों के लिए शुरूआत में डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जो जल्द ही पूरे नेटवर्क पर विस्तारित होगा। यह ऐप शिक्षा को मजेदार और सुलभ बनाने पर केंद्रित है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक एवं सुलभ बनाने की दिशा में स्कूल वेब ऐप



का शुभारंभ किया गया, जिससे अब विद्यार्थियों को टाइम टेबल, होमवर्क, नोटस, एसाइमेंट, उपस्थिति और परीक्षा प्रमाण जैसी सुविधाएं एक ही मंच पर आसानी से उपलब्ध होंगी। सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाने का कार्य तेजी से हो रहा है। आने वाले तीन-चार वर्षों में एआई के माध्यम से शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पैसे की कमी के बावजूद एमसीडी बेहतर कार्य कर रही है। आशीष सूद ने कहा कि वेब ऐप के विस्तार के साथ-साथ स्कूलों में एआई-आधारित शिक्षण उपकरणों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्रदान करेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह समारोह न केवल देशभक्ति की भावना को जगाता है, बल्कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों को डिजिटल युग के अनुरूप ढालने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होता है। उन्होंने कहा कि एमसीडी ने सभी स्कूलों में इस अभियान को लागू करने का लक्ष्य रखा है, ताकि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार बने। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि वंदे मातरम भारत माता के प्रति समर्पण की भावना प्रकट करता है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा स्रोत रहा और आज भी हमें एकजुट करता है। उन्होंने सरदार पटेल की प्रशंसा करते हुए उनकी एकता और नेतृत्व की अच्छाइयों को गिनाया तथा एमसीडी स्कूलों में बेहतर के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। विशेष अतिथि के रूप में उप-महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा और निगमायुक्त अश्वनी कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन का किया आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर 198 विधायक रवि नेगी के वार्ड में दिल्ली नगर निगम दक्षिणी क्षेत्र के मलेरिया विभाग के कर्मचारियों ने वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक रवि नेगी के वार्ड 198 वेस्ट विनोद नगर दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय हांडा, कीट विशेषज्ञ डॉ शालिनी कोहली,




एसएमआई अशोक पारचा, मलेरिया निरीक्षक संजीव कौशिक के दिशा निर्देश से सभी ने प्रधानमंत्री के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते हुए राष्ट्रप्रेम, एकता और गौरव का संदेश दिया। इस अवसर पर मेघराज सिंह एमटीएस चेकर, सचिन शर्मा, वृजपाल सिंह एमटीएस चेकर, सविंदर गौतम, ओम प्रकाश, धीरज सिंह, कमल सिंह, रामनिवास, करतार सिंह, कमलेश देवी सहित सभी समस्त स्टाफ के साथ वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन कार्यक्रम में शामिल हुए।

# कमला नेहरू कॉलेज में हुआ तीन दिवसीय वार्षिक युवा संवाद विमर्श-2025 का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** युवा संगठन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक युवा संवाद विमर्श 2025 का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कमला नेहरू कॉलेज में हुआ। इस वर्ष का विषय संविधानः भारत की आत्मा रखा गया है, जिसके तहत युवा, शिक्षाविद् और विचारक संविधान के मूल्यों और उसकी जीवंत भावना पर गहन चिंतन कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत दक्षिण भारत के पारंपरिक नृत्य से हुई, जिसने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। इसके बाद महाराष्ट्र के लोकनृत्य की जोरदार प्रस्तुति ने सभागार को उत्साह और उल्लास से भर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद प्री-विमर्श प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। उद्घाटन सत्र की शुरूआत कविंदर तालियान ने की। उन्होंने युवा संगठन के उद्देश्य और यात्रा का परिचय देते हुए कहा कि जैसी दिशा युवाओं को




मिलेगी, वैसी ही देश की दशा होगी। इस दौरान कैंपस क्रॉनिकल की वार्षिक पत्रिका संविधानः द सोल ऑफ भारत का लोकार्पण भी हुआ। विशिष्ट अतिथि डीएसईयू कुलपति प्रो. अशोक कुमार नागावत ने संविधान की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और युवाओं से इसे जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कॉलेज प्राचार्या प्रो. डॉ. पवित्रा भारद्वाज ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे देश की आत्मा है। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बालाराम पाणी ने विमर्श जैसे मंच की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं को विचारशील और जिम्मेदार नागरिक बनाने में मदद करता है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व न्यायधीश न्यायमूर्ति ए.के. गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का संविधान विश्व के सबसे जीवंत संविधानों में से एक है, जिसमें शासन का ढांचा ही नहीं, जीवन का दर्शन भी निहित है। उन्होंने युवाओं से संवैधानिक मूल्यों को आचरण का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विमर्श 2025 युवाओं के विचारों का संगम है, जो भारत के भविष्य की दिशा तय करेगा।

# डेंगू, मलेरिया से बचाने के लिए घरों में चेकिंग अभियान चलाया

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** विधायक रवि नेगी के वार्ड 198 वेस्ट विनोद नगर दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय हांडा, कीट विशेषज्ञ डॉ शालिनी कोहली, एसएमआई अशोक पारचा, मलेरिया निरीक्षक संजीव कौशिक के दिशा निर्देश से डेंगू, मलेरिया से बचने के लिए घरों में चेकिंग अभियान चलाया गया। मेघराज सिंह एमटीएस चेकर ने ए ब्लॉक गली नंबर 11 में डेंगू जागरूकता और जांच अभियान चलाया। मेघराज



सिंह एमटीएस चेकर ने कहा कि सभी भाई बहनों को चार-पांच दिन का रुका हुआ पानी जैसे फ्रिज ट्रे मनी प्लांट बोतलों में न रहने दें। पानी पक्षियों का बर्तन पानी वाले पौधे के नीचे प्लास्टिक की प्लेट में रुके हुए पानी को प्रत्येक दिन बदलेंगे और अपील की जागरूक रहे औरों को भी जागरूक करें अभी भी मच्छर की उत्पत्ति पाई जा रही है इसीलिए आपका सहयोग आपकी जागरूकता से ही हम डेंगू मलेरिया मच्छरों से होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव कर सकते हैं अपील कर रहा है दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र।

# एमसीडी स्थायी समिति बैठक के मिनट्स में देरी को लेकर अंकुश नारंग ने निगम सचिव को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की 20 अगस्त को हुई महत्वपूर्ण बैठक के मिनट्स अब तक पार्षदों और अधिकारियों के बीच सकुर्लेट नहीं किए गए हैं। इस देरी को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता और दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने निगम सचिव शिव प्रसाद को पत्र लिखा है, जिसमें बैठक के मिनट्स को तत्काल सभी संबंधित पक्षों तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया है। नारंग का कहना है कि इससे जनता से जुड़े निर्णयों की जानकारी समय पर उपलब्ध हो सकेगी और निगम का कामकाज सुचारू रूप से चलेगा। पत्र में बताया गया है कि 20 अगस्त की बैठक में 2 अंडरहिल रोड प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई, जहां इसे प्रारंभ में मंजूरी दी गई, लेकिन बाद में कुछ विचार-विमर्श के बाद अस्वीकृत कर दिया गया। इस निर्णय के पीछे स्थायी समिति की सदस्यों के बीच विभिन्न दृष्टिकोण उभरे, जिससे प्रोजेक्ट की आगे की प्रक्रिया प्रभावित हुई। बैठक को हुए दो महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन मिनट्स पर अंतिम हस्ताक्षर न होने के कारण सकुर्लेशन में देरी हो रही है। एमसीडी में स्थायी समिति निगम के प्रमुख निर्णय लेने वाली संस्था है, जो वित्तीय और विकास संबंधी प्रस्तावों की समीक्षा करती है। पार्षद ने पत्र में जोर दिया है कि ऐसी देरी से न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएं धीमी पड़ती हैं, बल्कि पार्षदों को निर्णयों पर फीडबैक देने का अवसर भी कम हो जाता है। निगम सचिव को निर्देश दिए गए हैं कि मिनट्स को जल्द से जल्द वितरित किया जाए, ताकि अगली बैठकों में इन पर अमल हो सके।

# बुजुर्गों के पेंशन आवेदन 50 दिन बाद भी नहीं हुए शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 50 हजार और बुजुर्गों को पेंशन देने की घोषणा 50 दिन बाद भी चालू नहीं हो सकी है। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अभी तक बुजुर्गों की पेंशन के लिए आवेदन शुरू नहीं हुए हैं। बुजुर्ग बीते कई दिनों से वेबसाइट पर जाकर आवेदन करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसके आवेदन शुरू ही नहीं हुए हैं। विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही वेबसाइट के माध्यम से नए आवेदन लिए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के मौके पर दिल्ली में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के साथ वृद्धावस्था वित्तीय सहायता योजना में 50,000 नए लाभार्थियों को जोड़ने की घोषणा हुई थी। 17 सितंबर को कुछ घंटों के लिए वेबसाइट को आवेदन के लिए खोला भी गया था, लेकिन इसकी जानकारी लोगों को नहीं थी। घोषणा के बाद जब लोगों ने विभाग की वेबसाइट पर आवेदन का प्रयास किया तो उस पर फॉर्म नहीं खुल रहे थे। शुरूआत में वेबसाइट पर तकनीकी समस्या की बात कहते हुए 2 अक्तूबर से इसे चालू करने की बात कही गई थी, लेकिन इसके बाद भी पेंशन आवेदन शुरू नहीं किए जा सके, जिसके चलते आवेदन का इंतजार कर रहे हजारों बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं। वेबसाइट में तकनीकी दिक्कत आ रही समाज कल्याण विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में लगभग चार लाख बुजुर्गों को दिल्ली सरकार की ओर से मासिक पेंशन दी जाती है। इसमें 50 हजार नए आवेदक जोड़ने की घोषणा सरकार ने की है। इसके लिए प्रयास जारी हैं। वेबसाइट में तकनीकी दिक्कत की वजह से आवेदन शुरू नहीं हो सके हैं। जल्द ही इसे दूर कर आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सत्यापन की प्रक्रिया भी चल रही बता दें कि सरकार की ओर से बुजुर्गों की पेंशन को लेकर सत्यापन की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इसमें ऐसे बुजुर्गों को चिन्हित किया जाएगा जो दिल्ली से बाहर रहते हुए यहां से पेंशन ले रहे हैं या मृत्यु होने के बाद भी उनकी पेंशन चल रही है। ऐसी पेंशनों को सरकार द्वारा बंद किया जाएगा और उनकी जगह नए बुजुर्गों को शामिल किया जाएगा।

# बागेश्वर पीठाधीश्वर की सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा में शामिल हुई मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार को छतरपुर स्थित कात्यायनी शक्ति पीठ में आयोजित सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा 2025 में सम्मिलित हुई। इस यात्रा को श्री बागेश्वर बालाजी का श्री बांके बिहारी से मिलन नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट पर इसे साझा करते हुए कहा कि श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा प्रारंभ यह दिव्य पदयात्रा छतरपुर स्थित प्रसिद्ध कात्यायनी शक्ति पीठ मंदिर से आरंभ होकर वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचेगी। यह यात्रा सनातन संस्कृति की आत्मा को पुनः जाग्रत करते हुए पूरे देश में एकता, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देगी। उन्होंने कहा कि इस आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से हमारे आस्था और एकत्व के संस्कार पुनः पुष्ट हो रहे हैं। इसमें शामिल होना एक अत्यंत अलौकिक और भावनात्मक अनुभव रहा।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा 2025 छतरपुर से आरंभ होकर हरियाणा के विभिन्न शहरों, गांवों से गुजरते हुए उत्तर प्रदेश पहुंचेगी। 10 दिन की यह पदयात्रा 16 नवंबर को वृंदावन में संपन्न होगी।

# बलवान खोखर की फरलो अर्जी पर दिल्ली सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 1984 में सिख विरोधी दंगा मामले में दोषी करार दिए गए बलवान खोखर की 21 दिन की फरलो याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। खोखर दिल्ली कैंट इलाके में हुए दंगों के मामले में साल 2013 से आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा और कहा कि सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करे। सरकार की ओर से अतिरिक्त समय की मांग को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई 17 नवंबर के लिए तय की है। खोखर की फरलो अर्जी को दिल्ली सरकार ने पहले खारिज कर दिया था, जिसके खिलाफ उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में कहा गया है कि खोखर को परिवार और समाज से अपने संबंध दोबारा स्थापित करने के लिए फरलो दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि मामले में खोखर के साथ कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार भी आरोपी रहे हैं।

## समाचार

### इग्नू परिसर में आठ फुट लंबा अजगर दिखने से हड़कंप

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के आवासीय परिसर में आठ फुट लंबा अजगर दिखने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वाइल्डलाइफ एसओएस की टीम ने अजगर को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। इग्नू के सुरक्षा प्रभारी को गुरुवार की देर रात किसी ने आवासीय परिसर में अजगर दिखने की सूचना दी। इस पर तुरंत वाइल्डलाइफ एसओएस की टीम को सूचना दी गई। टीम ने इंडियन रॉक पायथन प्रजाति के अजगर को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

### इंस्टा की मदद से हत्या-दुष्कर्म के केस में फरार आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने हत्या और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को इंस्टाग्राम की मदद से सोनीपत से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 29 वर्षीय नीतेश दहिया 2018 में अपनी बहन के प्रेमी की हत्या के मामले में वांछित था। इस वारदात में उसके पिता और भाई भी शामिल थे। नीतेश 2017 में कंझावला क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में भी आरोपी है। वह बीते साल नवंबर में अंतरिम जमानत पर बाहर आया था, लेकिन वापस जेल नहीं लौटा। इसके बाद अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। इंस्पेक्टर संजय कौशिक की टीम ने उसकी तलाश में परिजनों के मोबाइल नंबर और सोशल मीडिया खातों की जांच की। इसी दौरान नीतेश के नाम से चल रहे एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो अपलोड होने से पुलिस को सुराग मिला। हेडकांस्टेबल संजीव की सूचना पर टीम ने सोनीपत के एक गांव में छापा मारा। पुलिस को देखते ही नीतेश छत से कूदकर भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार, नीतेश पिछले एक साल से गांव में रहकर खेती कर रहा था। उसने लोगों को धोखे में रखता था कि कोर्ट ने उसे बरी कर दिया है।

### पीवीसी फैक्टरी में भीषण आग

**नई दिल्ली।** टिकरी कलां स्थित पीवीसी फैक्टरी में गुरुवार देर रात लगी भीषण आग पर दमकल कर्मियों ने छह घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आग बुझाने में दमकल की 25 गाड़ियां जुटीं। प्लास्टिक सामग्री अधिक होने से आग पर काबू पाना मुश्किल रहा। एहतियातन आसपास की इमारतें खाली कराई गईं। पुलिस ने बताया कि सभी लोग समय रहते बाहर निकल आए। आग से इमारत कमजोर हुई है, इसकी जांच के लिए एमसीडी को पत्र भेजा गया है।

### पेड़ों की अवैध कटाई मामले में निगम पर 50 हजार का जुमार्ना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पश्चिम विहार इलाके में पेड़ों की अवैध कटाई और छंटाई के मामले में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के रवैये पर सख्त रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई के दौरान अधिकरण ने पाया कि वृक्ष अधिकारी द्वारा लगाए गए शर्तों और नियमों के पालन में एमसीडी गंभीर नहीं दिखी। जांच समिति के समक्ष आवश्यक दस्तावेज भी पेश नहीं किए। इस आधार पर एनजीटी ने निगम को एक सप्ताह के भीतर 50 हजार रुपये लागत के रूप में जमा करने का निर्देश दिया है। यह मामला फरवरी-मार्च 2024 में पश्चिम विहार के विभिन्न ब्लॉकों में 250 से अधिक पेड़ों की अवैध कटाई और 20 से ज्यादा पेड़ों की छंटाई के आरोपों से जुड़ा है। आवेदक ख्याति आनंद ने याचिका दाखिल कर कहा था कि पेड़ों की मोटी शाखाएं 90 से 120 सेंटीमीटर तक काट दी गईं, जिससे पर्यावरण और हरियाली को गंभीर नुकसान पहुंचा है। शिकायत के बाद एनजीटी ने संयुक्त समिति का गठन किया। समिति ने रिपोर्ट में कई स्थानों पर नियमों का घोर उल्लंघन पाया। कई पेड़ों की जड़ के आसपास कंक्रीट मिलने के साथ ही काटे गए पेड़ों के स्थान पर नए पौधे न लगाने की बात भी सामने आई।

### रोडरेज में युवकों ने कार पर किया हमला, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में संगीत कार्यक्रम देखकर लौट रहे युवक और युवतियों की कार से दूसरी कार छू जाने पर हंगामा खड़ा हो गया। दूसरी कार में सवार युवकों ने अधिवक्ता और उसकी महिला मित्रों की कार पर हमला कर दिया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। द्वारका साउथ थाना पुलिस ने जांच के बाद मुख्य आरोपी समेत तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि ग्रेटर कैलाश निवासी अधिवक्ता रोहित ने दो नवंबर को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि वह अपने एक दोस्त और दो महिला मित्रों के साथ सेक्टर-10 में आयोजित तलविंदर का लाइव संगीत कार्यक्रम देखकर लौट रहे थे। प्रोग्राम स्थल के पीछे भीड़ होने से जाम की स्थिति थी। इसी दौरान उनकी कार दूसरी कार से हल्की टच हो गई, जिसके बाद दूसरी कार सवार युवकों ने हंगामा शुरू कर दिया और उनकी कार पर लात-घूंसे बरसाए। किसी ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। तीन नवंबर को पुलिस ने हरियाणा नंबर की कार का पता लगाया और जांच के बाद गोयला गांव निवासी पुनीत और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया।

### स्कूलों का नाम बदलने का फैसला वापस ले सरकार: आप

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली में डॉ. आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का नाम बदलने को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार पर दलित विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए फैसला वापस लेने की मांग की है। पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने चेतावनी दी कि यदि नाम परिवर्तन का निर्णय रद्द नहीं किया गया तो आप सड़कों पर उतरेगी। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में सौरभ भारद्वाज और विधायक कुलदीप कुमार ने प्रेसवार्ता कर कहा कि पहले दिल्ली सरकार ने हर सरकारी कार्यालय, मंत्री, अधिकारी और स्कूलों में बाबा साहब आंबेडकर व शहीद भगत सिंह की तस्वीरें लगाने का फैसला किया था ताकि हर सरकारी फोटो में दोनों महापुरुषों की छवि दिखे, लेकिन अब उनकी जगह केवल प्रधानमंत्री की तस्वीरें लगाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव बाबा साहब के प्रति असम्मान और दलित समाज के खिलाफ नफरत का प्रतीक है। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि गुरुवार को कोंडली विधायक कुलदीप कुमार और स्थानीय लोगों ने खिचड़ीपुर स्थित डॉ. बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में मुख्यमंत्री के नाम का बोर्ड हटाकर फिर से बाबा साहब का नाम लगा दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बाबा साहब की विरासत को मिटाया नहीं जा सकता।

### ठक-ठक गिरोह के बदमाश कार से लाखों की ज्वेलरी लेकर फरार

**नई दिल्ली।** पांडव नगर इलाके में ठक-ठक गिरोह के बदमाश एक कार की डिग्गी से लाखों रुपये के गहने, 22 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए। वारदात उस वक्त हुई जब पीड़ित युवक अपनी मां के साथ कार में सफर कर रहा था। बाइक सवार बदमाशों ने कार में खराबी का इशारा कर युवक को नीचे उतारा और मौका पाकर डिग्गी से बैग लेकर फरार हो गए।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 11/7/2025 8:07 PM Page 1



# प्रदर्शनी में नमो भारत मेट्रो के मॉडल में बैठे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

● मास रेपिड ट्रांसिट सिस्टम से मेट्रो का बेहतर ढंग से एक दूसरे से जुड़ाव होगाः मनोहर लाल

● केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में किया 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ




**गुरुग्राम।** केंद्रीय आवासन, शहरी एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में इजी मोड ऑफ ट्रेवलिंग थीम के साथ सुगमता बनाए रखने के लिए बेहतर यातायात व्यवस्था व सेवाएं प्रदान करना है। इस सम्मेलन में नीतिगत आधार पर आए सुझावों के साथ शहरी क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए जन सेवाएं प्रदान करने की दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को गुरुग्राम के हयात होटल में आयोजित तीन दिवसीय 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन अवपसर पर बोल रहे थे। उन्होंने शहरी विकास और गतिशीलता को दशार्ती विकासात्मक प्रदर्शनी का उद्घाटन करने उपरांत अवलोकन भी किया। मनोहर लाल ने अपने मंत्रालय के माध्यम से आमजन की सुविधा व बेहतर इंफ्रास्टक्चर विकसित करने के उद्देश्य पर केंद्रित तीन बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि इनके शुरू होने से विकास की नई शुरूआत देखने को मिलेगी। उन्होंने घोषणा की कि दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड (डीएमआईएल) की स्थापना की जाएगी, जिसके तहत भारत के अलावा अन्य देशों के लिए यह एजेंसी मेट्रो के विस्तारीकरण की दिशा में काम करेंगी। मास रेपिड ट्रांसिट सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसके लिए डीएमआरसी सहयोगी रहेंगी। इस सिस्टम से मेट्रो का बेहतर ढंग से एक दूसरे से जुड़ाव होगा। सुरक्षा मानकों व साइबर सिक्योरिटी सिस्टम के साथ आमजन को सुरक्षित यातायात सुविधाएं व सेवाएं कार्य करेंगी। मेट्रो सेवा में गुणवत्तापरक सुधार लाने व नए प्रयोग करने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी का गठन शहरी मंत्रालनय द्वारा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपस्थित जनसमूह के साथ सामूहिक गायन कर की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा रहा है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत उस समय के हर भारतीय के हृदय में जोश, आत्मबल और स्वाभिमान की ज्योति जलाने मंत्र सिद्ध हुआ था। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने तीन महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया। जिनमें गाइडलाइंस फॉर इश्यूइंग म्युनिसिपल ग्रीन बॉन्ड इन इंडिया, दा ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप न्यूजलेटर के एडिशन-5 तथा गाइडेंस डॉक्युमेंट ऑन बिल्डिंग रिसाइलेंट ई-बस इकोसिस्टम पुस्तक शामिल थी।

# देश के शहरी भविष्य को नई सोच के साथ दिया जा रहा है नया आकार: तोखन साहू

● केन्द्रीय राज्य मंत्री ने गुरुग्राम में 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी में कही




**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि वर्ष 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में यह सम्मेलन एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम देश के शहरी भविष्य को नई सोच, नई ऊर्जा और नई प्रतिबद्धता के साथ आकार दे रहे हैं। यह सम्मेलन हमारी सांस्कृतिक विरासत और विकास के संकल्प दोनों को एक साथ जोड़ता है। 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर कही। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन, शहरी एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भारत इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के एक परिवर्तनकारी युग से गुजर रहा है, जहां शहरी परिवहन केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समानता का सशक्त साधन बन चुका है। साहू ने कहा कि इस वर्ष का सम्मेलन शहरी विकास और परिवहन का आपसी संबंध जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और सामयिक विषय पर केंद्रित है। गतिशील और समावेशी परिवहन प्रणाली ही नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवश्यक सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन, मिशन अमृत, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मेट्रो रेल विस्तार, इलेक्ट्रिक बस सेवा, सार्वजनिक साइकिल प्रणाली और ट्रांजिट उन्मुख विकास जैसी योजनाओं ने देश में शहरी परिवहन को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ऐसा परिवहन तंत्र बनाना है जो समावेशी, पर्यावरण के अनुकूल और सभी वर्गों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

### शहरी गतिशीलता क्षेत्र में उन्नति का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा हरियाणा

सम्मेलन में हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंडरू ने कहा कि हरियाणा राज्य शहरी गतिशीलता (अर्बन मोबिलिटी) के क्षेत्र में प्रगति का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। जोकि अन्य राज्यों के लिए अनुसरण का विषय है इस अवसर पर आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटीकिथला, गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. चंद्र शेखर खरे, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसी अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति सहित देश भर के मेयर व शहरी निकाय से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समाचार

# शिविर में लोगों को बताए सुकन्या समृद्धि योजना के लाभ

**गुरुग्राम।** डाक विभाग द्वारा शांति नगर युवा मंडल के सहयोग से शांति नगर क्षेत्र में शुक्रवार को सुकन्या समृद्धि योजना शिविर का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष कर्मवीर ने बताया कि शिविर में डाक विभाग के सीनियर पोस्ट मास्टर रविदत्त यादव, पोस्टमैन अजीत सिंह व डाक सहायक दिनेश शामिल हुए और उन्होंने क्षेत्र की महिला-पुरुषों को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को योजना के लाभों के बारे में जानकारी देना और उन्हें इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने लोगों को सुकन्या समृद्धि योजना के लाभ बताए और उनके प्रश्नों का समाधान किया। शिविर को सफल बनाने में शांति नगर युवा मंडल के उपाध्यक्ष दिनेश बघेल, पूर्व निगम पार्षद महेश कुमार, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राकेश यादव, टेकराम, गौरव आदि का सहयोग रहा।

# मंदिर निर्माण के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए भी उठाए जाएं समुचित कदम : नरसिंहानंद महाराज

**गुरुग्राम।** सनातन धर्म भाईचारे व सदभावना का संदेश देता है। सनातन धर्मावलंबियों को न केवल मंदिरों के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए, अपितु




उनकी सुरक्षा के लिए भी समुचित कदम उठाने चाहिए। उक्त उद्गार श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने मां वैष्णो देवी मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में व्यक्त किए। उनका कहना है कि कुछ समय से विधर्मियों द्वारा मंदिरों को लगातार निशाना बनाया गया। जिससे सनातन को मानने वालों को काफी ठेस पहुंची। धर्म के अनुसार उसी को मंदिर बनाने का अधिकार है जो अनंत काल तक मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प ले सके। उनका कहना है कि मंदिरों की सुरक्षा तभी संभव है जबकि हिन्दू जनसंख्या की जंग को कभी न हारे। यदि हिन्दू जनसंख्या की जंग को हार गया तो कोई भी मंदिर सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने सनातन धर्म के मानने वालों से आग्रह किया कि वे एकजुट रहें, सनातन को मजबूत करें। मंदिरों की सुरक्षा को सुनिश्चित करें। आयोजन को यति अभयानंद, यति धमार्नंद, यति परमात्मानंद, डॉ योगेंद्र योगी, बृजमोहन सिंह ने भी संबोधित किया। आयोजन को सफल बनाने में सतीश, संजय शर्मा, अरुण त्यागी, विपुल मित्तल आदि का सहयोग रहा।

# पूर्व सैनिक ने गोली मारकर की आत्महत्या

● सुसाइड नोट में पूर्व सैनिक ने लिखा-जो मुझसे दुखी थे अब खुश रहना

**गुरुग्राम।** ...जो मुझसे दुखी थे अब खुश रहना। सुसाइड नोट में यह बात लिखकर एक पूर्व सैनिक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। साउथ सिटी-2 ब्लॉक-बी में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के पीछे गोली मारकर आत्महत्या करने वाले पूर्व सैनिक को देखकर लोगों का हुजूम लग गया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे टीकली गांव निवासी पूर्व सैनिक अशोक कुमार अपनी पत्नी से यह कहकर घर से निकला था कि वह नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहा है। वह सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के पास पहुंचा। इसी बैंक में वे सिक्योरिटी गार्ड थे। पिछले डेढ़ साल से उनके पास कोई नौकरी नहीं थी। बैंक से उन्होंने एक लाख रुपये अपने बैंक खाते से निकाले। बताया जा रहा है कि वह किसी का कर्ज चुकाना चाह रहा था। इसके बाद उसने अपने कुछ साथियों से करीब दो घंटे तक बातचीत की। गुरुवार दोपहर को वह बैंक से निकलकर बैंक के पीछे एक रेहड़ी पर बैठ गया। वहां भी उसने करीब तीन घंटे बिताए। इसके बाद उसने खुद को गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक अशोक के पास से एक बैग बरामद हुआ। बैग में एक सुसाइड नोट भी था। जिसमें लिखा हुआ था कि-जो मेरे से दुखी थे अब खुश रहना। पुलिस उसके सुसाइड नोट के आधार पर परिवार और उनके जानने वालों से यह जानकारी जुटा रही है कि कौन उसे परेशान कर रहा था। किसके बारे में उसने यह बात लिखी है। अशोक कुमार परिवार में पत्नी व दो बेटे छोड़ गए हैं। उनका बड़ा बेटा हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल है। मौके से पुलिस को गोलियां से लोडेड रिवॉल्वर बरामद हुआ है। अशोक कुमार के पास प्वायंट 32 बोर का रिवॉल्वर था। उसी से ही उसने आत्महत्या की है। वहां से पांच कारतूस व एक खाली खोल भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को मृतक अशोक के बैग से एक लाख रुपये भी मिले हैं। इस घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे।

# संत दुर्बल नाथ जी ने समता, सद्भावना व सामाजिक न्याय के लिए काम किए: धर्मबीर सिंह

● 134वें ज्ञान प्रकाश महोत्सव पर गुरुग्राम में किया गया कार्यक्रम



**गुरुग्राम।** दुर्बल नाथ सेवा समिति की ओर से राष्ट्रीय संत दुर्बल नाथ जी के 134वें ज्ञान प्रकाश महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उन्हें पुष्पांजलि देकर नमन किया गया। इस अवसर पर भंडारे भी लगाया गया। समिति के प्रधान धर्मबीर सिंह, यशपाल, मोहित खन्ना, संजय चावला, ललित पंवार, हनुमान, अमित, संगीता, राहुल बहल, तेजराम सांवरिया, हरदीप सिंह समेत अनेक लोगों की मौजूदगी में यह आयोजन किया गया।

प्रधान धर्मबीर सिंह ने बताया कि संत दुर्बल नाथ जी 19वीं सदी के एक भारतीय हिंदू संत थे। उनका जन्म राजस्थान के अलवर जिले के बिचगांव में हुआ था। उन्होंने समाज में समता, सद्भावना और सामाजिक न्याय के लिए काम किया, जाति-भेद और ऊंच-नीच जैसी कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया, और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। उनका सबसे प्रसिद्ध मंदिर राजस्थान के दौसा जिला के बांदीकुई कस्बे में है। बांदीकुई मंदिर में हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर ज्ञानप्रकाश महोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने दलित, शोषित और वंचित वर्ग के लोगों को जीवन का नया मार्ग दिखाया। उन्होंने समाज में फैली ऊंच-नीच, छुआ-छूत और भेदभाव जैसी कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। वे समता और सद्भावना की नींव को मजबूत करने के लिए जाने जाते हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में उनका अहम योगदान रहा। वे प्रकृति प्रेमी थे। उनका मानना था कि प्रकृति मानव का भरण-पोषण कर सकती है, इसलिए पर्यावरण का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने जीव-जंतुओं की हत्या को घोर अपराध बताया और उनकी रक्षा करने की वकालत की। उनके मानवता के लिए कार्यों के कारण, भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय ने उनका नाम संत कबीर, रैदास, संत गाडगे जी महाराज जैसे संतों की सूची में शामिल किया है।

# एटक ने मनाई अक्टूबर क्रांति धूमधाम से

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को श्रमिक संगठन एटक के कार्यालय में बड़ी धूमधाम



से महान अक्टूबर समाजवादी क्रांति मनाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। एटक के प्रदेश महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने कहा कि आज पूरी दुनिया में साम्राज्यवादी-पूंजीवादी सत्ताएं मजदूर -मेहनतकशों के ऊपर युद्ध थोपे हुए है। इस समय दुनिया के हर कोने में उथल -पुथल चली हुई है या फिर उथल-पुथल की सम्भावना बनी हुई है। अपने मुनाफे को बनाए रखने के लिए पूरी दुनिया का पूँजीपति वर्ग, मजदूर -मेहनतकश जनता के अधिकारों का हनन करने में जुटा है। दुनिया समेत भारत में भी फासीवाद का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में अगर मजदूरों का कोई पथ -प्रदर्शक बनता है तो वह है रूस की 1917 की महान अक्टूबर समाजवादी क्रांति की राह है। उन्होंने कहा कि रूस के मजदूरों ने एक लम्बे संघर्ष के बाद वर्ष 1917 में क्रांति कर पूँजीपति वर्ग को सत्ता से हटाकर अपना राज कायम कर पूँजीपति वर्ग की उस व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो मजदूरों को पूंजीपतियों के मुनाफे के अधीन रखे हुए थी। इस अवसर परश्रमिक नेता बलबीर कंबोज, सुदेश शर्मा, शिव कुमार, नरेश कुमार, सोमदत्त, संतोष कुमार, अनिता यादव, मनोज कुमार, सतीश धानिया, चन्दन सिंह, रणविजय, रामकुमार, अभय सिंह, सुरेश सोलकी आदि शामिल रहे।

# गुरुग्राम में 3000 से अधिक बच्चों ने सामूहिक रूप से गाया वंदे मातरम

● वंदे मातरम सिर्फ गीत नहीं, स्वतंत्रता आंदोलन की आत्माः ओम प्रकाश धनखड़



**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्मरण उत्सव मनाया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-49 में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में 3000 से अधिक छात्र-छात्राओं सहित सभी उपस्थित जनों ने ठीक सुबह 09 बजकर 50 मिनट पर सावधान की मुद्रा में खड़े होकर एक स्वर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। यह विशेष सामूहिक गायन पूरे देश में इसी निर्धारित समय पर किया गया, जिसने राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और सामूहिक गौरव की भावना को और भी अधिक प्रबल रूप से पूरे राष्ट्र में प्रसारित किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है, यह भारतीय स्वाधीनता आंदोलन की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धुरी है। यह गीत उन हजारों-लाखों क्रांतिकारियों की प्रेरणा रहा, जिन्होंने विदेशी शासन के सामने सिर नहीं झुकाया और मातृभूमि की रक्षा के लिए हंसते-हंसते फांसी का फंदा स्वीकार कर लिया।

उन्होंने राम प्रसाद बिस्मिल के क्रांतिकारी गीत सरफड़ोशी की तमन्ना और खुदीराम बोस की हंसते-हंसते फांसी को याद करते हुए कहा कि वंदे मातरम उनकी नसों में बहती लौ थी। यह वही गीत था, जिसके साहस ने चंद्रशेखर आजाद को यह संकल्प दिया कि मैं आजाद पैदा हुआ हूं और आजाद ही मरूंगा। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से हमें यह संकल्प लेना है कि हम सिर्फ वंदे मातरम नहीं गाते, बल्कि भारत माता की वंदना करते हैं। उनके गौरव के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के मार्ग पर अग्रसर है और हमें भी इस अभियान का सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। ओम प्रकाश धनखड़ ने वंदे मातरम के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। प्रदर्शनी में उनके जन्म, शिक्षा, साहित्यिक यात्रा, राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत उनकी सोच तथा वंदे मातरम गीत की रचना से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसके साथ ही वंदे मातरम गीत के इतिहास, इसकी प्रेरणादायी भूमिका और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने भारतीय जन-मानस में जो जोश और राष्ट्रीय चेतना जगाई, उसे भी विस्तार से दशार्या गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वत्सल वशिष्ठ, एसडीएम बादशाहपुर संजीव सिंगला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुमित कुमार, भाजपा प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, जिला शिक्षा अधिकारी इंदु बोकन तथा डीएवी विद्यालय की प्राचार्या डॉ. चारु मणि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय समूह केंद्र सीआरपीएफ कादरपुर में हुआ कैंसर जागरुकता कार्यक्रम

● राइट टू लाइफ फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को दिए कैंसर से बचाव के टिप्स




**गुरुग्राम।** केंद्रीय विद्यालय समूह केंद्र, रिजर्व पुलिस बल कादरपुर (गुरुग्राम संभाग) के प्रांगण में शुक्रवार को कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संजय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राइट टू लाइफ फाउंडेशन से कैंसर के प्रति जागरुकता अभियान की विशेषज्ञ डा. आर. तुलसी कुमारी उपस्थित रहीं।

डा. आर तुलसी कुमारी ने विद्यार्थियों को कैंसर रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर आज के समय में तेजी से फैलने वाली घातक बीमारियों में से एक है, जिससे हर वर्ष लाखों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, नियमित योगाभ्यास और स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर कैंसर जैसी बीमारी से बचाव संभव है। डा. आर तुलसी ने विद्यार्थियों को कैंसर के प्रमुख कारणों के बारे में बताया और विशेष रूप से धूम्रपान व मद्यपान से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तंबाकू या शराब का सेवन करने वालों में कैंसर का खतरा सामान्य व्यक्तियों की तुलना में कई गुना अधिक होता है। डा. आर तुलसी ने शिक्षकों को भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने और समय-समय पर कैंसर की जांच कराने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने डा. आर तुलसी से कैंसर से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे गए। उन्होंने सरल और प्रेरणादायक तरीके से उत्तर दिया।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों से यह संकल्प लिया कि वे भविष्य में कभी धूम्रपान या मद्यपान नहीं करेंगे। अपने परिवार, विशेषकर माताओं को स्तन कैंसर की नियमित जांच कराने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यालय प्राचार्य संजय ने डॉ. आर. तुलसी कुमारी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# सीआरपीएफ कैंप में भी मनाया गया वंदेमातरम गान समारोह

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम गान समारोह का आयोजन जिले के




कादरपुर क्षेत्र स्थित सीआरपीएफ कैंप में किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूली छात्रों, सीआरपीएफ के अधिकारियों व जवानों ने बढ़-चढकर भाग लिया। अधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ का जवान अपने दिन का प्रारंभ ही वंदेमातरम को गाकर करता है और देश के स्वतंत्रता आंदोलन में प्राणों की आहूति देने वाले वीरों के प्रति अपना मान अर्पित करता है। उन्होंने कहा कि हम वंदेमातरम से लेकर जय हिंद तक, स्वतंत्रता आंदोलन के जयघोष व वीर परंपरा के वाहक हैं। इसलिए आज का दिन सभी के लिए विशेष है। सीआरपीएफ के पुलिस बल के सदस्यों द्वारा वंदेमातरम बजाया गया। यह आयोजन के सीआरपीएफ के उप कमांडेंट अमर कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ।

# भारतीय टीम की जीत का छात्राओं ने मनाया जश्न

● डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल का कहना है कि मैंच में मिली जीत का जश्न कादीपुर स्थित राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा झंडा हाथों में लहराकर मनाया।

**गुरुग्राम।** आस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय क्रिकेट टीम ने 5 मैंचों की टी20 सीरीज के चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराकर 2-1 से से बढ़त बना ली है। भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी मनाया। डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल का कहना है कि मैंच में मिली जीत का जश्न कादीपुर स्थित राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा झंडा हाथों में लहराकर मनाया। उनका कहना है कि भारतीय खिलाड़ी हर क्षेत्र में आस्ट्रेलिया को मात दे रहे हैं। बल्लेबाज जहां रन बना रहे हैं, वहीं बॉलर विपक्षी टीम के विकेट भी निकाल रहे हैं। क्षेत्ररक्षण में भी भारतीय टीम आगे हैं। अंतिम मैंच में आस्ट्रेलिया को हराकर भारतीय टीम यह सीरीज अवश्य जीतेगी। जश्न मनाने वालों में छात्रा खुशी, शबनम, निधि, चाहत, रमा यादव, रश्मि कुमारी आदि शामिल रही।

# कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगी शिव कथा




**गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आचार्य आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी मुटुला के नेतृत्व में कल रविवार से सैक्टर 10 स्थित हुडा ग्राउण्ड परिसर में 7 दिवसीय श्री शिव कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियां संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों व अनुयायियों द्वारा की जा रही हैं। उक्त जानकारी संस्था के प्रवक्ता स्वामी तेजोमयानंद ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए दी। उनका कहना है कि कथा से पूर्व आज शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो सैक्टर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए आयोजल स्थल पर संपन्न होगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर शामिल होंगी। यात्रा के माध्यम से गौ संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा। कथावाचक डा. सर्वेश्वर द्वारा संगीतमय शैली में कथावाचन किया जाएगा। उनका कहना है कि शिव कथा में वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से शिव तत्व का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जाएगा। कथा के अंतिम दिवस 15 नवंबर को श्रद्धालुओं को ब्रहमजान की दीक्षा प्रदान की जाएगी। मानब उत्थान, शांति, आत्मजान और ब्रहमज्ञान पर विशेष चर्चा होगी। उनका कहना है कि यह कथा संस्था के सामाजिक प्रकल्प कामधेनु के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। कामधेनु-भारतीय गौ नस्ल संवर्धन एवं संरक्षण कार्यक्रम दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की एक प्रमुख पहल है। आयोजन में प्रतिदिन शहर के राजनीतिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। संस्था की 15 सदस्यीय टीम आयोजन की व्यवस्थाओं को संभाल रही है। श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# भगवान से ध्यान हटना ही विपत्ति का आना है: राजेंद्र तिवारी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** श्री राम कथा प्रसार समिति, एकता विहार के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम कथा के छठे दिवस के पावन अवसर पर कथा व्यास राजेन्द्र तिवारी ने अपने दिव्य उद्बोधन में कहा कि भगवान से ध्यान हटना ही विपत्ति का आना है।

उन्होंने विस्तार से कहा कि जनक नन्दिनी सीता सदैव भगवान श्रीराम के चरणों का अनुसरण करती रहीं, किन्तु जब दुष्ट मारीच द्वारा प्रस्तुत स्वर्ण मृग के रूप की माया में ध्यान चला गया तो वह विपत्ति का कारण बन गया। ईश्वर से दृष्टि हटते ही संसार की मायिक वस्तुएँ मोह में फँसा लेती हैं और मनुष्य कष्ट का भागी बन जाता है। जब लक्ष्मण द्वारा रक्षित मर्यादा



रेखा का उल्लंघन हुआ तो सीता मार्ग भटककर लंका तक पहुँचीं। इस प्रसंग द्वारा उन्होंने बताया कि मर्यादा ही जीवन में सुरक्षा-वृत्त है।

माया रूपी मारीच (जो बाह्य आकर्षण का प्रतीक है) वेग से आगे आगे भागता रहा और भगवान श्रीराम उनके पीछे। मारीच बार-बार पीछे मुड़कर भगवान के चरणों को निहारता रहा और भगवान ने उसके इन अंतिम क्षणों के भाव को समझकर उसे मुनियों के लिये भी दुर्लभ गति प्रदान कर दी।

इस दिव्य आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में विनय गुप्ता एवं रीना गुप्ता ने वेदी-पूजन एवं व्यास-पूजन सम्पन्न किया। पूजन विधि पं. अतुल मिश्रा जी द्वारा पूर्ण कराई गई।

कथा में प्रमुख रूप से चन्द्रपाल, हरीश अग्रवाल, अजय सक्सेना, सीताराम शर्मा, दीपक गुप्ता, नवीन शर्मा, शोभित सक्सेना, विनय कुमार, राजीव कुमार, प्रदीप माहिर, गौरव वार्ष्णेय, दीनानाथ, विनोद गुप्ता, शरद गुप्ता, पूनम गुप्ता, राजीव मित्तल, चुन्ना भाई, सुनील कौशिक, गोविन्द शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील वैश्य, जे. के. श्रीवास्तव, अशोक सक्सेना आदि श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ उपस्थित रहे।

# सैफ़नी के बजरिया में सांडों का तांडव, पकौड़ी का ठेला पलटा, हजारों का नुकसान, बड़ा हादसा टला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफ़नी।** नगर के बजरिया इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक दो आवारा सांड आपस में बुरी तरह भिड़ गए। सांडों की इस भयंकर लड़ाई को देखने के लिए सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई। यह हिंसक लड़ाई देखते ही देखते मुख्य सड़क से हटकर कपिल के पकौड़ी के ठेले के पास पहुँच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लड़ते हुए सांडों ने ठेले पर खड़े एक बाइक सवार को चपेट में ले लिया, जो बड़ी मुश्किल से बाल-बाल बचा। इसके तुरंत बाद, सांडों ने पकौड़ी के ठेले



को पलट दिया।

गनीमत रही कि ठेले की खौलता हुआ तेल किसी राहगीर या दुकानदार पर नहीं गिरा, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। ठेला पलटने से ठेले पर रखी आग की भट्टी नीचे गिर गई, जिससे ट्रिपल की पिन्नी में आग लग गई। स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पकौड़ी बेचने वाले दुकानदार का हजारों रुपये का सामान जैसे, तेल, बेसन, खाने का सामान, ठेला क्षतिग्रस्त होने से भारी नुकसान हुआ है। काफी मशक्कत के बाद, स्थानीय दुकानदारों ने हिम्मत दिखाते हुए दोनों गुस्सैल सांडों को एक-दूसरे से दूर किया, जिसके बाद दुकानदारों और राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस घटना ने एक बार फिर आवारा पशुओं के कारण नगर के मुख्य बाजारों में मंडरा रहे खतरे को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने नगर प्रशासन से बाजारों और रिहायशी इलाकों से आवारा पशुओं को हटाकर जनसुरक्षा सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की है।

# सैफनी में विराट दंगल का रोमांच, मुड़िया पहलवान ने कासर पहलवान को धूल चटाई

*** भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने किया उद्घाटन, दूर-दराज के नामचीन पहलवानों ने दिखाए अपने दांव-पेच**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** नगर में खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कस्बा सैफनी के अकबरपुर रोड पर स्थित विराट दंगल अकादमी में गुरुवार को एक विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल का उद्घाटन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने फीता काटकर किया। जंगी मुक़ाबले और उत्साह का माहौल दूर-दराज से आए नामचीन पहलवानों ने इस विराट दंगल में अपनी-अपनी ताकत का जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिससे दंगल प्रेमियों का उत्साह चरम पर रहा। अकबरपुर रोड पर चल रही इस दंगल अकादमी के चार पहलवान पहले ही राष्ट्रीय स्तर तक कुश्ती लड़ चुके हैं। दंगल के आयोजक इरशाद पहलवान और भूरा पहलवान ने बताया कि दिन का पहला मुकाबला सैफनी के जैन और मुजफ्फरनगर के मोहम्मद अरमान के बीच हुआ, जो बराबरी पर छूटा। खनूपुरा के सचिन को सैफनी के अदनान ने जोरदार पटखनी देकर मुकाबला अपने नाम किया। सैफनी के खलीक और अलीगढ़ के रिंकु के बीच कड़ा मुकाबला चला, लेकिन कोई निर्णायक फैसला नहीं हो सका।कासगंज के जोगेंद्र और मुरादाबाद के साहिल का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। कैथल के घमंडी और बरेली के फरमान के बीच कांटे की टक्कर भी बराबरी पर समाप्त हुई। अलीगढ़ के



जीशान और सैफनी के जुबेर के बीच का मुकाबला भी निर्णायक नहीं हो सका। दंगल का सबसे रोमांचक और निर्णायक मुकाबला अलीगढ़ के मुड़िया पहलवान और बरेली के कासर पहलवान के बीच हुआ। मुड़िया पहलवान ने बेहतरीन दांव लगाते हुए कासर पहलवान को धूल चटा दी और मुकाबला अपने नाम किया। उनकी जीत पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई और पूरे परिसर का माहौल जोशपूर्ण हो गया। विराट दंगल देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। दर्शकों ने हर अच्छे दांव पर तालियां बजाकर और नकद इनाम देकर पहलवानों का खूब उत्साह बढ़ाया। आयोजकों ने सभी अतिथियों और पहलवानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के सैक्टर संयोजक भूरा चौधरी, मण्डल उपाध्यक्ष अभिलाष शर्मा, पूर्व प्रधान श्योराज सिंह यादव, भारत सिंह सैनी, चौधरी सतवीर सिंह, जीवन प्रजापति, शिवओम शर्मा, भूरा अंसारी, ईरशाद पहलवान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रक ने साइकिल सवार अध्यापक को रौंदा, दर्दनाक मौत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** शाहबाद बिलारी मार्ग पर शुक्रवार सुबह लगभग 8:12 पर एक भीषण सड़क हादसे में साइकिल से स्कूल जा रहे सर सैयद इंटर कॉलेज के 65 वर्षीय वरिष्ठ अध्यापक कृष्णपाल सिंह उर्फ बीना (पिता बाबूराम मास्टर) की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करने के दौरान उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह सड़क पर गिर गए और ट्रक का पिछला पहिया उनके सिर को कुचलता हुआ निकल गया। यह घटना मार्ग पर फैले अतिक्रमण और यातायात नियमों के उल्लंघन की भयावह तस्वीर पेश करती है। शुक्रवार को रोज की तरह कृष्णपाल सिंह अपनी साइकिल से स्कूल जा रहे थे। जैसे ही वह शाहबाद बिलारी मार्ग पर पहुंचे, एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने



चल रहे ई-रिक्शा को ओवरटेक करने की कोशिश की।

इसी दौरान ट्रक ने अध्यापक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए और ट्रक का पिछला पहिया सिर को कुचलता हुआ भाग गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। यह पहली बार नहीं है जब इस मार्ग पर अतिक्रमण के कारण किसी ने अपनी जान गंवाई है। पिछले महीने भी इसी तरह की दुर्घटना में ई-रिक्शा में सवार एक महिला और एक बच्चे को ट्रक ने कुचल दिया था। दुर्घटना का मुख्य कारण मार्ग के किनारे फलों के ठेले, अव्यवस्थित रूप से खड़े ई-रिक्शा और डग्गामार मनमाने तरीके से खड़े टेंपो-बसों को बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीधे तौर पर रोड पर कोई भी वाहन खड़ा न करने के सख्त आदेश दिए हैं, लेकिन सैफनी में इन आदेशों को खुलेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने पिछले दिनों फलों की दुकानों को हटाने के लिए कहा था, लेकिन यह कार्रवाई पूरी नहीं की गई, जिसके चलते अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 9 नवम्बर को निकाला जाएगा श्री गुरुतेग बहादुर जी को समर्पित 350 साला शहीदी नगर कीर्तन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** गुरुद्वारा कलगीघर खालसा मोहल्ले से 9 तारीख को सुबह 8:00 बजे श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 साल शहीदी दिवस को समर्पिते निकाला जाएगा विशाल नगर कीर्तन। गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह ने बताया है नगर कीर्तन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं यह नगर कीर्तन नगरपालिका के सामने गुरुद्वारा कलगीघर खालसा मोहल्ले से सुबह 8:00 बजे आरंभ होगा जो वहां से होता हुआ अजीतपुर, बकानिया,पटवाई,मिलक, कैमरी होते हुए बिलासपुर पहुंचेगी बिलासपुर से मुल्लखेड़ा पंजाब नगर होते हुए भोट होते हुऐ शाम को लगभग 7:00 बजे सिविल लाइंस राधा सिनेमा पर पहुंचेगी जहां से पैदल कीर्तन करते हुए संगत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पहुंचेगी वहां



कीर्तन दरबार लगेगा ग्रुप के अटूट लंगर की सेवा की जाएगी यह नगर कीर्तन पंच प्यारों की अगुवाई में सभी सतसंगत के सहयोग से सभी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की ओर से निकाला जाएगा।

# मारपीट मामले में दो नामजद सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।**हुड़दंग मचाने से मना करने पर दो युवकों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को मारपीट कर लहुलुहान कर दिया।पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित चार खिलाफ रिपोर्ट की है।कोतवाली क्षेत्र डिबडिबा की सुभाषनगर के रहने वाले तुषार का दर्ज रिपोर्ट में कहना है कि बीती दो नवंबर की रात आठ बजे उसके घर के बाहर विष्णु व विजेन्द्र उर्फ टिंकू खड़े होकर शोर-शराबा कर हुड़दंग मचा रहे थे।तभी उसके पिता सुनील चौधरी ने बाहर आकर उन्हें शोर-शराबा मचाने से मना किया इस पर उक्त युवक उसके पिता से गाली-गलौच करने लगे, विरोध करने पर उक्त युवक अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर पहुंचें और लाठी-डंडों से हमला करने के बाद उसके पिता को घायल कर दिया साथ ही लोगों को आता देख उक्त लोग जान से मारने की धमकियां देते हुए फरार हो गए।प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पीड़ित के पुत्र की तहरीर पर दो नामजद सहित चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भव्यता के साथ मनाई गई वन्दे मातरम् गीत की 150 वीं वर्षगांठ

*** देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की महत्त्वपूर्ण भूमिका को सिखाया 150 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्रा ने हमें**

*** वन्दे मातरम् केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और समर्पण का प्रतीक है:डीएम**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शहर स्थित रिज़र्व पुलिस लाइन में कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी,पुलिस अधीक्षक अधीक्षक विद्या सागर मिश्र,मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीश गंगावार एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्दे मातरम् के 150 वर्षों की गौरवगाथा पर आधारित विशेष प्रस्तुति के साथ किया गया,जिसमें राष्ट्रीय गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि,स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका तथा भारतीय समाज को एक सूत्र में जोड़ने में इसके योगदान का विस्तृत उल्लेख किया गया।प्रस्तुति के



दौरान उपस्थित जनसमूह ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत,राष्ट्रगौरव और त्याग की भावना को महसूस किया।इसके उपरांत अधिकारियों, कर्मचारियों,पुलिस बल तथा प्रतिभागियों द्वारा एक साथ सामूहिक वन्दे मातरम् गायन किया गया।सामूहिक स्वर में गूँजते 'वन्दे मातरम्' ने पूरे परिसर में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम स्थल पर सहभागी जनसमूह में विशेष ऊर्जा और राष्ट्रभावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं,बल्कि भारतीय संस्कृति,राष्ट्रीय एकता और समर्पण का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि 150 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्रा ने हमें सिखाया है कि देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने युवाओं, कर्मचारियों और अधिकारियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनपद व समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्रीय गीत देश की अखण्डता,कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का संदेश देता है।उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग सदैव देश की सुरक्षा,समाज की शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए कार्यरत है।उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुलिस बल के मनोबल को मजबूत करते हैं और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति प्रेरित भी करते हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वन्दे मातरम् ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक देश की चेतना को प्रबल किया है।उन्होंने कहा कि 150वीं वर्षगाँठ राष्ट्रीय एकता,सामाजिक समरसता एवं जनहित को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस बल के जवानों तथा कर्मचारियों के साथ ही स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

# भूत-प्रेत का झांसा देकर मां-बेटी से दुष्कर्म के मामले में दो गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**केमरी/बिलासपुर।**भूत-प्रेत और गलत हवाओं का झांसा देकर और इलाज करने के बहाने मां-बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुकदमे वांछित चल रहे दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।शुक्रवार को थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गंगापुर कदीम अड्डे के पास से शाहिद निवासी मोहल्ला गूजर टोला और फरहत निवासी ऊंची चौपाल थाना गंज आदि को गिरफ्तार किया है।उक्त दोनों के विरुद्ध एक गांव की रहने वाली



महिला ने उससे व उसकी पुत्री को भूत-प्रेत और गलत हवाओं का झांसा देकर और इलाज करने के बहाने बलात्कार करने और उसकी पुत्री के साथ बारी-बारी से बलात्कार करने और गर्भनिरोधक दवाईयां खिलाकर गर्भपात कराने आदि धाराओं में बीती चार अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# एएसपी ने पुलिस कर्मियों की बीट संबंधि अभिलेखों का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा शुक्रवार को पुलिस कार्यालय पर पुलिस कर्मियों की (बीट बुक) बीट संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने बीट अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित गश्त,निगरानी, अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण एवं जनसंपर्क बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए कि:-बीट प्रणाली पुलिसिंग का महत्वपूर्ण अंग है,जिसके माध्यम



से जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण एवं अपराधिक घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है।पुलिस द्वारा प्रभावी बीट प्रणाली एवं सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रशिक्षुओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** 'यातायात माह - नवम्बर 2025' के अंतर्गत जनपद में यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र,अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह तथा क्षेत्राधिकारी टाण्डा एवं यातायात पुलिस द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षुओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को यातायात संकेतों,सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके,हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग,ओवरस्पीडिंग व मोबाइल प्रयोग से होने वाले जोखिमों आदि की जानकारी दी गई।यातायात पुलिस अधिकारियों ने सभी को नियमों का पालन करने व समाज में यातायात अनुशासन बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।

# पत्नी से झगड़ा व मारपीट के आरोप में पति गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**केमरी/बिलासपुर।**घरेलू विवाद में पत्नी से मारपीट कर रहे एक पति को थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।शुक्रवार को थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि पुलिस ने ग्राम हींगानगला के रहने वाले शेर सिंह पुत्र राजाराम को गिरफ्तार कर लिया।उसके विरुद्ध उसकी पत्नी ने घरेलू विवाद में झगड़ा व मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु निर्धारित समय-सारणी की जानकारी दी गई।निर्धारित समय-सारणी में मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नये मतदेय स्थल हेतु भवनों का चिन्हांकन 29 अक्टूबर से 04 नवम्बर 2025 तक, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार करना 6 एवं 7 नवम्बर 2025 तक, आपत्तियों/सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन एवं



मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना 10 नवम्बर 2025,आपत्तियों के निस्तारण उपरान्त सूची को अन्तिम रूप देना 18 नवम्बर 2025 तक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषण 19,20 व 21 नवम्बर 2025,मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुमोदन हेतु प्रस्ताव भेजा जाना 24 नवम्बर 2025 तक है।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदेय स्थल का 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाय।किसी भी मतदेय स्थल पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक नहीं होनी चाहिए।पुराने,जर्जर या अस्थायी भवनों में स्थित मतदेय स्थलों को स्थायी भवनों में स्थानांतरित किया जाए।मतदेय स्थलों की नई सूची की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अंतिम समय में परिवर्तन की आवश्यकता न पड़े।अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्र में स्थित मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के संबंध में यदि कोई सुझाव या आपत्ति हो, तो उसे 15 नवम्बर 2025 तक संबंधित उप जिलाधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय को अवश्य उपलब्ध कराएं,ताकि दावे/आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची को समय पर अन्तिम रूप दिया जा सके।बैठक में निर्वाचन विभाग के अधिकारीगण एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 4423 मी.टन डीएपी उपलब्ध

**रामपुर।**जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने शुक्रवार को बताया कि जनपद को 6 नवम्बर को 1334 मीट्रिक टन के.एफ.एल.कम्पनी की यूरिया की एक रैक निजी क्षेत्र में प्राप्त हो चुकी है,जिसमें से 20 प्रतिशत यूरिया सहकारी समितियों एवं अवशेष 80 प्रतिशत यूरिया निजी क्षेत्र में प्रेषित की जाएगी।उन्होंने बताया कि जनपद के निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 19924 मीट्रिक टन यूरिया, 5330 मीट्रिक टन एन.पी.के. एवं 4423 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है।उन्होंने बताया कि जनपद में आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है।जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें।

# पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिला और परिजनों से की मारपीट, चाकू से जान से मारने की दी धमकी

*** गंदे गाने बजाने और अश्लील वीडियो चलाने का विरोध करने पर हुआ हमला, पीड़ित महिला थाने पहुंची**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम छितौनी में पड़ोसियों द्वारा एक महिला और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गंदे गाने बजाने और अश्लील वीडियो चलाने का विरोध करने पर तीन लोगों ने चाकू लेकर उनके घर में घुसकर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। छितौनी निवासी अफसरी पत्नी मुन्नन (जो छितौनी की मूल निवासी हैं) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की रात करीब 8 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में बैठी हुई थीं। तभी उनके पड़ोसी वाजिद पुत्र भूरा, माजिद पुत्र भूरा, और सलमान पुत्र फारूख ऊँचे स्वर में गंदे-गंदे गाने गा रहे थे और अश्लील वीडियो चला रहे थे। जब अफसरी और उनके बेटे आसिफ ने इन हरकतों का विरोध किया, तो तीनों आरोपी कथित तौर पर गुस्से में आ गए। पीड़िता के अनुसार, वे चाकू लेकर उनके घर में जबरन घुस आए आरोपियों ने प्रार्थिनी, उनकी बेटी और उनकी बहू के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला अफसरी किसी तरह अपनी जान बचाकर अपने बेटे आसिफ के साथ तुरंत सैफनी थाने पहुंची और पूरी घटना की जानकारी देते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुट गई है।

# 28 दिसंबर को होगा अग्रवाल सभा का भव्य वार्षिक उत्सव और शोभायात्रा

*** आजीवन सदस्यता अभियान की भी हुई शुरुआत, 15 नवंबर तक सदस्यता बढ़ाने की कार्यकारिणी को दी गई जिम्मेदारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी सी ए सजल अग्रवाल ने बताया कि देर रात अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी सदस्यो की एक सभा का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य कार्यकारिणी, अग्र सारथी और अग्र भारती तीनो ही कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

महामंत्री अजय अग्रवाल ने बताया कि सभा मे सर्वप्रथम अग्र बंधुओ को आजीवन सदस्य बनाने पर बल दिया गया जिसकी जिम्मेदारी कार्यकारिणी सदस्यो को दी गई। तत्पश्चात अग्रसेन महाराज की शोभा यात्रा की रूप रेखा तैयार की गई जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड पर संपन्न होंगी।

28 दिसम्बर की सुबह 7 बजे अग्रथोन (दौड़ प्रतियोगिता) का आयोजन होगा, 12 बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी, 3 बजे से खेल कूद प्रतियोगिताये होंगी, 5 बजे से स्टैंडप कॉमेडियन का शो रहेगा और तत्पश्चात अग्र बंधुओ का सम्मान, प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का सम्मान, मीडिया बंधु सम्मान और रात्रि सहभोज रहेगा।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रवेश अग्रवाल ने शहर के सभी अग्र बंधुओ से आग्रह किया है कि वो वार्षिक उत्सव पर होने वाले सभी कार्यक्रमो मे अपनी उपस्तिथि देकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाये और कार्यक्रम को सफल बनाये।

कार्यक्रम मे पवन जैन , गिरिराज सरन अग्रवाल , सुमित गोयल, ईश्वर सरन, शरद अग्रवाल, दीपक जिंदल, पंकज अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, एड सचिन अग्रवाल, रचित मांगलिक, अर्शित अग्रवाल, निमिष, नीरज, मोहित, सौरभ, तुषार, तरुण, अंकुर, अमित राज, वत्सल, मोनिका जैन, अलका गोयल, सरिता अग्रवाल, प्रशाली, नीतू आदि मौजूद रहे।

# आनलाइन आवेदन 15 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त स्ववित्त पोषित विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार हेतु आनलाइन आवेदन 15 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2025 तक मांगे गए है।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने शुक्रवार को जनपद के समस्त प्रधानचार्य/ प्रधानाचार्या, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता स्ववित्त पोषित विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार हेतु विभागीय वेबसाइट http//school. upmsp.edu.in पर 5 दिसम्बर 2025 तक आनलाइन आवेदन कराने हेतु अपने शिक्षण संस्थानों के पात्र आवेदकों को आवेदन करने हेतु प्रेरित कर आवेदन कराएं।

# धूम्रपान एवं तंबाकू का उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर लगाया जुर्माना

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**डीएम के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्ति युवा अभियान भाग 3.0 के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान ने कोटपा अधिनियम के अंतर्गत बृहस्पतिवार को एक महाभियान चलाया।अभियान के तहत सर्वप्रथम सार्वजनिक स्थलों जिला चिकित्सालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में सघन अभियान चलाया गया।जहां धूम्रपान एवं तंबाकू का उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर कोटपा अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत जुर्माना लगाया गया।इसके उपरांत थाना एएचटीयू की टीम के साथ तंबाकू विक्रेताओं डूंगरपुर मंडी समिति एवं खौद पर चेकिंग अभियान चलाया गया और ऐसे विक्रेता जो अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

**नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा की शुरुआत**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा दिनांक 10.11.2025 से फिरोजपुर कैंट – दिल्ली जं. – फिरोजपुर कैंट के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

26462/26461 फिरोजपुर कैंट - दिल्ली जं. - फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 26462 आगमन | रेलगाड़ी सं. 26462 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 26461 आगमन | रेलगाड़ी सं. 26461 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 07:55 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:35 | ---- |
| 08:23 | 08:25 | फरीदकोट | 22:03 | 22:05 |
| 09:10 | 09:15 | बठिण्डा जं. | 21:15 | 21:20 |
| 10:26 | 10:28 | धूरी जं. | 19:56 | 19:58 |
| 11:05 | 11:07 | पटियाला | 19:13 | 19:15 |
| 11:58 | 12:00 | अंबाला कैंट जं. | 18:30 | 18:32 |
| 12:28 | 12:30 | कुरूक्षेत्र जं. | 17:40 | 17:42 |
| 13:05 | 13:07 | पानीपत जं. | 17:00 | 17:02 |
| 14:35 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 16:00 |

चलने के दिन: 26462 फिरोजपुर कैंट जं. से और 26461 दिल्ली जं. से प्रतिदिन दिनांक 10.11.2025 से (बुधवार छोड़कर)।

स्थान : चेयर कार एवं एक्जीक्यूटिव चेयर कार।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

3469/25

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## सरकार चोरी के संगीन आरोप

नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी ने वोट चोरी के जो खुलासे किए हैं, उन्हें हाइड्रोजन बम कहें अथवा सरकार चोरी के संगीन आरोप कहें, लेकिन उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राहुल के आरोप चुनाव आयोग की वेबसाइट के तथ्यों पर आधारित हैं। यदि उनमें एक भी आरोप अकाट्य है, अर्द्धसत्य भी है, तो चुनाव आयोग का पूर्ण सत्य ध्वस्त हो सकता है। ऐसे खुलासे सामने आए हैं, जो भारत के चुनाव आयोग की विश्व-विख्यात, तटस्थ, निष्पक्ष, ईमानदार छवि को कलंकित कर सकते हैं। यदि चुनाव आयोग और प्रक्रिया ही दागदार और सवालिया हैं, तो लोकतंत्र की आत्मा ही मर जाएगी, लिहाजा हलफनामे की औपचारिकताओं के बिना ही कमोबेश मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इन आरोपों के जवाब देने चाहिए। चूंकि चुनाव आयोग के हरेक महत्वपूर्ण आयोजन पर मुख्य चुनाव आयुक्त ही देश को संबोधित करते रहे हैं, लिहाजा अब उनकी खामोशी अक्षम्य है। यदि चुनाव आयोग और उसके तीन सूत्रधार आयुक्तों को राहुल गांधी के आरोप बेबुनियाद और खोखले लगते हैं, तो वे कानूनी कार्रवाई करें। प्राथमिकी दर्ज कराएं और राहुल को आरोपित बना कर सर्वोच्च अदालत में केस चलाएं। खामोशी या हलफनामे की शर्त अथवा कांग्रेस के चुनाव एजेंटों पर सवाल दागना कोई स्पष्टीकरण नहीं है। यह देश की सुरक्षा के साथ भ्रष्ट समझौता है कि हरियाणा की मतदाता सूची में ब्राजील की एक मॉडल का फोटो 22 जगह है। एक ही फोटो के साथ सीमा, सरस्वती, स्वीटी, रश्मि, विमला आदि नाम हैं। आखिर यह कैसे हुआ? क्या चुनाव आयोग इतनी लापरवाही से मतदाता पहचान पत्र बनाता है? आयोग का अपना आधुनिक सॉफ्टवेयर है। वह क्लिक करते ही किसी भी फ्रॉड, फर्जी और नकलीपन को पकड़ सकता है और उसे खारिज कर सकता है। राहुल गांधी के खुलासे के मुताबिक, हरियाणा की मतदाता सूची में 5, 21, 619 डुप्लीकेट मतदाता हैं। चुनाव में 25.41 लाख से अधिक वोटों की चोरी की गई। फर्जी फोटो के साथ मतदाताओं की संख्या 1, 24, 177 है। हरियाणा में प्रत्येक 8 में से 1 मतदाता नकली है। एक ही पते पर कई वोटर बनाए जाने को बल्क वोटर कहते हैं। यदि एक ही पते पर 10 से अधिक मतदाता हैं, तो चुनाव आयोग को उसकी जांच करना अनिवार्य है, लेकिन हरियाणा में एक ही पते पर 66 या 501 मतदाता बनाए गए। हरियाणा में बल्क वोटर की संख्या 19 लाख 26 हजार 351 है। राज्य की मतदाता सूची में 93, 174 मतदाता ऐसे हैं, जिनके पते अमान्य हैं। मतदाताओं के मकान नंबर 0 दिए गए हैं या कुछ और हैं। यानी छोटे से राज्य हरियाणा की मतदाता सूची में इतनी स्पष्ट गड़बड़ियां अथवा विसंगतियां हैं! आखिर संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग कैसे मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का दावा कर सकता है? हालांकि हम राहुल गांधी के संगीन आरोपों की पुष्टि नहीं कर सकते, क्योंकि हरियाणा की मतदाता सूची हमारे सामने नहीं है और न ही हमने उसका अध्ययन किया है। नेता प्रतिपक्ष ने वोट चोरी के ऐसे ही आरोप महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक, दिल्ली आदि राज्यों में भी लगाए हैं। इन अभियानों को विदेशी षड्यंत्र का हिस्सा करार देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता।

# विशेष

## खेल: राष्ट्र निर्माण की नई धुरी

-डॉ. सत्यवान सौरभ-

भारत जैसे विशाल और युवा देश में खेलों की भूमिका केवल मनोरंजन या अवकाश तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिकता के ऐसे मूल्यों को जन्म देता है जो किसी भी समाज की प्रगति के लिए आवश्यक हैं। दुर्भाग्य से, भारत में खेलों को आज भी वैकल्पिक समझा जाता है। बजट में उनका हिस्सा सीमित है, शिक्षा में उनका स्थान गौण है और सरकारी तंत्र में वे अक्सर प्रशासनिक औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। यही कारण है कि खेलों का समग्र विकास एक सशक्त संस्थागत ढाँचे के अभाव में अधूरा रह जाता है। खेलों को राष्ट्रीय विकासात्मक प्राथमिकता के रूप में मान्यता देने की आवश्यकता केवल पदक जीतने के लिए नहीं, बल्कि उस समग्र मानव विकास के लिए है, जो स्वस्थ, अनुशासित और आत्मनिर्भर समाज की नींव रखता है। भारत के परिप्रेक्ष्य में खेलों को प्राथमिकता देने के कई ठोस कारण हैं। सबसे पहले, यह जनस्वास्थ्य और उत्पादकता से जुड़ा है। जीवनशैली-जनित बीमारियाँ जैसे मधुमेह, मोटापा और हृदय रोग आज लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इन पर होने वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय देश की विकास दर को प्रभावित करता है। यदि खेल संस्कृति को प्राथमिकता दी जाए तो नागरिकों की जीवनशैली सुधरेगी, स्वास्थ्य व्यय घटेगा और कार्यक्षमता बढ़ेगी। स्वस्थ जनसंख्या अपने आप में आर्थिक पूंजी होती है। दूसरा कारण सामाजिक समावेशन और समानता का है। खेल समाज के हर वर्ग को जोड़ने का माध्यम है। जब एक ग्रामीण खिलाड़ी ओलंपिक में पदक जीतता है, तो वह केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं बल्कि सामाजिक गतिशीलता का प्रतीक बनता है। खेल जाति, वर्ग, धर्म और भाषा के भेद मिटाकर एक साझा राष्ट्रीय पहचान गढ़ते हैं। यही समावेशी चरित्र उन्हें राष्ट्र निर्माण का उपकरण बनाता है। तीसरा कारण आर्थिक है। खेल अब एक उद्योग है। कोचिंग, उपकरण निर्माण, आयोजन, मीडिया, टूरिज्म और फिटनेस जैसे क्षेत्रों में लाखों रोजगार सृजित हो सकते हैं। भारत में खेल उद्योग की वार्षिक वृद्धि दर लगभग 8-10 प्रतिशत आंकी गई है। यदि इसे प्राथमिकता दी जाए तो यह स्पोर्ट्स इकॉनमी राष्ट्रीय सकल उत्पाद (जीडीपी) का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है। खेलों को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने का चौथा पहलू अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और कूटनीति से जुड़ा है। जब कोई राष्ट्र खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है, तो वह न केवल अपने झंडे को ऊँचा करता है बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी सॉफ्ट पावर भी स्थापित करता है। खेल राष्ट्रों के बीच सांस्कृतिक संवाद का माध्यम हैं, और ओलंपिक डिप्लोमेसी जैसी अवधारणाएँ इसका सशक्त उदाहरण हैं। खेलों को विकासात्मक प्राथमिकता में शामिल करने के लिए केवल इरादा पर्याप्त नहीं, बल्कि संरचनात्मक सुधार आवश्यक हैं। सबसे पहले, शासन संरचना का पुनर्गठन जरूरी है। राष्ट्रीय खेल नीति को शिक्षा और स्वास्थ्य नीति से जोड़ा जाना चाहिए ताकि खेल एक समग्र मानव विकास नीति का अंग बन सके। एक नेशनल स्पोर्ट्स मिशन जैसी संस्था बनाई जा सकती है जो सभी मंत्रालयों (शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा एवं खेल, ग्रामीण विकास) के बीच समन्वय स्थापित करे। दूसरा, वित्तीय प्राथमिकता सुनिश्चित करनी होगी। वर्तमान में खेल बजट जीडीपी का बहुत छोटा हिस्सा है। इसे कम से कम 1 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा जा सकता है। साथ ही, सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निजी निवेश को आकर्षित करने की आवश्यकता है। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत खेलों को अनिवार्य क्षेत्र घोषित किया जाए ताकि निजी क्षेत्र भी खेल विकास में सक्रिय रूप से जुड़ सके। तीसरा सुधार शिक्षा से जुड़ा होना चाहिए। स्कूल स्तर से ही खेलों को परीक्षा प्रणाली और मूल्यांकन का हिस्सा बनाना चाहिए। प्रत्येक विद्यालय में न्यूनतम खेल सुविधाएँ अनिवार्य हों और खिलाड़ियों को शैक्षणिक अंकों में खेल प्रदर्शन का समुचित मूल्य मिले। प्रशिक्षित खेल शिक्षकों की नियुक्ति और नियमित प्रतियोगिताओं की प्रणाली बनाई जानी चाहिए। चौथा, प्रतिभा पहचान और प्रशिक्षण की प्रक्रिया को स्थायी बनाया जाए। खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों को केवल इवेंट तक सीमित न रखकर तकनीक आधारित प्रतिभा पहचान प्रणाली में परिवर्तित करना होगा। प्रत्येक जिले में स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाएँ, जहाँ प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण, पोषण और मनोवैज्ञानिक सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध हो। डेटा एनालिटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रदर्शन को ट्रैक किया जा सकता है।

# भारत में राज्य सरकारों के ऋणों में भारी वृद्धि इन राज्यों की अर्थव्यवस्था को ले डूबेगी

-प्रहलाद सबनानी-

किसी भी नागरिक, वाणिज्यिक संस्थान, राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा उत्पादक कार्यों के लिए बाजार से ऋण लेना केवल तब तक ही सही हैं जब तक बाजार से लिए गए ऋण से कम से कम उस स्तर तक आय का अर्जन हो कि इस ऋण के ब्याज एवं किश्त का भुगतान इस आय से आसानी से किया जा सके। परंतु, किसी भी व्यक्ति अथवा संस्थान द्वारा बाजार से ऋण यदि अनुत्पादक कार्य के लिए लिया जा रहा है तो इस ऋण के ब्याज एवं किश्त का भुगतान करना निश्चित ही मुश्किल कार्य हो सकता है। आज भारत के कुछ राज्यों की बजटीय स्थिति पर भारी दबाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि इन राज्यों ने बाजार से भारी मात्रा में ऋण लिया हैं एवं इस ऋण का उपयोग अनुत्पादक कार्यों यथा बिजली के बिल माफ करना, नागरिकों के खातों में सीधे राशि जमा करना, मुफ्त पानी उपलब्ध कराना, कुछ पदार्थों पर सब्सिडी उपलब्ध कराना, आदि के लिए किया जा रहा है। इन राज्यों की स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि इन्हें ऋणों पर अदा किए जाने वाले ब्याज एवं किश्तों के भुगतान हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा हैं। यदि कुछ और वर्षों तक इन राज्यों की यही स्थिति बनी रही तो निश्चित ही यह राज्य दिवालिया होने की स्थिति में पहुंच जाने वाले हैं।

हाल ही के कुछ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा भी बाजार से ऋण लेने की राशि में वृद्धि देखी जा रही है। वर्ष 2019 में केंद्र सरकार पर 1.74 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया था जो वर्ष 2025 में, लगभग दुगना होते हुए, बढ़कर 3.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है और वर्ष 2029 तक इसके 4.89 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक हो जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद आज 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। इस प्रकार, भारत सरकार का ऋण, भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 80 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों की निर्भरता ऋण पर लगातार बढ़ती हुई दिखाई दे रही है जिसे देश की अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है। आज केंद्र सरकार पर 200 लाख करोड़ रुपए की राशि का ऋण बकाया है एवं समस्त राज्य सरकारों पर 82 लाख करोड़ रूपए का ऋण बकाया है, इस प्रकार केंद्र एवं राज्य सरकारों पर संयुक्त रूप से 282 लाख करोड़ रुपए का ऋण बकाया है जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 81 प्रतिशत है। एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था ऋण के ऊपर विकसित की जा रही है। जबकि, भारतीय आर्थिक दर्शन ऋण पर निर्भरता को प्रोत्साहन नहीं देता है। चाणक्य के अर्थशास्त्र में, राजा के पास कोष में आधिक्य होने का वर्णन मिलता है। राजा के पास यदि ऋण के स्थान पर कोष का आधिक्य होगा तब वह राज्य अपने नागरिकों के कल्याण पर अधिक राशि खर्च करने की स्थिति में रहेगा। अर्थात, प्राचीन भारत में राज्यों का आधिक्य का बजट रहता था, उसी स्थिति में वे राज्य अपने नागरिकों के कल्याण के कार्यों को तेज गति से चलाने की स्थिति में रहते थे। राज्य का खजाना ही यदि खाली हो तो वे किस प्रकार से राज्य के नागरिकों के लिए भलाई के कार्य कर सकते हैं। आज की स्थिति, बिलकुल विपरीत दिखाई देती है और आज कुछ राज्य बाजार से ऋण लेकर भी नागरिकों को मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध करा रहें हैं बगैर यह सोचे समझे कि आगे आने वाले समय में बाजार से लिए गए ऋण का भुगतान किस प्रकार किया जाएगा।

आज भारत में कुछ राज्यों की स्थिति यह है कि वे अपनी कुल आय का 55 प्रतिशत भाग कर्मचारियों को वेतन, पेन्शन एवं उधार ली गई राशि पर ब्याज के भुगतान करने जैसी मदों पर खर्च कर रहे हैं। जबकि, विभिन्न राज्य अपनी आय को बढ़ा सकने की स्थिति में नहीं है। कुछ राज्य तो वर्ष भर में जिस आय की राशि का आंकलन करते हैं उसे प्राप्त ही नहीं कर पाते हैं और बजटीय आय की राशि एवं वास्तविक आय की राशि में 11 प्रतिशत तक की कमी रहती है, जबकि इन राज्यों के खर्च नियमित रूप से बढ़ते जा रहे हैं और इस प्रकार इन राज्यों का बजटीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है और अब यह असहनीय स्थिति में पहुंच गया है।

आज राज्यों की कुल आय का 84 प्रतिशत भाग स्थिर मदों पर खर्च हो रहा है। प्रदेश को आगे बढ़ाने एवं आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने के लिए कुछ राशि इन राज्यों के पास उपलब्ध ही नहीं हो पा रही है। पूंजीगत खर्चों में लगातार हो रही कमी के चलते इन राज्यों में नए अस्पतालों का निर्माण, नए रोड का निर्माण नए स्कूल हेतु भवनों का निर्माण नहीं हो पा रहा हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे हैं। पंजाब में कुल आय का 76 प्रतिशत भाग कर्मचारियों के वेतन, पेन्शन एवं ऋण पर ब्याज अदा करने जैसी मदों पर खर्च हो रहा है इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में 79 प्रतिशत एवं केरल में 71 प्रतिशत भाग उक्त मदों पर खर्च किया जा रहा है। साथ ही, कुछ राज्यों द्वारा अपनी कुल आय का भारी भरकम हिस्सा सब्सिडी जैसी मदों पर खर्च किया जा रहा है। जैसे, पंजाब द्वारा अपने बजटीय आय का 24 प्रतिशत भाग सब्सिडी पर खर्च किया जा रहा है। इसी प्रकार, हिमाचल प्रदेश द्वारा 5 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश द्वारा 15 प्रतिशत, तमिलनाडु द्वारा 12 प्रतिशत एवं राजस्थान द्वारा 13 प्रतिशत राशि सब्सिडी पर खर्च की जा रही है। पंजाब द्वारा तो अपने बजट की 100 प्रतिशत राशि (24 प्रतिशत सब्सिडी पर एवं 76 प्रतिशत राशि वेतन, पेन्शन एवं ब्याज पर खर्च की जा रही है) सामान्य मदों पर खर्च की जा रही है और पूंजीगत खर्चों के लिए शून्य राशि बचती है।

विभिन्न राज्यों द्वारा पेन्शन की मद पर वर्ष 1980-81 में अपने राज्य की कुल आय का केवल 3.4 प्रतिशत की राशि का खर्च किया जा रहा था जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर 24.3 प्रतिशत हो गया। इसी कारण से भारत सरकार ने पेन्शन अदा करने के नियमों में परिवर्तन किया था। आज यदि पेन्शन की नीति को नहीं बदला गया होता तो इस मद पर होने वाला खर्च बढ़कर 30 प्रतिशत के आसपास पहुंच जाता।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश के कई राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च को घटाया है। वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 के बीच राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च में 51 प्रतिशत तक की कमी की है। दिल्ली में 38 प्रतिशत, पंजाब में 40 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 41 प्रतिशत पश्चिम बंगाल में 33 प्रतिशत से पूंजीगत खर्चों में कमी दर्ज हुई है। आज कई राज्य सरकारें सब्सिडी प्रदान करने की मद पर अपने खर्चों को लगातार बढ़ा रहीं हैं एवं पूंजीगत खर्चों को लगातार घटा रही हैं, जो उचित नीति नहीं कही जा सकती है। इस प्रकार तो इन राज्यों की अर्थव्यवस्थाएं शीघ्र ही डूबने के कगार पर पहुंच जाने वाली हैं। इन राज्यों में हिमाचल प्रदेश, केरल, पश्चिमी बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं।

सब्सिडी, वेतन, पेन्शन एवं ब्याज जैसी मदों पर लगातार बढ़ रहे खर्चों के कारण आज 15 राज्यों का बजटीय घाटा कानूनी रूप से निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा से ऊपर हो गया है। हिमाचल प्रदेश में बजटीय घाटा बढ़कर 4.7 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 4.1 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 4.2 प्रतिशत एवं पंजाब में 3.8 प्रतिशत के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।

इसी क्रम में ध्यान में आता है कि मध्य प्रदेश सरकार ने 5200 करोड़ रुपये का नया कर्ज लेने का निर्णय लिया है। यह फैसला इसलिए चर्चा में है क्योंकि भाईदूज के अवसर पर ह्यलाड़ली बहना योजनाह्न के अंतर्गत 1.27 करोड़ महिलाओं के खातों में राशि समय पर नहीं पहुंच पाई थी। इसके बाद सरकार ने प्रदेश स्थापना दिवस पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए ऋण लेने का रास्ता चुना है। जब किसी राज्य को सामाजिक योजनाओं पर खर्च के लिए ऋण लेना पड़े तो यह स्थिति उस प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए उचित नहीं कही जा सकती है। मध्यप्रदेश द्वारा ऋण लेने की रफ्तार पिछले कुछ वर्षों में कुछ तेज हुई है। मार्च 2024 तक मध्यप्रदेश राज्य पर 3.7 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो अब बढ़कर 4.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। जबकि, मध्यप्रदेश की आय में इस रफ्तार से वृद्धि नहीं देखी जा रही है। वित्तीथय अनुशासन की दृष्टि से यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि ब्याज भुगतान का बोझ हर साल बढ़ता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, केरल एवं पश्चिम बंगाल की राह पर कहीं मध्यप्रदेश राज्य भी तो नहीं चल पड़ा है।

# गरीबी हटाओ अब हकीकत है सिर्फ चुनावी जुमला नहीं है

-मनोज कुमार अग्रवाल-

साठ साल तक गरीबी हटाओ सिर्फ एक चुनावी जुमला रहा जिसे खूब उछाला गया लेकिन नतीजा ठेंगा निकला लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद गरीबी हटाओ सिर्फ लोक लुभावन नारा नही है ऐसा खुद विश्वबैंक मानता है। पिछले एक दशक में भारत ने गरीबी उन्मूलन की दिशा में जो प्रगति की है, वह निश्चित रूप से ऐतिहासिक कही जा सकती है। विश्व बैंक की हाल की रिपोर्ट के अनुसार भारत की अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 के 27.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में मात्र 5.3 प्रतिशत रह गई है। यह आंकड़ा दशार्ता है कि लगभग 26.9 करोड़ भारतीय इस अवधि में अत्यधिक गरीबी से बाहर निकल सके हैं। यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है जब वैश्विक स्तर पर महामारी, आर्थिक मंदी और युद्ध जैसे संकटों ने विकासशील देशों के सामने कई चुनौतियां खड़ी कर दी थीं। विश्व बैंक के मुताबिक, 2011-12 में देश में लगभग 34.4 करोड़ लोग अत्यधिक गरीची में जीवन यापन कर रहे थे, जिनकी संख्या अब घटकर मात्र 7.5 करोड़ रह गई है। आपको बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को ही यह दावा कि सरकार ने 2.5 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है। इसी कड़ी में केरल ने खुद को अत्यधिक गरीबी मुक्त राज्य घोषित कर दिया है। कुछ अतिशयोक्ति भले लगे, लेकिन समग्र रूप से देखें तो भारत ने गरीबी घटाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। फिर भी सवाल उठता है, क्या गरीबी में यह गिरावट समान रूप से सभी वर्गों तक पहुंची है? हाल ही में आई जी 20 की एक्स्ट्राऑर्डिनरी कमिटी ऑन ग्लोबल इनइम्क्वैलिटी की रिपोर्ट इस सवाल का स्पष्ट उत्तर देती है कि नहीं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2000 से 2023 के बीच शीर्ष 1 प्रतिशत अमीरों की संपत्ति में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तुलना करें तो चीन में यह वृद्धि 54 प्रतिशत रही। यह आंकड़े बताते हैं कि आर्थिक विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा, जबकि शीर्ष वर्ग की संपत्ति में तेजी से बढ़ोतरी हुई, देश की निचली आधी आबादी के पास अब भी संपत्ति का नगण्य हिस्सा है। यह आंकड़ा न केवल आर्थिक विषमता की भयावहता को दशार्ता है, चल्कि यह भी बताता है कि विकास के लाभसमाज के सीमित वर्ग तक सिमट गए हैं। पिछले दो दशकों में भारत ने जीडीपी वृद्धि, तकनीकी नवाचार और वैश्विक निवेश के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन इन उपलब्धियों की कीमत सामाजिक और आर्थिक विषमता के रूप में चुकानी पड़ी है। शीर्ष 1 प्रतिशत लोगों ने जहां 62 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का यह आंकड़ा बताता है कि विकास की गति भले ही तेज रही हो, लेकिन उसका वितरण बेहद असमान रहा है। ग्रामीण भारत में आज भी लाखों परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पोषण जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। शहरों की चमकदार ऊंचाइयों के बीच गांवों की दरिद्रता एक सच्चाई बनकर सामने आती है। यह असमानता केवल आय की नहीं, बल्कि अवसरों, संसाधनों और सामाजिक सम्मान की भी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष 1 प्रतिशत लोगों ने 2000 से 2024 के बीच नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया है, जबकि दुनिया की निचली आधी आबादी को केवल 1 प्रतिशत मिला। यह अनुपात किसी भी दृष्टिकोण से अस्वीकार्य है। यह स्थिति लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और जलवायु कार्रवाई, तीनों के लिए खतरा है। जब संपत्ति कुछ हाथों में सिमट जाती है, तो राजनीतिक शक्ति भी उन्हीं हाथों में केंद्रित होने लगती है। इससे नीति निर्माण पर कॉर्पेरिट और संपन्न वर्गों का प्रभाव बढ़ता है, और जनहित पीछे छूट जाता है। दक्षिण अफ्रीका, भारत और ब्राजील जैसे देशों में यह प्रवृत्ति और अधिक स्पष्ट है, जहां ऐतिहासिक रूप से असमानता की जड़ें गहरी रही हैं। रिपोर्ट चेतावनी देती है कि जिन देशों में असमानता अधिक है, वहां लोकतांत्रिक पतन की संभावना सात गुना अधिक होती है, यानी आर्थिक विषमता अब केवल सामाजिक या नैतिक समस्या नहीं, बल्कि राजनीतिक अस्थिरता की जड़ बन चुकी है। जब समाज में असमानता बढ़ती है, तो उसका असर शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक संरचना पर भी पड़ता है। आपको बता दें कि रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया की आधी आबादी अभी भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। लगभग 1.3 अरब लोग अपनी जेब से स्वास्थ्य खर्च करने के कारण गरीबी में जी रहे हैं। इसके अलावा, 2.3 अरब लोग मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, यह संख्या 2019 की तुलना में 33.5 करोड़ अधिक है। इसका सीधा अर्थ यह है कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि के बावजूद भूख, बीमारी और बेरोजगारी में वास्तविक सुधार नहीं हुआ है। रिपोर्ट स्पष्ट कहती है कि अत्यधिक असमानता कोई प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानव निर्मित परिणाम है और इसे राजनीतिक इच्छाशक्ति से बदला जा सकता है। जब तक नौति निर्माण का केंद्र मानव विकास नहीं चनेगा, तब तक आर्थिक विकास केवल आंकड़ों में सीमित रहेगा। कराधान नीति, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य पर निवेश, तथा श्रम बाजार में सुधार जैसे कदम असमानता को घटाने में मदद कर सकते हैं। भारत जैसे देश में जहां युवाओं की आबादी सबसे अधिक है, वहां समान अवसर की गारंटी सबसे बड़ी नीति प्राथमिकता होनी चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत की गरीची घटने की कहानी प्रेरक है, लेकिन यह अधूरी है यदि इसके साथ असमानता का पैमाना ऊंचा जाता रहे। आर्थिक विकास का असली अर्थ तभी पूरा होगा जब समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मानजनक जीवन मिले। अमीरों की संपत्ति का बढ़ना बुरा नहीं, लेकिन जब गरीबों की हिस्सेदारी घटती जाती है, तो विकास की दिशा पर पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। अब समय आ गया है कि हम जीडीपी के आंकड़ों से आगे बढ़कर मानव विकास सूचकांक और समानता सूचकांक को विकास का पैमाना बनाएं। क्योंकि जैसा कि रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है चरम असमानता एक चुनाव है, भाग्य नहीं। भारत को अब यह तय करना है कि वह इस चुनाव में किस ओर खड़ा होना चाहता है अमीरी की चमक के साथ बढ़ती गरीबी की छाया में, या संतुलित विकास के उजाले में। भारत की प्रगति तभी सार्थक होगी जब विकास का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे, चाहे वह शहर की गगनचुंबी इमारतों में रहने वाला नागरिक हो या गांव की मिट्टी में पसीना बहाने वाला किसान। राजनीतिक इच्छाशक्ति, नीति सुधार और सामाजिक संवेदना ये तीन स्तंभ हैं जिन पर समानता आधारित विकास टिक सकता है। असमानता को कम करना केवल नैतिक कर्तव्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और मानव गरिमा की रक्षा का अनिवार्य उपाय है। सरकार को उसके प्रयासों के लिए साधुवाद दिया जाना चाहिए तथापि अभी बहुत काम करना बाकी है खासकर जनसंख्या नियंत्रण पर जोर देना चाहिए ताकि संसाधनों का निरंतर विकास और आबादी में संतुलन व सामंजस्य बनाया जा सके।

# बिहार में सूखा तो यूपी में बहार है

-अरविन्द मोहन-

एक दौर में नीतीश कुमार देश भर में शराबबंदी की बात करते थे। उनके महिला समर्थन के मिथ में शराबबंदी को भी कारण माना जाता है लेकिन इसे साबित करना आसान नहीं है। इस सवाल पर एनडीए में उनकी साझीदार भाजपा और अन्य दल भी चुप्पी ही साधे हुए हैं। एनडीए के छोटे दलों की छोड़ भी दें तो भाजपा की चुप्पी के पीछे काफी बड़े कारण है।

बिहार जाना हो तो सावधान होकर जाइए। बार्डर आते ही आपकी ऐसी तलाशी शुरू होगी कि आप सचमुच में अपमानित महसूस करेंगे। और यह तलाशी भी एक जगह नहीं या एक बार न होकर बार-बार होगी। चुनाव हैं तो यह अभियान बढ़ा है वरना वैसे भी राज्य पुलिस का यह प्रिय काम बन गया है क्योंकि बिहार में शराबबंदी है। चुनाव में भी सौ करोड़ से ज्यादा की जो धर-पकड़ हुई है उसमें शराब और ड्रग्स का हिस्सा अस्सी फीसदी से ज्यादा है जो अन्य राज्यों की तुलना में बहुत अधिक है। वहां नकदी जब्त होने का हिस्सा ज्यादा हुआ करता है और यह तब है जबकि बिहार चुनाव में कोई भी दल शराबबंदी को मुद्दा नहीं बना रहा है। शुरू में प्रशांत किशोर इस मुद्दे को उठाया रहे थे लेकिन लोगों में इसका असर खास न देखकर चुप्पी सी साध ली है। वह नीतीश कुमार और जदयू भी इसे नहीं उठा रहे हैं जो इसे ले आये हैं। एक दौर में नीतीश कुमार देश भर में शराबबंदी की बात करते थे। उनके महिला समर्थन के मिथ में शराबबंदी को भी कारण माना जाता है लेकिन इसे साबित करना आसान नहीं है। इस सवाल पर एनडीए में उनकी साझीदार भाजपा और अन्य दल भी चुप्पी ही साधे हुए हैं।

एनडीए के छोटे दलों की छोड़ भी दें तो भाजपा की चुप्पी के पीछे काफी बड़े कारण है। आज वह सिर्फ मुल्क में ही नहीं, देश के अधिकांश राज्यों में शासन कर रही है। शराब ही आज राज्यों की आमदनी का मुख्य स्रोत है और उस पर प्रतिबंध या उसके करों में कमी-बेसी करना पूरी तरह राज्य सरकार के हाथ में है। इस मुद्दे पर नीतीश कुमार सरकार के फैसलों की आलोचना तो आत्मघाती होगा ही, तारीफ भी मुश्किल है। ऐसी हालत में हर जगह उसकी सरकारों को जवाब देना मुश्किल होगा। उसके लोग भी मानते हैं कि शराबबंदी से बिहार को राजस्व का भारी नुकसान हुआ है तो साथ ही वहां शराब की बिक्री का एक पूरा अवैध नेटवर्क बन गया है और वह हर कहीं शराब उपलब्ध करा देता है। नकली शराब बनाने का धंधा भी चल रहा है। और भाजपा समेत

> **एनडीए के छोटे दलों की छोड़ भी दें तो भाजपा की चुप्पी के पीछे काफी बड़े कारण है। आज वह सिर्फ मुल्क में ही नहीं, देश के अधिकांश राज्यों में शासन कर रही है। शराब ही आज राज्यों की आमदनी का मुख्य स्रोत है और उस पर प्रतिबंध या उसके करों में कमी-बेसी करना पूरी तरह राज्य सरकार के हाथ में है।**

काफी सारे दलों का मानना है कि यह नेटवर्क राजद से जुड़े लोग चलाते हैं। कई बार यह आरोप भी लगता है कि बिहार पुलिस बाकी धंधे छोड़कर शराब पकड़ने और उस बहाने कमाई करने में लगी रहती है। इस चक्कर में पुलिस की सामान्य जिम्मेदारियों का निर्वहन भी ठीक से नहीं होता।

बिहार की शराबबंदी से अगर पुलिस वालों का कु छ लाभ-घाटा होगा तो उसके सीमावर्ती प्रदेशों को भी लाभ है और सबसे बड़ी सीमा उत्तर प्रदेश से लगती है। नेपाल और झारखंड का नंबर भी है लेकिन शराब की तस्करी में उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर होगा। पकड़ी गई शराब में उसकी सीमा पर जब्त माल का आकार-प्रकार भी इसकी पुष्टि करता है। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के अति व्यावहारिक और 'लाभदायीङ शराब नीति ने जिस तरह से राज्य में शराब की खपत और साथ ही सरकार के खजाने में वृद्धि की है वह चौंकाने वाला है। पिछले वित्त वर्ष में उत्तर प्रदेश को शराब की बिक्री से 51000 करोड़ रुपए का राजस्व मिला जो कि राज्यों के सालाना बजट से ज्यादा है। और भले ही शराब पीने के मामले में उत्तर प्रदेश वाले अभी पूर्वोत्तर के छोटे राज्यों और दक्षिण के राज्यों से पीछे हों पर वे जल्दी ही पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों को पीछे छोड़ सकते हैं। हमारे मानस में पंजाब ही सबसे ज्यादा शराब खपत करने वाला है लेकिन वास्तविकता में अब वह तेलंगाना के आधे में रह गया है।

उत्तर प्रदेश के बारे में भविष्यवाणी करने का आधार उसकी नई शराब नीलामी नीति की व्यावहारिकता, नीतियों में निरन्तरता और शराब के व्यापारियों द्वारा इसे पसंद करना कारण है। उत्तर प्रदेश में शराब की दुकान के लिए आप आनलाइन नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं और इस चलते कीमतों में घालमेल की गुंजाइश एकदम कम हो गई है। ऊपर से नीतियों में स्थिरता ने बाहर से आकार प्रदेश में कारोबार करने वालों को निश्चिंत कर दिया है। अब यह सवाल मत उठाइएगा कि एक संन्यासी मुख्यमंत्री यह सब कैसे कर लेते हैं। असल में यह काम नौकरशाही का है और उन्होंने ही बियर और देसी के साथ विदेशी शराब बेचने की दुकानें चलाने की अति-लाभदायक नीति बनाई है। अब इससे प्रदेश के लोगों का क्या लाभ है वह भले विवादास्पद हो लेकिन उससे कोविड पूर्व का 24 हजार करोड़ का राजस्व 51 हजार करोड़ पार कर गया है जो नई शराब नीति डेढ़ साल पहले आई है। उसमें शराब और गांजा-भांग की सभी चार तरह की दूकानों के लिए आनलाइन नीलामी और लाटरी की व्यवस्था हो गई है। और पहली ही नीलामी में न सिर्फ चार लाख से ज्यादा आवेदक आये बल्कि 27 हजार से ज्यादा दुकानें नए मालिकों के हवाले हो गई। प्रोसेसिंग फीस के रूप में ही 2000 करोड़ की कमाई हो गई और देश भर में इस नई नीति की व्यावहारिकता का डंका बजने लगा।

इस व्यावहारिकता में बिहार से लगे कस्बों और शहरों में दुकानों की बाढ़ और उनसे मोटा राजस्व पाना भी एक सफलता थी। कुशीनगर जिले के तमकुहीराज जैसे छोटे कस्बे में जब सिद्धार्थनगर में कारोबार करने वाले व्यवसायी को दुकान मिल गई तो वह यह देखकर हैरान था की पुराने शहर में अद्धा-पौवा और बोतल खरीदने वाले थे तो यहां एक साथ कई-कई बोतल। बिहार में आती-जाती गाड़ियां अकसर बार्डर के इन ठिकानों पर रुककर माल उठाती हैं। गाजीपुर, कुशीनगर, चंदौली, बलिया, देवरिया और सोनभद्र जिलों को भी इसी के चलते ज्यादा राजस्व मिलना शुरू हुआ। ऐसा ही लाभदायक फैसला सिर्फ बियर या आईएफएमएल अर्थात कंट्री मेड फारेन लिकर की दूकानों को बंद करके कम्पोजिट दुकान खोलने का भी था। मध्य प्रदेश और राजस्थान की तरह ही करीब दस हजार कम्पोजिट दुकानें खोली गईं। कहना न होगा कि ये दोनों राज्य भाजपा शासित है और भाजपा एक तरफ तो उनसे यह सीख लेती है लेकिन बिहार की सीख कहीं भी लागू करने का प्रयास नहीं करती।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 11/7/2025 7:54 PM Page 1



# अंग्रेज़ी प्रोजेक्ट पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित अंग्रेज़ी प्रोजेक्ट गतिविधि में विद्यार्थियों ने अंग्रेज़ी शिक्षक मोहम्मद शुएब के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के इस शानदार योगदान के लिए उन्हें 'टोकन ऑफ़ अप्रिसिएशन' देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाते हैं।






सम्मानित विद्यार्थियों में - अपेक्षा तोमर, साक्षी भाई, मिसबा नाज़, राशी त्यागी, अवनी चौहान, वंशिका गुप्ता, उन्नति राजपूत, आयशा परवीन, अनुश्री वर्मा, राधिका शर्मा, सार्थक अग्रवाल और ओम पंडित शामिल रहे।

# एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया

**चांदपुर।** वैदिक कन्या इण्टर कालेज कॉलेज में 7 नवंबर 2025 को श्रीमती अमलादेवी भवन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के अन्तर्गत प्रधानाचार्या सरन प्यारी जी के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी चाँदपुर बिजनौर, तथा सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी प्रबंधन परिषद की सदस्या सुमन त्यागी ने की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहित अग्रवाल नगर अध्यक्ष भाजपा, जितेंद्र शर्मा नगर उपाध्यक्ष भाजपा ,तथा हर्ष जावा कार्यकर्ता युवा मोर्चा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं के मध्य सरदार वल्लभभाई पटेल पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कक्षा 9 की मनी सिंह द्वितीय स्थान कक्षा 9 की अदीना रहमान तथा तृतीय स्थान कक्षा 11 की सानिया मसूद ने प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा विजेत्री छात्राओं को सम्मानित किया।

मोहित अग्रवाल और सुमन त्यागी ने छात्राओं को संबोधित कर राष्ट्र की एकता प्रखंडता को बनाए रखना के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सबका आभार व्यक्त किया । संगीत शिक्षिका कंचन के द्वारा वंदे मातरम गीत की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'वंदे मातरम्' गीत का गायन किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन ऋतु बाला रस्तोगी ने किया।

# राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में 7 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



कार्यक्रम ठीक प्रातः 9:00 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगीत गायन के दौरान विश्राम की मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगीत के प्रति अपना असीम सम्मान और श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर, महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रगीत के गहरे शाब्दिक अर्थ और उसके महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि यह गीत किस प्रकार भारत के संविधान में राष्ट्रगीत के रूप में सम्मिलित किया गया। उन्होंने 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक सफर और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका की पूरी जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रगीत के सम्मान और गायन से संबंधित आवश्यक नियमों और मर्यादाओं से भी परिचित कराया। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना के अतिरिक्त प्रो.महिपाल सिंह, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, सनी कुमार, रामविलास यादव, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. उदिता राजपूत, श्रीमती पूजा राजपूत एवं अमित मलिक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# लेखपाल निलंबित, भाजपा नेता की पुलिस को तलाश

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** सूदखोरों से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले राहुल सैनी के मामले में जेल गए लेखपाल को विरेंद्र सैनी को एसडीएम नजीबाबाद ने निलंबित कर दिया है। सूदखोरों के सिंडिकेट की अर्जित संपत्ति की जांच कराने और नामजद भाजपा नेता की गिरफ्तारी मांग मृतक की पत्नी ने अधिकारियों से की है।

नगीना में 30 अक्तूबर को राहुल सैनी ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद नजीबाबाद तहसील में तैनात लेखपाल विरेंद्र सैनी को नगीना पुलिस गिरफ्तार कर हुए जेल भेज चुकी है। जबकि दूसरे आरोपी भाजपा नेता प्रहलाद कुमार कुशवाहा की गिरफ्तारी बाकी है।

इस मामले में मृतक राहुल सैनी की पत्नी मीनाक्षी ने डीएम, एसपी और एआईजी स्टांप से मुलाकात कर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि आरोपी भाजपा नेता नगीना में खुलेआम घूम रहा है, जिसे पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। कहा कि आरोपियों ने उसके पति को सूदखोरी के चंगुल में फंसाया। मनमानी ब्याज दर लगाकर रकम को बढ़ते रहे। साथ ही दबाव बनाकर करीब चार बीघा जमीन के अलग अलग 18 बैनामे कराए गए। अब बाकी बची हुई जमीन के भी बैनामे करने के लिए दबाव बना रहे थे।

आरोप है कि आरोपी प्रह्लाद ने 1266 वर्ग मीटर आबादी की भूमि को मात्र 1950000 में खरीदना दिखाया है जबकि उक्त जमीन का मूल्य सर्किल रेट के हिसाब से 35 लाख है। उक्त बैनामे में सर्किल रेट के अनुसार स्टांप चोरी करने का भी आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि प्रह्लाद ने जमीन का कोई पैसा नगद या बैंक से नहीं दिया है। शिकायती पत्र देकर आरोपी की नामी और बेनामी संपत्ति की जांच कराने की भी मांग की गई है।

# हिंदू इंटर कॉलेज में रन फॉर यूनिटी भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर :** भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर में रन फॉर यूनिटी विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के 10 छात्रों तथा निबंध प्रतियोगिता में 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11 के छात्र जतिन कुमार ने प्रथम, वेदांश पांडे ने द्वितीय तथा मोहित वर्मा कक्षा 12, ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 का छात्र उमंग कुमार प्रथम, विवेक कुमार द्वितीय तथा हर्षित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

निर्णायक मंडल में विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, अवनीश भटनागर, एवं प्रेमपाल सिंह शामिल रहे।

भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष आदित्य बंसल, रजनीश चौहान एवं युवा मोर्चा नगर मंत्री हर्ष कुमार जावा तथा जितेंद्र शर्मा उपस्थित रहे तथा विजयी प्रतियोगियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, एनएसएस प्रभारी पंकज कुमार एवं नरपाल सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. एम एस त्यागी ने किया।

# ब्लॉक स्तर की बैठक का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर ब्लॉक के डवाकरा हाल में बीएलडीसी (ब्लॉक लेवल डेवलपमेंट कमिटी) की ब्लॉक स्तर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार गुरूवार की सांय को आयोजित बैठक की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक ने की। पंजाब नेशनल बैंक हल्दौर से डायरेक्टर, दीनदयाल (एडीओ), ब्लॉक मिशन मैनेजर महेश, परवेज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। मुख्य रूप से ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी), शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता अभियान तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया। अधिकारियों ने ब्लॉक स्तर पर चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की और आगामी कार्ययोजनाओं को मजबूत बनाने पर बल दिया। विशेष रूप से, स्वच्छ भारत मिशन, शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि ऐसी बैठकें ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आर सेठी डायरेक्टर ने बैंकिंग सेवाओं और स्वरोजगार योजनाओं को जोड़ते हुए किसानों व युवाओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। ब्लॉक मिशन मैनेजर महेश ने स्थानीय स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में सुझाव दिए। यह बैठक ब्लॉक के समग्र विकास के लिए एक सकारात्मक कदम साबित हुई, जिसमें सभी अधिकारी एकजुट होकर ग्रामीण जनता की समस्याओं का समाधान निकालने पर सहमत हुए। आने वाले दिनों में इन चर्चाओं के आधार पर कई नई पहलों की उम्मीद की जा रही है।

# गुलदार के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र में आए दिन गुलदार के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत है। खेड़ीजट में ग्रामीणों की कार के आगे गुलदार के चलने व खेत में बैठे रहने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई है।



ग्राम खेड़ीजट निवासी राजीव त्यागी, संजीव त्यागी, प्रदीप, सुमित त्यागी, क्षितिज, सार्थक, रोहित आदि अपनी इलेक्ट्रॉनिक कार से अपने घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में गाड़ी के आगे गुलदार काफी दूर तक चलता रहा गाड़ी में बैठे लोगों ने गुलदार की चहल कदमी की काफी देर तक वीडियो भी बनाई। इलेक्ट्रॉनिक कार होने के कारण उसकी आवाज नहीं आई और करीब 2 मिनट तक गुलदार अपनी धुन में सड़क पर ही चलता रहा। इसके अलावा गुलदार के खेत में बैठे होने की भी वीडियो वायरल हुई है। उक्त सभी दोनों वीडियो सीकरी से खेड़ीजट वाले मार्ग की है। हिंदुस्तान समाचार पत्र वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। गुलदार के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। उन्होंने गुलदार को पकड़वाने और वन क्षेत्र में छुड़वाने की मांग की है। वन अधिकारियों ने बताया कि मौके पर जांच पड़ताल कराई जाएगी। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

# गुलदार को पकड़ने के लिए लगाए गए वन विभाग के पिंजरे

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव दामनगर में गुलदार को पकड़ने के लिए लगाए गए वन विभाग के पिंजरे में एक फिशिंग कैट (जंगली बिल्ली ) कैद हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे जंगल में छोड़ दिया।



जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव दामनगर के जंगल में स्थित बाबा भूरे शाह नौ गजे पीर की मजार के पास वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में डेढ माह बाद गुरुवार को तेंदुए जैसी दिखने वाली फिशिंग कैट (जंगली बिल्ली ) कैद हो गई। जिसे ग्रामीणों ने तेंदुए का बच्चा समझ लिया। पिंजरे में तेंदुए का बच्चा कैद होने की बात फैलने पर बडी संख्या में ग्रामीण इसे देखने के लिए मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई। हालांकि, मौके पर वन विभाग की टीम के पहुंचने पर पता चला कि पिंजरे में गुलदार नहीं, बल्कि एक फिशिंग कैट फंसी हुई थी। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि उन्हें गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर जाकर देखा तो वह फिशिंग कैट निकली, जिसे सुरक्षित रूप से जंगल में वापस छोड़ दिया गया।

# मुस्लिम फंड नजीबाबाद ने दिव्यांग आश्रम के बच्चों को बांटे कंबल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडावली ।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए मुस्लिम फंड नजीबाबाद ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए मुस्सेपुर स्थित दिव्यांग आश्रम के बच्चों को कंबलों का वितरण किया। यह पहल ठंड से बचाव के लिए बेसहारा दिव्यांग बच्चों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई।मुस्लिम फंड नजीबाबाद के सी ई ओ आई.एच. जकी के निर्देश पर, मुस्लिम फंड नजीबाबाद के जनरल मैनेजर गयूरूल हक बिलाल और अकाउंट सैक्शन इंचार्ज खुर्शीद अहमद मुस्लिम फंड मंडावली शाखा के शाखा प्रबंधक इशारुल हक हिलाल अकाउंटेंट अब्दुल रहमान अल्वी, ने आश्रम पहुंचकर कंबल वितरित किए। कंबल वितरण के दौरान दिव्यांग आश्रम की प्रबंधिका कमलेश आर्य भी मौजूद रहीं। उन्होंने मुस्लिम फंड नजीबाबाद के इस मानवतावादी कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।प्रबंधिका कमलेश आर्य ने कहा, 'मुस्लिम फंड नजीबाबाद समय-समय पर आश्रम और बच्चों की मदद करता रहता है। हम इस सहयोग के लिए उनके और जनरल मैनेजर आई.एच. जकी की प्रशंसा करते हैं। यह कार्य मुस्लिम फंड नजीबाबाद की सामाजिक जिम्मेदारी और आपसी भाईचारे की भावना को दर्शाता है। इस मौके पर एहतेशाम निजामी, भारतीय किसान यूनियन संग्राम के जिलाध्यक्ष फुरकान अहमद महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या गरिमा आर्या आदि मौजूद रहे



# मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर हुई बैठक, आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश

*** राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव व आपत्तियाँ आमंत्रित**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में तहसीलों से प्राप्त प्रस्तावित मतदेय स्थलों की सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई तथा उन पर विचार-विमर्श किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि किसी भी राजनीतिक दल को प्रस्तावित मतदेय स्थलों के संबंध में कोई सुझाव या आपत्ति हो, तो उसे जिला निर्वाचन कार्यालय में दर्ज कराया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों का आवश्यकतानुसार विभाजन किया जाए ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवार विभाजित न हो और सभी सदस्य एक ही अनुभाग व स्थान पर रहें।



जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि पुराने या जर्जर भवनों में बने मतदेय स्थलों को स्थायी भवनों में स्थानांतरित किया जाए। अस्थायी भवनों में बने या मुख्य बस्ती से दूर स्थित मतदेय स्थलों को मतदान क्षेत्र के अंतर्गत किसी सुविधाजनक स्थान पर स्थापित किया जाए। पोलिंग स्टेशन की दूरी दो किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल या लेबर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के दायरे में कोई मतदेय स्थल नहीं बनाया जाए। शहरी क्षेत्रों में बनी नई आवासीय कॉलोनियों में जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ नए पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। यदि किसी निजी भवन, दुकान या राजनीतिक व्यक्ति के स्वामित्व वाले भवन में मतदेय स्थल स्थापित है, तो उन्हें शासकीय भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि विधानसभा क्षेत्रवार बूथ लेवल एजेंट (बी.एल.ए.) की नियुक्ति कर उनकी सूची निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराएं, ताकि निर्वाचन कार्यों में सुचारू सहयोग प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति उसमें शामिल न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती गरिमा सिंह, भाजपा से श्री चंद्रभान सिंह भाटी, कांग्रेस से फैज आलम राईनी, बसपा से डॉ. जफर महमूद, सपा से ऋषिपाल सिंह, उप जिलाधिकारी हसनपुर श्री पुष्करनाथ चौधरी, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दुबे, उप जिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी नौगांवा सुनीता सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम कौराला में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल एवं ग्रीन चौपाल का आयोजन



*** ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम कौराला, विकास खंड धनौरा में ग्राम चौपाल (संवाद से समाधान) एवं ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना रहा। ग्राम प्रधान अनीता ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कराया, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार कर बच्चियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने स्वास्थ्य, बिजली, जल, शौचालय, आवास योजना, मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, पेंशन, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले और अपात्रों के नाम हटाए जाएं। ग्रामीणों द्वारा बिजली व पेयजल व्यवस्था, टूटी सड़कों और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने वृद्धों के आयुष्मान कार्ड तीन दिन में बनाए जाने और स्कूलों में शिक्षण कार्य की निगरानी के निर्देश दिए। मनरेगा जॉब कार्डों के सत्यापन और स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली की जांच के आदेश भी दिए। ग्राम में खेल मैदान हेतु उपलब्ध 18 बीघा भूमि पर मिनी स्टेडियम प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकाधिक वृक्ष लगाकर और कम रासायनिक खादों का उपयोग कर मृदा व वायु को शुद्ध रखें। अंत में उन्होंने पंचायत घर परिसर में वृक्षारोपण किया।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी धनौरा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस......
# श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं रैली का भव्य आयोजन

*** विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली, कैंसर के प्रति किया जनजागरण का संकल्प**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में 'कैंसर जानलेवा पर लाइलाज नहीं' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वेंक्टेश्वरा स्कूल ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर कैंसर के विरुद्ध समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुरेश जी मेहता, कुलसचिव डॉ0 पीयूष कुमार पाण्डेय, डीन डॉ0 ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ0 ओमप्रकाश गौसाई एवं डॉ0 अश्विन सक्सेना सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।




अपने उद्बोधन में प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने कहा कि 'कैंसर एक विश्वव्यापी जानलेवा बीमारी है, लेकिन यह लाइलाज नहीं है। यदि प्रारम्भिक अवस्था में जाँच द्वारा इसका पता चल जाये तो प्रभावी उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। दवाओं के साथ-साथ मानसिक मजबूती, योग, नैचुरोपैथी और संतुलित जीवनशैली का इसमें महत्वपूर्ण योगदान होता है।' वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने संदेश देते हुए कहा कि 'प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान लेने वाली यह भयावह बीमारी अब हमारे सामूहिक प्रयासों से परास्त की जा सकती है। आइये, हम सब मिलकर समाज में व्यापक जागरूकता फैलाएं।' इस अवसर पर प्रो. (डॉ0) सुरेश जी मेहता ने कहा कि 'फर्स्ट स्टेज में जाँच से कैंसर की पहचान हो जाने पर इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।' कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर से हजारों छात्र-छात्राओं ने विशाल जागरूकता रैली निकाली, जिसमें 'कैंसर से डरें नहीं, जाँच कराएं' जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस मौके पर डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 मनीष शर्मा, डॉ0 मंजरी राणा, अनुषा कर्णवाल, जूही, अनुज शर्मा, हरप्रीत कौर, सुमनदीप, इंदु सिंह, तहसीर, शोएब, जुबेर, अलीशा, बॉबी रावत, स्मिता, संजीव कुमार सहित मेरठ परिसर से डॉ0 प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# यूरोलॉजी में रोबोटिक प्रिसिशन से बदला मरीजों का अनुभव

*** सर्जरी में बढ़ी सटीकता, घटा दर्द और रिकवरी का समय**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** यूरोलॉजी शरीर की सबसे कॉम्प्लेक्स और सेंसिटिव सिस्टम्स से जुड़ा क्षेत्र है, जिसमें यूरिनरी ट्रैक्ट, ब्लैडर, प्रोस्टेट और किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंग शामिल हैं। ये अंग शरीर से वेस्ट पदार्थ निकालने, फ्लूइड का संतुलन बनाए रखने और समग्र स्वास्थ्य को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन इनकी स्थिति ऐसी होती है कि सर्जरी के दौरान इन तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण होता है।पिछले दो दशकों में, रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी ने इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। इस तकनीक की मदद से सर्जन अब बेहद कॉम्प्लेक्स सर्जरी भी अधिक सटीकता और कम दुष्प्रभावों के साथ कर पा रहे हैं। 'रोबोटिक सर्जरी' का मतलब यह नहीं है कि मशीन खुद ऑपरेशन करती है, बल्कि हर कदम एक प्रशिक्षित सर्जन के नियंत्रण में होता है, जहां तकनीक उसकी कुशलता को और बेहतर बनाती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के यूरोलॉजी, यूरो ऑन्कोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट एवं रोबोटिक सर्जरी के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर विमल दस्सी ने कहा 'रोबोटिक सर्जरी में सर्जन एक विशेष कंसोल पर बैठकर ऑपरेशन को 3ष्ठ हाई-डेफिनिशन व्यू में देखते हैं और अपने हाथों और पैरों से उपकरणों को नियंत्रित करते हैं। ये उपकरण इंसानी हाथों की तुलना में कहीं ज्यादा लचीले होते हैं और सर्जन की हर हलचल को उच्च सटीकता के साथ शरीर के भीतर दोहराते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से यूरोलॉजिकल सर्जरी में उपयोगी है, जहां नसें, ब्लड वेसल्स और अन्य नाजुक संरचनाएं बहुत पास होती हैं। इस सटीकता से ब्लैडर कंट्रोल, यौन क्षमता और किडनी के कार्य को सर्जरी के बाद भी सुरक्षित रखा जा सकता है। यूरोलॉजी में रोबोटिक तकनीक का उपयोग प्रोस्टेट सर्जरी, ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन, किडनी ट्यूमर हटाने, यूरिटर रिपेयर, यूरो-ऑन्कोलॉजी सर्जरी और कुछ मामलों में किडनी ट्रांसप्लांट के लिए किया जा रहा है। इन सभी सर्जरी में छोटे चीरे लगाए जाते हैं जिससे दर्द कम होता है, निशान हल्के पड़ते हैं और मरीज जल्दी ठीक हो जाता है।' मरीजों के अनुभव की बात करें तो रोबोटिक सर्जरी से कई लाभ मिलते हैं, कम दर्द, कम अस्पताल में रहने का समय, जल्दी रिकवरी और सामान्य जीवन में शीघ्र वापसी। साथ ही, नसों को सुरक्षित रखने वाली सर्जरी में इसके परिणाम पारंपरिक तरीकों से बेहतर पाए गए हैं। हालांकि, हर मरीज का परिणाम उसके स्वास्थ्य, बीमारी की प्रकृति और सर्जन के अनुभव पर निर्भर करता है।यह समझना जरूरी है कि रोबोटिक सर्जरी सर्जन की जगह नहीं लेती, बल्कि उसकी क्षमताओं को कई गुना बढ़ा देती है। जैसे-जैसे तकनीक विकसित हो रही है, यूरोलॉजी में रोबोटिक सर्जरी की भूमिका और बढ़ने की संभावना है। नई इमेजिंग तकनीक, बेहतर इंस्ट्रूमेंट डिजाइन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का समावेश भविष्य में सर्जरी को और सुरक्षित, सटीक और मरीज-केंद्रित बनाएगा।.



**मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही तकनीक**

**अमरोहा।** डॉ. दस्सी के अनुसार, रोबोटिक सर्जरी से मरीजों को पारंपरिक सर्जरी की तुलना में कम दर्द, कम अस्पताल में रहने का समय और तेज़ रिकवरी मिलती है।

इसके अलावा, नसों को सुरक्षित रखने वाली सर्जरी में यह तकनीक यौन क्षमता और ब्लैडर कंट्रोल को बेहतर बनाए रखने में मदद करती है।

**भविष्य में और बढ़ेगा उपयोग**

**अमरोहा।** डॉ. दस्सी का कहना है कि 'रोबोटिक सर्जरी सर्जन की जगह नहीं लेती, बल्कि उसकी क्षमताओं को कई गुना बढ़ा देती है।' भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस इमेजिंग और बेहतर इंस्ट्रूमेंट डिज़ाइन के साथ यह तकनीक सर्जरी को और अधिक सुरक्षित, सटीक और मरीज-केंद्रित बनाएगी।

# ''अनंता'' कार्यक्रम का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट नवीन सभागार, सहारनपुर में मेगा इवेंट ''अनंता'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 महिलाओं/बालिकाओं को अपर जिला अधिकारी (प्रशासन), सहारनपुर द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा मिशन शक्ति 5. 0 के उद्देश्य को बताते हुए महिलाओं/बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना



(सामान्य), सखी- वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,साथ ही सभी हेल्प लाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसकी उपयोगिता के बारे में बता कर महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान कराया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को एर्नाकुलम जंक्शन-केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुबह सात बजे आयोजित एक समारोह के दौरान ट्रेन (06652) का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करेंगे।

भाजपा ने घोषणा की कि केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और जॉर्ज कुरियन तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर एर्नाकुलम जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे।



दक्षिणी रेलवे द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नयी शुरू की गई एर्नाकुलम-केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस केरल के लिए तीसरी वंदे भारत सेवा होगी। यह राज्य को तमिलनाडु और कर्नाटक से जोड़ेगी।

बयान में कहा गया है कि इसके साथ ही दक्षिणी रेलवे के अधिकार क्षेत्र में कुल 12 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनें संचालित होंगी।

विज्ञप्ति में कहा गया है, 'केएसआर बेंगलुरु-एर्नाकुलम वंदे भारत एक्सप्रेस केरल की वाणिज्यिक राजधानी एर्नाकुलम और बेंगलुरु महानगर के बीच निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। यह ट्रेन कृष्णराजपुरम और केएसआर बेंगलुरु पहुंचने से पहले त्रिशूर, पलक्कड़, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, इरोड और सलेम सहित केरल और तमिलनाडु के प्रमुख शहरों से होकर गुज़रती है।'

अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन (06652) एर्नाकुलम जंक्शन-केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस आठ कोचों के साथ एक विशेष सेवा के रूप में संचालित होगी।

# पीढ़ियों से लोगों की चेतना को जागृत करता रहा है 'वंदे मातरम' : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' पीढ़ियों से लोगों की चेतना को जागृत करता रहा है।

शर्मा ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत के लिए गुवाहाटी सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों समेत नागरिक भी मौजूद रहे।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''वंदे मातरम वह बुनियाद है जिस पर देश का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद टिका हुआ है। पीढ़ियों से इसने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया, इसकी कल्पनाशक्ति प्रज्वलित की, साहस को शक्ति दी और देश की एकता को प्रगाढ़ किया।''

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरमीत सिंह ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ असम पुलिस मुख्यालय में 'वंदे



मातरम' का गायन किया।

असम पुलिस ने 'एक्स' पर कहा, ''डीजीपी असम पुलिस की उपस्थिति में गूंजे एकजुट स्वरों ने वंदे मातरम को नमन किया जिसने राष्ट्र को जागृत किया और आज भी हर भारतीय के हृदय को झंकृत करता है।''

# किसान प्रदर्शनः कुमारस्वामी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर केंद्र पर दोष मढ़ने का आरोप लगाया

**मैसुरु।** जनता दल सेकुलर (जदएस) और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर कर्नाटक में किसानों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में उचित निर्णय लेने में विफल रहने और केंद्र पर दोष मढ़ने का प्रयास करने का आरोप लगाया।



उन्होंने आरोप लगाया कि लगता है कि सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त की कि मुख्यमंत्री और सरकार कुछ उन मंत्रियों के दबाव में आ जायेगी जो चीनी मिलों के मालिक हैं।

बेलगावी जिले के मुदलागी तालुक में गुरलापुर चौराहे पर गन्ना किसानों का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को नौवें दिन भी जारी रहा। यह विरोध प्रदर्शन बेलगावी, बागलकोट, विजयपुरा, हावेरी जैसे उत्तरी कर्नाटक के विभिन्न जिलों में भी फैल गया है। किसान गन्ने के लिए 3,500 रुपये प्रति टन का उचित मूल्य मांग रहे हैं।

विरोध प्रदर्शन तेज होने के साथ, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को किसान नेताओं और चीनी मिलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक बुलाई है।

कुमारस्वामी ने कहा,''एक ओर मुझे इस सरकार पर गुस्सा आ रहा है, वहीं दूसरी ओर उनकी स्थिति और जिस तरह से वे सरकार चला रहे हैं, उस पर मुझे तरस भी आ रहा है। सिद्धरमैया हाल के दिनों में सक्रिय नेताओं में सबसे वरिष्ठ नेता हैं। वह दो बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं तथा वित्त मंत्री के रूप में लगभग 14 बजट पेश कर चुके हैं।''

पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने यहां पत्रकारों से बातचीत में पूछा कि इतना अनुभव होने के बावजूद, सिद्धरमैया पिछले आठ-नौ दिनों से उत्तरी कर्नाटक के कई जिलों में किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान उचित निर्णय क्यों नहीं ले पाए।

उन्होंने कहा,''यह कोई ऐसा फैसला नहीं है जो जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर लिया जा सके। मेरे हिसाब से यह एक छोटा सा मामला है, जिसका फैसला वह खुद कर सकते हैं। उन्होंने छोटे से मुद्दे को बड़ा हो जाने दिया है।''

केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री और उनकी सरकार की मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करने और गन्ना किसानों के विरोध प्रदर्शन के समाधान के लिए पत्र लिखने पर कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, ''किस राज्य सरकार ने ऐसा किया है? इसका श्रेय सिर्फ सिद्धरमैया को जाता है।''

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है, क्योंकि ''जब मैं भाजपा और कांग्रेस दोनों के साथ गठबंधन में दो बार मुख्यमंत्री बना, तो मैंने कभी भी केंद्र पर दोष नहीं मढ़ा और न ही गन्ना किसानों का मुद्दा उठने पर प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने को कहा। मुख्यमंत्री के रूप में मैंने निर्णय लिए और किसानों को कभी भी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी।''

# कलैक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रीय गीत का समूह गायन



*** वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष भर चार चरणों में आयोजित होंगे कार्यक्रम**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री संतोष बहादुर सिंह द्वारा सभी कलेक्ट्रेट कर्मियों को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का समूह गायन कराया गया।

श्री बहादुर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे हो रहे है। ऐसा माना जाता है कि श्री बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत अक्षय नवमी जो वर्ष 1875 में 07 नवम्बर को थी, के शुभ अवसर पर लिखा गया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान विभिन्न समुदायों, संस्कृतियों और देशवासियों को एकजुट करने एवं देशभक्ति की नई चेतना जगाने में इस गीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व के दृष्टिगत संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के पत्रानुसार पूरे देश में 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक चार चरणों में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष के अवसर को भव्यता पूर्ण ढंग से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि प्रथम चरण 07 से 14 नवम्बर 2025 शुभारम्भ सप्ताह, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों के साथ, तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा 2026 के साथ तथा चतुर्थ चरण समापन सप्ताह 01 से 07 नवम्बर 2026 तक मनाया जाएगा।

# 'भारत में हॉकी के 100 वर्ष'' पूरे होने के उपलक्ष्य में हॉकी पुरूष/महिला प्रतियोगिता हुई सम्पन्न



**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर द्वारा यह वर्ष ''भारत में हॉकी के 100 वर्ष'' पूरे होने, महान राष्ट्रीय गौरव और खेल उत्कृष्टता एवं इस ऐतिहासिक अवसर पर आज हॉकी (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन श्री राहुल चोपडा क्रीडाधिकारी के दिशा निर्देशन में श्री प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) की देख-रेख में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ श्रीमती जसलीन जुनेजा (मंडल कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगर निगम सहारनपुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का समापन श्री जयराम गौतम प्रधान वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रवीन कुमार, डी0सी0मुदगल, राहुल टॉक सचिव जिला हॉकी संघ सहारनपुर, श्रीमती मैनका टॉक राष्ट्रीय खिलाडी व संयुक्त सचिव उ0प्र0 हॉकी, गगन दीप समाजसेवी, डी0सी0मुदगल, शिव नन्दन, बृजेश कुमार, प्रदीप कुमार शर्मा, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, जयेन्द्र कुमार, आदेश, पुनीत कुमार आर्य, राहुल सैनी, रोहित वाल्मिकि आदि उपस्थित रहें।

जिसमें रोहित वाल्मीकि निर्णायक रहे तथा श्री प्रदीप कुमार शर्मा अं0का0मा0हॉकी प्रशिक्षक का प्रतियोगिता में विशेष योगदान रहा है।

परिणाम महिला वर्ग विजेता-स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर हॉकी टीम उप विजेता- हिरोज हॉकी एकेडमी सहारनपुर टीम

परिणाम पुरूष वर्ग विजेता-हिरोज हॉकी एकेडमी सहारनपुर टीम उप विजेता-स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर हॉकी टीम विजेता रहे।

# शासन में बाहरी हस्तक्षेप न होः 'वंदे मातरम' की वर्षगांठ पर अब्दुल्ला ने स्कूलों में आयोजनों पर कहा

**बडगाम (जम्मू कश्मीर)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने स्कूलों में 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ मनाने की अनुमति नहीं दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में बाहरी निर्देश नहीं होने चाहिए और केंद्र शासित प्रदेश के शासन में कोई हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह निर्णय कैबिनेट द्वारा नहीं लिया गया है, न ही शिक्षा मंत्री ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं। हमें इन मामलों में बाहरी निर्देश के बिना ही अपने स्कूलों के बारे में तय करना चाहिए।'' गत 30 अक्टूबर को, जम्मू-कश्मीर के संस्कृति विभाग ने पूरे केंद्रशासित प्रदेश के स्कूलों से 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भाग लेने का आह्वान किया था।इस आदेश का जम्मू-कश्मीर के कई धार्मिक संगठनों के गठबंधन, मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने कड़ा विरोध किया। उन्होंने इसे ''जबरदस्ती वाला आदेश'' करार देते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

उनका तर्क था कि गीत के कुछ हिस्से इस्लामी मान्यताओं के विपरीत हैं।

अब्दुल्ला शुक्रवार को बडगाम विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जहां 11 नवंबर को उपचुनाव के तहत मतदान होना है। अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव में गंदेरबल के साथ बडगाम सीट से भी जीत हासिल की थी और बाद में उसे छोड़ दिया था। इस कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है।

# आबकारी विभाग ने मलयालम फिल्म से जुड़े निर्देशकों से जुड़े मादक पदार्थ मामले में आरोपपत्र दायर किया

**कोच्चि।** केरल में आबकारी विभाग ने सिनेमैटोग्राफर और निर्देशक समीर ताहिर के अपार्टमेंट से 1.6 ग्राम हाइब्रिड गांजा जब्त किए जाने के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक आबकारी अधिकारी ने बताया कि ताहिर और मलयालम फिल्म निर्देशक खालिद रहमान और अशरफ हमजा समेत चार लोग इस मामले में आरोपी हैं। उन्होंने कहा कि चौथा आरोपी उनका दोस्त शाली मोहम्मद है।

आबकारी अधिकारियों ने बताया कि आरोपपत्र बृहस्पतिवार को कोच्चि की एक अतिरिक्त जिला सत्र अदालत में दाखिल किया गया।

एक अधिकारी ने बताया कि विभाग ने पाया कि फ्लैट में मादक पदार्थों का इस्तेमाल किया गया था, और यह बात ताहिर को मालूम थी।

अधिकारी ने बताया कि कथित तौर पर मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाले मुख्य व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

आरोपियों ने अधिकारियों को बताया कि कोझिकोड के नवीन नाम के एक व्यक्ति ने मादक पदार्थ सौंपा था, लेकिन आबकारी विभाग ने कहा कि वे अब तक उसका पता नहीं लगा पाए हैं।

आबकारी विभाग की टीम ने 27 अप्रैल को एर्नाकुलम में गोश्री के पास ताहिर के अपार्टमेंट से रहमान, हमजा और शाली मोहम्मद को गिरफ्तार किया। इसके बाद ताहिर को गिरफ्तार किया गया।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित हुआ अनंता कार्यक्रम



*** विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं को किया गया सम्मानित**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति 5.0' के अंतर्गत जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में मेगा ईवेन्ट 'अनंता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री संतोष बहादुर सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया जिसमें जनपद की 50 विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग, क्रीड़ा विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, युवा कल्याण विभाग, पंचायत राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, जिला प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास विभाग, कृषि विभाग से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 5-5 महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार पाण्डेय द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्य को बताते हुए महिलाओं व बालिकाओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं यथा- उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला' योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा सखी-वन स्टॉप सेन्टर योजना के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान कराया गया। कार्यक्रम मे जनपद सहारनपुर में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 शिवांका गौड़, जिला पंचायत राज विभाग से देव भास्कर पाण्डेय व जिला प्रोबेशन विभाग का समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा के हिसार में पुलिसकर्मी की घर के बाहर पीट-पीटकर हत्या, पांच गिरफ्तार

**हिसार।** हरियाणा पुलिस के एक उपनिरीक्षक (57 वर्ष) की यहां अपने घर के बाहर लोगों के एक समूह को हंगामा करने से रोकने की कोशिश करने के बाद कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे की है। पुलिस ने बताया कि ढाणी श्याम लाल इलाके में उपनिरीक्षक रमेश कुमार की ईंटों और लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।



पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि कुमार की डांट के बाद समूह वहां से चला गया, लेकिन फिर वापस आकर उन पर ईंटों से हमला कर दिया जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई।

पुलिस ने हत्या के सिलसिले में 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने कहा कि हमलावर कुमार के ही मोहल्ले में रहते हैं।

पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई एक कार और एक स्कूटर जब्त कर लिया है। कुमार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के कार्यालय में तैनात थे और जनवरी में सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# जरांगे ने मुंडे पर उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया, मुंडे का इनकार, सीबीआई जांच की मांग

**छत्रपति संभाजीनगर।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक धनंजय मुंडे ने उनकी हत्या की साजिश रची थी। मुंडे ने जरांगे के इस आरोप का खंडन करते हुए इस संबंध में दर्ज शिकायत की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

जालना पुलिस के अनुसार, जरांगे के सहयोगी गंगाधर कलकुटे द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या की साजिश रचे जाने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई गई एक औपचारिक शिकायत की जांच के बाद दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

संवाददाताओं से बातचीत में जरांगे ने आरोप लगाया, ''धनंजय मुंडे ने मेरी हत्या की साजिश रची थी। कंचन नाम का एक व्यक्ति, जो मुंडे का निजी सहायक या उनकी जान-पहचान का है, हिरासत में लिए गए संदिग्धों में से एक को परली गेस्ट हाउस ले गया था, जहां मुंडे ने एक बैठक बुलाई थी और उनसे बात की थी।''

उन्होंने दावा किया कि उनके फर्जी वीडियो और रिकॉर्डिंग बनाकर उन्हें बदनाम करने या कुछ दवाओं का इस्तेमाल करके उन्हें मारने की चर्चा हुई थी।

जरांगे ने आरोप लगाया कि बैठक के बाद संदिग्धों ने उन्हें खत्म करने के लिए 2.5 करोड़ रुपये में सौदा किया। उन्होंने साजिश में कम से कम 18 लोगों के शामिल होने का दावा किया और आरोप लगाया कि संदिग्धों ने मुंबई में मुंडे से भी मुलाकात की और वारदात को दुर्घटना दिखाने के लिए एक वाहन मांगा।

इस बीच, मुंडे ने जरांगे के आरोपों को 'निराधार, दुर्भावनापूर्ण और राजनीति से प्रेरित' करार दिया और दावा किया कि उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ कभी कुछ नहीं कहा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मामले के सिलसिले में हिरासत में लिए गए लोग खुद जरांगे से जुड़े थे।

परली से राकांपा विधायक ने कहा कि वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने की अपील करेंगे।

# मुख्यमंत्री नहीं बदलेगा, कांग्रेस के लिए सिद्धरमैया को बदलना आसान नहींः कुमारस्वामी

**मैसुरु।** जनता दल (सेक्युलर) नेता एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री नहीं बदला जाएगा क्योंकि कांग्रेस पार्टी के लिए सिद्धरमैया को बदलना आसान नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चूंकि सिद्धरमैया पहले जद(एस) में थे, इसलिए उन्हें और उनकी पार्टी के नेताओं को पता था कि वह क्या करने में सक्षम हैं, जो अन्य लोगों को नहीं पता।

दरअसल ऐसी अटकलें हैं कि इस महीने की 20 तारीख के बाद जब कांग्रेस सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल के आधे पड़ाव पर पहुंच जाएगी तब राज्य में मुख्यमंत्री परिवर्तन हो सकता है। कुछ लोग इसे ''नवंबर क्रांति'' के रूप में संदर्भित कर रहे हैं।

कुमारस्वामी ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, ''मुझे क्रांति में कोई विश्वास नहीं है, क्रांति के बारे में चर्चा चल रही है लेकिन मेरी राय में कोई क्रांति नहीं होगी।''

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी राय में मुख्यमंत्री में बदलाव नहीं होगा, उन्होंने कहा, ''कुछ नहीं होगा। वह (सिद्धरमैया) पहले हमारे साथ थे, दूसरे नहीं जानते कि वह क्या हैं। चूंकि वह पहले हमारे साथ थे इसलिए हम जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं।''

उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के लिए उन्हें हटाना आसान नहीं है। उनके बीच (कांग्रेस के भीतर) क्या बातचीत हुई है इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है।''



सिद्धरमैया 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की पार्टी जद(एस) से निकाले जाने के बाद कांग्रेस में शामिल हुए थे।

उप-मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर कुमारस्वामी ने कथित तौर पर उपहास करते हुए कहा, ''वह (शिवकुमार) हर रोज़ भगवान से इस बारे में चर्चा करते हैं कि उन्हें कब मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। यह उनके और भगवान के बीच का मामला है।''

सिद्धरमैया ने हाल ही में कहा था कि वह कांग्रेस आलाकमान के फैसले के अधीन पूरे पांच साल तक पद पर बने रहेंगे। शिवकुमार के इस बयान पर कि राज्य में क्रांति 2028 में ही होगी और कांग्रेस सत्ता में वापस आएगी, कुमारस्वामी ने कहा कि इस राज्य में पहले भी कई लोगों ने कहा है कि वे अगले दस या बीस साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे या सत्ता में रहेंगे।

# अशोक गहलोत ने कांग्रेस सरकार की परियोजनाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर गत कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई कई बड़ी परियोजनाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार ने इन परियोजनाओं का या तो काम धीमा कर दिया या काम पूरा होने के बाद भी इन्हें उपयोग में लेना शुरू नहीं किया।



गहलोत ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि हमारी (पिछली) कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक से एक शानदार परियोजनाएं बनाई।

उन्होंने इस संदर्भ में राजीव गांधी फिनटेक इंस्टीट्यूट, गांधी वाटिका म्यूजियम, कांस्टिट्यूशन क्लब, आईपीडी टॉवर, महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज, 310 नए कॉलेज, पांच से अधिक विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों का जिक्र किया और कहा कि इन संस्थाओं की चर्चा पूरे देश में है।

उन्होंने कहा,''यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा सरकार ने इन संस्थानों का या तो काम धीमा कर दिया या काम पूरा होने के बाद भी इन्हें उपयोग में लेना शुरू नहीं किया।''

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा,''ये परियोजनाएं कोई हमारा व्यक्तिगत काम नहीं हैं बल्कि प्रदेश के बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस सरकार के योगदान का परिणाम हैं। पता नहीं भाजपा सरकार प्रदेश के भविष्य को लेकर क्यों गंभीर नहीं है।''

गहलोत के अनुसार राज्य की भाजपा सरकार ने कांस्टिट्यूशन क्लब की सदस्यता भी पूरी तरह शुरू नहीं की है। इसी प्रकार गांधी वाटिका म्यूजियम के माध्यम से नई पीढ़ी तक गांधी को पहुंचाने की कोई कार्य योजना भाजपा सरकार ने नहीं बनाई है। उन्होंने कहा कि 'महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज' में शासन (गवर्नेंस) और सामाजिक विज्ञान (सोशल साइंसेज) के नए पाठ्यक्रम हैं जिनके लिए अभी विद्यार्थियों को दूसरे राज्यों या विदेश में जाना पड़ता है।

गहलोत के अनुसार,''पूरी इमारत बनने, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज सहित अन्य संस्थानों से जरूरी समझौते आदि होने के बाद भी यह संस्थान नई इमारत में शुरू नहीं हुआ है।''

# राष्ट्रीय एकीकरण के सूत्रधार भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 जयंती के अवसर पर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्कूलों में आयोजित हुए कार्यक्रम

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी 150 वी जयंती वर्ष पर्यन्त कार्यक्रम के दूसरे चरण में सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दिनांक 5 नवंबर से 7 नवंबर तक होने वाली रंगोली प्रतियोगिताओं में जनपद सहारनपुर के 168 उच्च प्राथमिक तथा 405 कंपोजिट विद्यालय के लगभग 24,563 छात्रों ने उत्साहपूर्वक रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता एवं सौहार्द्र की भावना का विकास करना था।



प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक हुनर का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान तथा एकता की प्रेरणा को अपने रंगोली के रूप में प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में छात्रों ने विविध रंगों व कल्पनाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुश कोमल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम न केवल कला एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रीय एकता और सरदार पटेल के विचारों को भी मजबूती से स्थापित करते हैं।

# विकसित भारत के निर्माण में वन्दे मातरम् की भावना हमारी प्रेरणा-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**-वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सभी राष्ट्रीय चेतना के महान गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के साक्षी बन रहे हैं तथा अमर काव्य की वंदना कर रहे हैं। वन्दे मातरम् ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम को स्वर दिया जिसने करोड़ों भारतीयों के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं है बल्कि हमारी सामूहिक चेतना, हमारी आत्मा की पुकार तथा मातृभूमि के प्रति हमारी अनंत श्रद्धा का प्रतीक है।

शर्मा शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने अपने उपन्यास आनंदमठ में इस अमर रचना को लिखा, तब शायद उन्हें भी यह अनुमान नहीं था कि ये पंक्तियां भारत माता की आजादी के लिए लड़ने वाले लाखों वीरों का युद्धनाद बन जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह गीत हमारे स्वतंत्रता संग्राम का प्राणतत्व बना, क्रांतिकारियों का मंत्र और एकता का सूत्र बना। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कोलकाता में इसे गाया तो पूरा सभागार भावविभोर हो उठा। आजादी की लड़ाई से अबतक, वन्दे मातरम् हर आंदोलन, जुलूस एवं भारतीय की जुबान पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम राष्ट्रगीत के 150 वर्षों का ऐतिहासिक उत्सव मना रहे हैं। युवा भारत के भविष्य हैं, राष्ट्र की आशा हैं और इस महान विरासत के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की अंतरिम सरकार की घोषणा के समय भी वन्दे मातरम् गाया था। क्रांतिकारी जब फांसी के तख्ते पर चढ़ते थे तो उनके होठों पर भी वन्दे मातरम् होता था। अंग्रेज इस गीत से इतने भयभीत थे कि इसे सार्वजनिक रूप से गाने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

शर्मा ने कहा कि वन्दे मातरम् में भारतीयों को एक सूत्र में बांधने की शक्ति है। इस गीत में गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए राष्ट्रभक्तों को आत्मशक्ति देने की ऊर्जा है। यह केवल राजनीतिक नारा नहीं है बल्कि एक आध्यात्मिक शक्ति है जो हमारी सामूहिक चेतना को जागृत करने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि यह गीत हमें हमारी साझी पहचान से तथा जड़ों से जोड़ता है। वन्दे मातरम् केवल अतीत की धरोहर नहीं है बल्कि आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि जब हम राष्ट्र निर्माण की बात करते हैं तथा विकसित भारत का सपना देखते हैं तो वन्दे मातरम् की भावना ही हमारी प्रेरणा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत विश्व में अपनी पहचान बना रहा है। हम अंतरिक्ष में चंद्रयान भेज रहे हैं, डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं तथा आर्थिक शक्ति बन रहे हैं। यह सब अपनी जड़ों से जुड़े होने तथा अपनी संस्कृति पर गर्व करने से ही संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् हमारी चेतना, राष्ट्र की अखंडता और एकता का सूत्र है। आज वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम इस गीत की भावना को अपने जीवन में उतारेंगे।



शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर को वन्दे मातरम् के 150वें वर्ष के राष्ट्रव्यापी समारोह की स्वीकृति देकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह समारोह केवल उत्सव नहीं है बल्कि राष्ट्रीय आंदोलन है जिसका उद्देश्य हमारे नागरिकों को, विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी और विद्यार्थियों को इस गीत की मूल क्रांतिकारी भावना से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। वीरों एवं शहीदों की भूमि राजस्थान के हर घर एवं गली में वन्दे मातरम् की गूंज व्याप्त है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप, रानी पद्मिनी, वीर दुर्गादास राठौड़ से लेकर स्वतंत्रता संग्राम के अनगिनत शहीदों तक इस धरा ने त्याग और बलिदान की अमर कहानियां लिखी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को इतिहास के बारे में जानना चाहिए। जब तक स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को नहीं जानेंगे तब तक आजादी के मूल्य को नहीं समझ पाएंगे। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् का इतिहास जानिए, इसके हर शब्द का अर्थ समझिए तथा राष्ट्रप्रेम को जीवित रखिए। आज सोशल मीडिया पर विदेशी संस्कृति हावी हो रही है लेकिन हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना है। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् गाइए, इसे अपने दिल में बसाइए। साथ ही, देशभक्ति को कर्म में बदलिए, केवल नारे लगाना काफी नहीं है। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें तथा देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवा भविष्य के भारत के निर्माता हैं। यह कार्यक्रम एक अवसर है जब आप अपने भीतर राष्ट्रप्रेम की अलख जगा सकते हैं। राजस्थान के हर स्कूल, हर कॉलेज में वन्दे मातरम् की भावना को समझा जाए। हमारे बच्चे केवल इसे गाएं नहीं बल्कि इसके हर शब्द का अर्थ समझें तथा इसके पीछे की कहानी भी जानें। राजस्थान सरकार इस दिशा में हर संभव प्रयास करेगी।

शर्मा ने कहा कि 150 वर्ष का यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि हमारी आजादी आसान नहीं थी। लाखों लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया तब हमें स्वतंत्रता मिली। हमारा कर्तव्य है कि हम इसकी रक्षा करें और इसे मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम् के दो शब्द हमें याद दिलाते हैं कि हम भारत माता के सपूत हैं। हमारा दायित्व है कि हम अपने देश को उन्नति के सबसे ऊंचे शिखर पर ले जाएं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि वन्दे मातरम् की भावना को जीवन में उतारेंगे, कर्तव्यों का पालन करेंगे, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे और भारत माता के गौरव को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था उठो, जागो और दुनिया में छा जाओ। आज दुनिया में छा जाने का ही समय है। उन्होंने कहा कि युवा आगे आएं और अपनी ताकत पहचानकर विश्वपटल पर भारत का नाम रोशन करें। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि भारत भूमि के लिए तथा राष्ट्रहित के लिए काम करें। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में काम किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि देश का युवा, महिला, किसान और मजदूर आगे बढ़ेगा तो हमारा देश-प्रदेश विकसित बनेगा। राज्य सरकार उसी मूलमंत्र के साथ विकसित राजस्थान की दिशा में काम कर रही है। युवाओं को रोजगार देने के साथ ही किसान कल्याण एवं महिला उत्थान के लिए काम हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिसमें 1857 की क्रांति व भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों के योगदान से संबंधित जानकारी एवं विकसित भारत से संबंधित पेंटिंग्स दिखाई गई। इसके पश्चात उन्होंने वन्दे मातरम् सैण्ड आर्ट को भी देखा। समारोह में शर्मा ने प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त गायक पीयूष पंवार ने राष्ट्र भक्ति के गीतों की सुरमयी प्रस्तुति दी। साथ ही, ड्रोन से स्टेडियम में पुष्प वर्षा की गई। संपूर्ण कार्यक्रम में आमजन, प्रतिभागियों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों ने एक स्वर में भारत माता की जय और वन्दे मातरम् के जयकारों से पूरे आयोजन को जोश से भर दिया। राजस्थान के लोक कलाकारों ने वाद्ययंत्रों के माध्यम से विशेष प्रस्तुतियां दी। लोगों ने केसरिया साफा पहनकर एवं हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्र सेवा की भावना से ओतप्रोत होकर विकसित भारत के विजन को मजबूत बनाया। शर्मा ने सभी लोगों को आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने जब आसमान में गुब्बारे छोड़े तो पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, सांसद मदन राठौड़, घनश्याम तिवाड़ी, राव राजेन्द्र सिंह, मंजू शर्मा, विधायकगण सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, युवा व आमजन उपस्थित रहे।

# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में बढ़ सकती हैं शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की मुश्किलें, जांच में मिले अहम सुराग



**मुंबई।** 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बेस्ट डील कंपनी के माध्यम से निवेशकों के साथ की गई कथित करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में नया और बड़ा खुलासा सामने आया है।

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की जांच से पता चला है कि यह धोखाधड़ी केवल 60 करोड़ रुपये तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कहीं अधिक है।

इस मामले में ईओडब्ल्यू ने कंपनी के चार पूर्व कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ), पूर्व अकाउंटेंट और दो पूर्व निदेशक शामिल हैं। जांच एजेंसी अब पूरे वित्तीय लेन-देन और निवेश प्रक्रिया की गहराई से पड़ताल कर रही है। जांच को आगे बढ़ाने के लिए शाखा जल्द ही फोरेंसिक ऑडिटर नियुक्त करेगी, जिससे कंपनी के बैंक खातों की जांच कराई जा सके। मामले में राज कुंद्रा के अलावा कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं, जिन्होंने धोखाधड़ी में पूरी मदद की है।

जांच अधिकारियों का कहना है कि फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद मामला साफ हो जाएगा और आरोप पत्र दायर करने से पहले ऑडिट रिपोर्ट मिल जाएगी।

ईओडब्लू की जांच में यह सामने आया है कि निवेशकों का पैसा लगातार राज कुंद्रा से जुड़ी कंपनियों के बीच ही घुमाया जाता था और बैलेंस शीट पर कंपनियों के नाम पर खर्चे दिखा रहे थे। ईओडब्लू के बयान के मुताबिक, राज कुंद्रा की कंपनी बेस्ट डील टीवी पर किसी प्रोडक्ट का विज्ञापन देखने के बाद ग्राहक जब आर्डर करता था तो उस आर्डर को सेलर कंपनी से सीधे लेने के बजाय राज कुंद्रा उसे खरीदने अपनी ही कंपनी स्टेटमेंट मीडिया सॉल्यूशंस (एसएमएस) को देते थे। प्रोडक्ट खरीदने के बाद अपनी कंपनी कूरियर कंपनी एसएलएस लॉजिस्टिक के जरिए डिलीवर भी कराई जाती थी, जबकि कंपनी की बैलेंस शीट और निवेशकों को दिखाए गए दस्तावेजों में यह दर्शाया गया था कि सेवाएं अलग-अलग कंपनियों से ली जा रही हैं।

ईओडब्लू अधिकारियों के अनुसार, भले ही एसएमएस और एसएलएस लॉजिस्टिक कंपनियों में राज कुंद्रा का नाम डायरेक्टर के रूप में दर्ज नहीं है, लेकिन दोनों कंपनियों के निदेशक उसके बेहद करीबी लोग थे। जांच में यह भी पता चला है कि एसएमएस कंपनी ने अधिकांश वेंडरों को वास्तविक भुगतान नहीं किया, जबकि रिकॉर्ड में भुगतान दिखाया गया है। इन खुलासों के बाद फिलहाल राज कुंद्रा की परेशानी बढ़ गई है।

# डीएमके कार्यालय, अरुण विजय और खुशबू के घरों सहित 7 जगह पर बम रखने की धमकी, जांच में नहीं मिला विस्फोटक

**चेन्नई।** देशभर के राजनीतिक दलों के नेताओं, फिल्मी हस्तियों, स्कूलों, विमानों और हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकियाँ मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब चेन्नई के डीजीपी कार्यालय को डीएमके कार्यालय, अभिनेता और अभिनेत्री सहित सात जगहों पर बम रखने की धमकीभरा ईमेल आज सुबह मिला। इसके बाद पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आया और सभी जगह गहन तलाशी ली, लेकिन उसे नकली बम मिले। इसके अलावा कहीं कोई विस्फोटक नहीं मिला।

पुलिस के अनुसार ईमेल में लिखा था, गिंडी स्थित गवर्नर पैलेस, डीएमके कार्यालय अन्ना अरिवलयम, संथोम स्थित अभिनेत्री खुशबू के घर, मंधाई वेल स्थित अभिनेता एसवी शेखर के घर और नुंगमबक्कम स्थित प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय समेत 7 जगहों पर बम रखे गए हैं। बम की धमकी के बाद पुलिस ने आज बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ चेन्नई के एकट्टुथंगल स्थित फिल्म अभिनेता अरुण विजय के घर की गहन तलाशी ली। निरीक्षण में पाया गया कि यह धमकी झूठी है। विजय कुमार के बेटे अरुण विजय अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ एकट्टुथंगल स्थित एक घर में रहते हैं। आज सुबह ही डीजीपी कार्यालय को एक ईमेल मिला, जिसमें बताया गया था कि उनके घर में बम है। इसी तरह, पुलिस को अन्ना अरिवालयम और अभिनेत्री खुशबू के घर समेत सात जगहों पर बम की धमकी के मेल आए हैं। जाँच में पता चला कि वहां मिले बम नकली थे।

साइबर क्राइम पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। हाल ही में खबरें आई थीं कि थिएटर और फिल्म अभिनेता एस.वी. शेखर के घर, मुख्यमंत्री स्टालिन के घर, अभिनेत्री स्वर्णमाल्या के घर, त्रिशा के घर, विजय के घर, तवेका के कार्यालय और गवर्नर पैलेस समेत कई जगहों पर बम रखने की धमकी दी गई थी। थिएटर और फिल्म अभिनेता एसवी. शेखर के घर को 7 से ज़्यादा बार बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

# शहर के युवा अब खेलेंगे बॉक्स क्रिकेट, महापौर रामू रोहरा ने किया शुभारंभ

**-सद्भावना क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन की टीम रही विजेता**

**धमतरी।** धमतरी के खेल प्रेमियों के लिए एकलव्य खेल मैदान में बॉक्स क्रिकेट मैदान का निर्माण पूरा कर उसका भव्य शुभारंभ किया गया। इस मैदान का उद्घाटन छह नवम्बर की देर शाम महापौर रामू रोहरा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महापौर रोहरा ने कहा कि 'शहर का विकास केवल निर्माण कार्यों से नहीं, बल्कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से भी मापा जाता है। खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस बॉक्स क्रिकेट मैदान का निर्माण किया गया है। भविष्य में नगर के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी खेल संरचनाएं विकसित की जाएंगी।'

उन्होंने इस नई खेल सुविधा को नगरवासियों को समर्पित करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि 'जिले के युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में वॉलीबॉल, बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए भी इसी प्रकार के मैदान तैयार किए जाएंगे। इन खेल संरचनाओं के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी थर्ड पार्टी एजेंसी को सौंपी जाएगी।

शुभारंभ अवसर पर सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम और मीडिया प्रतिनिधियों की टीमों ने हिस्सा लिया। पहले मुकाबले में पुलिस प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 75 रनों का लक्ष्य रखा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की कप्तानी वाली जिला प्रशासन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह मुकाबला जीत लिया। पुलिस टीम की कप्तानी पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने की।

दूसरे मुकाबले में नगर निगम और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच मैच खेला गया। मीडिया टीम ने पहले बल्लेबाजी कर आठ ओवर में 42 रन बनाए। महापौर रामू रोहरा की कप्तानी वाली नगर निगम टीम ने लक्ष्य आसानी से हासिल कर जीत दर्ज की। मीडिया टीम की कप्तानी भूपेंद्र साहू ने की। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। बॉक्स क्रिकेट मैदान के शुभारंभ से नगर में खेलों को नई दिशा मिलेगी और युवाओं में खेल के प्रति रुचि एवं उत्साह को प्रोत्साहन मिलेगा।

# गुजरात के कच्छ में उपमुख्यमंत्री संघवी ने की खटिया बैठक, सीमावर्ती गाँवों के ग्रामीणों की देशभक्ति की सराहना की

**-कपूराशी समेत कच्छ के कई गाँवों ने निभाई है 'सीमा प्रहरी' की भूमिका**

**-अगर किसी ने सरकारी ज़मीन पर धार्मिक इमारत बनाई गई, तो उस पर बुलडोजर चलाया जाएगा : उपमुख्यमंत्री**

**भुज।** गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने भारत-पाकिस्तान सीमावर्ती के गाँवों का सीमा निरीक्षण करने, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और आवास सहित विभिन्न मुद्दों से अवगत होने के अंतर्गत सरकार आपके द्वार के आदर्श वाक्य को क्रियान्वित करने के लिए कच्छ दौरे पर हैं। इस यात्रा के दौरान गुरुवार रात्रि को उन्होंने कच्छ के लखपत तहसिल के कपूराशी गाँव में कपूराशी और कोरियानी ग्रामीणों से बातचीत की और खटिया बेठक में भाग लिया।

कपूराशी गाँव में आयोजित खटिया बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता के कारण कच्छ जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित ये गाँव लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से कच्छ की स्थिति बदली है और लोगों के जीवन में सामाजिक-आर्थिक बदलाव आए हैं।

संघवी ने कहा कि सीमावर्ती गाँवों का विकास कैसे किया जाए, इस उद्देश्य से 30 से अधिक वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सीमावर्ती गाँवों में बैठकें और चर्चाएँ आयोजित की हैं और नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए हैं। उन्होंने कपूराशी में ग्रामीणों के साथ रात्रि बैठक, प्रवास और बातचीत को एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

सीमावर्ती गाँवों के नागरिकों की देशभक्ति की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों के सतर्क रवैये के कारण समय-समय पर सीमा पार से घुसपैठ को रोकने में बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कपूराशी सहित कच्छ के कई गाँवों ने 'सीमा प्रहरी' की भूमिका निभाई है।

संघवी ने ग्रामीणों से सीमा पार से घुसपैठ और सरकारी भूमि पर दबाव के बारे में प्रशासन को सूचित करने का अनुरोध किया। क्योंकि अगर गाँव जागरूक रहे तो नशाखोरी, असामाजिक गतिविधियाँ, सरकारी ज़मीन पर धार्मिक दबाव जैसी कई गतिविधियों को रोका जा सकता है।

उपमुख्यमंत्री का कपूराशी गाँव में ढोल-नगाड़ों और पगड़ियों के साथ स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने कच्छी पगड़ियाँ पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने गाँव के बुजुर्गों और युवाओं के साथ खुलकर बातचीत की और गाँव की समस्याओं, सामाजिक-आर्थिक और भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा, मुझे कपूराशी में इन सच्चे देशभक्तों के साथ होने पर गर्व है।उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अगर कहीं भी सरकारी ज़मीन पर धार्मिक या अन्य किसी बात के बेजा दबाव डाला गया, तो उस पर बुलडोज़र चला दिया जाएगा।

इस अवसर पर सांसद विनोद चावड़ा, अबडासा विधायक प्रद्युम्नसिंह जडेजा, गुजरात सीआईडी क्राइम के महानिदेशक के.एल.राव, कच्छ बॉर्डर रेंज के आईजी चिराग कोर्डिया, कच्छ कलेक्टर आनंद पटेल जैसे वरिष्ठ अधिकारी, साथ ही अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुजरात के उपमुख्यमंत्री संघवी ने सरहदी गाँव मोटी छेर में जवानों के साथ किया सामूहिक राष्ट्रगीत

**गांधीनगर।** गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कच्छ जिले के लखपत तालुका स्थित सरहदी गाँव मोटी छेर की बॉर्डर आउटपोस्ट पर जवानों के साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया। साथ ही उपमुख्यमंत्री ने जवानों सहित उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ शपथ लेकर 'स्वदेशी अपनाने' का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री संघवी ने कहा कि 'वंदे मातरम' राष्ट्रगीत में देश की एकता के दर्शन होते हैं। स्वतंत्रता संग्राम और आज़ादी की लड़ाई के दौरान इस वंदे मातरम् राष्ट्रगीत ने देश को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह राष्ट्रगीत देशभक्ति, त्याग और समर्पण की भावना को जागृत करता है।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक राष्ट्रव्यापी उत्सव मनाया जा रहा है। सीमाओं से लेकर समुद्र तट तक राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया जा रहा है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने बीएसएफ जवानों के साथ उनकी बीच जाकर संवाद किया और 'चाय पर चर्चा' की।

इस अवसर पर अग्रणी देवजी वर्चंद, रेंज आईजी चिराग कोर्डिया और वीरेन्द्रसिंह यादव, जिला विकास अधिकारी उत्सव गौतम, 176 बीएसएफ बटालियन के कमांडेंट योगेश कुमार सहित अधिकारीगण, पदाधिकारीगण, पुलिस जवान एवं बीएसएफ जवान उपस्थित रहे।

# बिहार में एनडीए की 160 से अधिक सीटों के साथ बनेगी सरकार : जेपी नड्डा

**-विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहा, जनता इसका जवाब दे रही**

**पटना।** बिहार में पहले चरण के मतदान के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए की संभावित जीत पर भरोसा जताया और विपक्ष पर तीखा हमला किया। नड्डा ने कहा कि हाई वोटिंग प्रतिशत और जनता की स्पष्ट चुनावी पसंद एनडीए की सरकार के लिए मजबूत संकेत हैं।

जेपी नड्डा ने गुरुवार को एक चैनल पर इंटरव्यू में कहा कि मैं पहले भी आश्वस्त था और पहले चरण के मतदान के बाद बिल्कुल आश्वस्त हूं कि एनडीए 160 प्लस सीटों के साथ सरकार बनाएगा। बिहार में कहीं भी एंटी इनकंबेंसी का संकेत नहीं है। जनता विकास, स्थिरता और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के पक्ष में मतदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि जनता ने अपनी आशाओं और एस्पिरेशन को वोट के माध्यम से स्पष्ट किया है। लोग चाहते हैं कि बिहार में स्थिर सरकार बने, विकास हो और मोदीजी के आशीर्वाद का फायदा बिहार को मिले। यही कारण है कि हाई वोटिंग प्रतिशत देखा गया। यह स्पष्ट प्रो-इनकंबेंसी वोट है।



**300 करोड़ रोजगार के वादों को बताया हास्यास्पद और लास्ट मिनट का प्रयास**

नड्डा ने महागठबंधन और तेजस्वी यादव के 300 करोड़ रोजगार के वादों को 'लास्ट मिनट का प्रयास' करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता इसे गंभीरता से नहीं ले रही। महागठबंधन के नेता समय-समय पर वादे करते हैं, लेकिन उनकी क्रेडिबिलिटी कमजोर हो चुकी है। जनता जानती है कि यह वादे हास्यास्पद हैं और इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

**एनडीए की जीत को कोई प्रभावित नहीं कर पाएगा**

नड्डा ने भरोसा जताया कि चुनाव में कोई बागी या नाराज कैंडिडेट एनडीए की जीत को प्रभावित नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता स्पष्ट और सुदृढ़ वोटिंग कर रही है, जिससे एनडीए को स्थिरता और विकास के साथ बिहार सरकार बनाने का मौका मिलेगा।

**उस समय स्टेट मशीनरी लॉ एंड ऑर्डर में लिप्त थी**

नड्डा ने जंगलराज के दौर को याद करते हुए कहा कि उस समय स्टेट मशीनरी लॉ एंड ऑर्डर में लिप्त थी। मुकामा हत्याकांड, शिल्पी गौतम केस जैसे उदाहरण हैं, जहां राजद नेताओं का नाम सामने आया। उस समय केसों को दबाया गया और राज्य प्रशासन इन घटनाओं में शामिल था। उन्होंने कहा कि अब ऐसी कोई स्थिति नहीं है। आज बिहार में कानून और व्यवस्था पूरी तरह लागू है। मुकामा हत्याकांड में दोषियों को गिरफ्तार किया गया। कोई भेदभाव नहीं, कोई समझौता नहीं। राज्य प्रशासन पूरी तरह निष्पक्ष है।

**विकास और स्थिरता के पक्ष में बिहार, यही हमारी जीत की गारंटी**

जेपी नड्डा ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र में चुनाव चुनौतीपूर्ण हो सकता है,लेकिन सभी वर्गों का वोट एनडीए को मिल रहा है। ओवैसी का असर सीमित है और एनडीए को समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि हमने पूरी ताकत और तैयारी के साथ चुनाव लड़ा है। पहले चरण के मतदान के बाद भी एनडीए की ताकत और समर्थन पहले जैसे मजबूत है। बिहार के लोग विकास और स्थिरता के पक्ष में हैं और यही हमारी जीत की गारंटी है।

**राहुल गांधी ने विदेश में जाकर भारत की संस्थाओं के खिलाफ समर्थन मांगा**

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने विपक्षी नेताओं और राहुल गांधी के डीप स्टेट और वोट चोरी के आरोपों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं और कानून को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन जनता इसे समझ चुकी है। इन्होंने विदेश में जाकर भारत की संस्थाओं के खिलाफ समर्थन मांगा। यह बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार है।

**एनडीए की रणनीति और भविष्य की तैयारी**

नड्डा ने कहा कि एनडीए ने टिकटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन में पूरी तैयारी की है। कुछ बागी या नाराज कैंडिडेट्स हो सकते हैं, लेकिन उनका असर हमारी जीत पर नहीं पड़ेगा। बिहार की जनता स्पष्ट और सुदृढ़ वोटिंग कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि एनडीए 160 प्लस सीटों के साथ जीत हासिल करेगा और सरकार विकास, रोजगार और स्थिरता के मुद्दों पर काम करेगी।

**बिहार में स्थिर और मजबूत सरकार बनेगी, एनडीए नेतृत्व पर जनता का भरोसा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने विकास और स्थिरता के पक्ष में वोट किया है। हाई वोटिंग प्रतिशत ने स्पष्ट प्रो-इनकंबेंसी का संदेश दिया है। विपक्ष के वादे और क्रेडिबिलिटी कमजोर हैं। एलजेपी और वीआईपी का असर सीमित हैं। कानून-व्यवस्था पूरी तरह लागू है। एनडीए को सभी वर्गों का व्यापक समर्थन है। 160 प्लस सीटों के साथ एनडीए सरकार पक्की है। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारी तैयारी और जनता का समर्थन सुनिश्चित कर रहा है कि बिहार में स्थिर और मजबूत सरकार बने। जनता ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि विकास और भरोसेमंद नेतृत्व ही उनकी प्राथमिकता है।

# डॉ. मोहन भागवत ने बेंगलुरु में गली अंजनेय स्वामी के दर्शन किये

**बेंगलुरू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को बेंगलुरु-मैसूर मार्ग स्थित ऐतिहासिक श्री गली अंजनेय स्वामी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर देश व समाज के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख मंगेश बेंधे एवं जिला प्रचारक भरत कुमार भी मौजूद थे।आरएसएस ने हाल ही में 2 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन अपना शताब्दी वर्ष मनाया। शताब्दी समारोह के तहत संघ ने देशभर में कई गतिविधियों का आयोजन किया है, जिनमें विजयादशमी उत्सव, युवा सम्मेलन, घर-घर जाकर संपर्क, हिंदू सम्मेलन, सामाजिक सद्भावना सम्मेलन और प्रमुख नागरिकों के लिए सेमिनार शामिल हैं। इसी संदर्भ में संघ के शताब्दी कार्यक्रमों के अंतर्गत 8 और 9 नवंबर को बेंगलुरु में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। डॉ. मोहन भागवत इस कार्यक्रम में व्याख्यान देंगे।

# राजस्थान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी।** असम के लिए आज गर्व का क्षण रहा, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुवाहाटी में भव्य ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट का उद्घाटन किया। यह परियोजना प्रकृति, संस्कृति और आधुनिकता का अनूठा संगम है, जो महाबाहु ब्रह्मपुत्र की गरिमा के अनुरूप विकसित की गई है। ब्रह्मपुत्र के तट पर निर्मित यह रिवरफ्रंट स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों के लिए मनोरंजन और सौंदर्य का एक नया केंद्र बनेगा। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने आज एक्स पर लिखकर साझा किया कि यह परियोजना राज्य के विकास और रूपांतरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गुजरात के प्रसिद्ध लोक साहित्यकार पद्मश्री जोरावरसिंह जादव का निधन

**अहमदाबाद।** गुजरात के लोक साहित्यकार, कथाकार, गुजरात लोककला फाउंडेशन के संस्थापक एवं संपादक पद्मश्री जोरावरसिंह जादव का 85 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने लोक संस्कृति, लोक कला और लोक साहित्य पर आधारित लगभग 90 कृतियों का संपादन और रचना की। उनके निधन से गुजराती साहित्य जगत में शोक की लहर है। जोरावरसिंह जादव का जन्म 10 जनवरी, 1940 को धंधुका तहेसिल के आकरू गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम दानुभाई हालुंभाई और माता का नाम पंबा था। वे पेशे से किसान थे। उनका बचपन आकरू गाँव में बीता और उनका पालन-पोषण उनकी सौतेली माँ गंगाबा ने किया।

जोरावर सिंह ने बचपन में ही लोक साहित्य और लोक कलाओं का गहन अनुभव प्राप्त कर लिया था। उन्होंने लोक कथाओं, गीतों और लोक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित 90 से अधिक कृतियों का संपादन और सृजन किया। उनकी प्रसिद्ध कहानियों में 'मरद कसुम्बल रंग चढ़े' और 'मरदाई माथा साटे' जैसी लोकप्रिय रचनाएँ शामिल हैं। उन्हें मेघानी सुवर्ण चंद्रक और गुजरात साहित्य अकादमी पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। जोरावर सिंह जाधव 1964 से सरकार साप्ताहिकी, ग्रामस्वराज और जिनमंगल मासिक पत्रिकाओं के संपादन का कार्य संभाल रहे थे। उन्होंने कला को जनता के सामने प्रस्तुत करने के लिए पत्रिकाओं के साथ-साथ रेडियो और टेलीविजन पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन किया।

# अंता उपचुनाव में भी सबकी नजरे भजनलाल पर टिकी



**बारां।** राजस्थान में बारां जिले में 11 नवंबर को होने वाले अंता विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार पूरा परवान चढ़ा हुआ हैं और सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं मुख्य विपक्ष कांग्रेस एवं अन्य प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार जोरशोर से चल रहा है वहीं पिछले सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा को पाचं सीटों पर जीत दिलाकर राजनीति के नये जादूगर के रुप में उभरे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पर इस उपचुनाव में भी सबकी नजरे टिकी हुई हैं।

अंता उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन, कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया एवं निर्दलीय नरेश मीणा सहित कुल 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री श्री शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठोड़, उपमुख्यमंत्री डा प्रेमचंद बैरवा सहित कई भाजपा नेता चुनाव प्रचार में लगे हैं। गुरुवार को श्री शर्मा एवं श्रीमती राजे ने अंता के मांगरोल में रोड शो किया था। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन मे पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई नेता चुनाव प्रचार में लगे हैं जबकि इस बार भी किसी राजनीतिक दल से टिकट नहीं ले सके निर्दलीय नरेश मीणा भी अपने समर्थकों के साथ जोरशोर से चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं।

अंता उपचुनाव में मुख्यमंत्री श्री शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं श्रीमती राजे के पुत्र एवं झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह की चुनावी साख दांव पर लगी हुई हैं। इसी तरह कांग्रेस नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आदि की चुनावी साख दांव पर हैं लेकिन इस उपचुनाव में सबकी नजर श्री शर्मा पर टिकी हुई हैं कि पिछले सात उपचुनाव में भाजपा के चार बागियों के विरोधी सुर थाम कर पार्टी को पांच सीटों पर ऐतिहासिक जीत दिलाकर राजनीति के नये जादूगर कहलाये जबकि सियासत के जादूगर कह जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इन उपचुनावों में कहीं जादू नजर नहीं आया। भाजपा को इस उपचुनाव में भी श्री शर्मा का जादू चलने की पूरी उम्मीद है।

इस बार भी अंता उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ भाजपा के जिला महामंत्री और पूर्व विधायक रामपाल मेघवाल ने अपना पर्चा दाखिल कर दिया था लेकिन श्री शर्मा की सूझबूझ एवं समझाइश से श्री मेघवाल ने अपना पर्चा वापस ले लिया और वह पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार में जुट गये। इस प्रकार इस उपचुनाव में श्री शर्मा की पहली सफलता मानी जा रही है। श्री शर्मा को पहली बार विधायक बनते ही पहली बार में मुख्यमंत्री बनने का गौरव हासिल हुआ और वह इस पर उस समय खरे उतरे जब गत वर्ष 13 नवंबर को राज्य की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ और उसमें वह अपनी पार्टी को पांच सीटों पर जीत दिलाने में कामयाब रहे।

श्रीमती राजे जैसी दिग्गज नेताओं के सामने मुख्यमंत्री की कुर्सी मिलने के बाद पार्टी के बड़े नेताओं सहित सभी को साथ लेकर चलना और प्रदेश में विकास की एक से बढ़कर एक योजनाओं का लाना उनके लिए बड़ी चुनौती थी जिन पर वह खरे उतरे और राजनीति के जादूगर कहलाने लगे हैं। भाजपा नेताओं का दावा है कि भजनलाल सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में कही भी सत्ता विरोधी लहर नहीं हैं और विपक्ष अब तक ऐसा बड़ा मुद्दा एवं आंदोलन भी खड़ा नहीं कर पाई कि जो सरकार के खिलाफ हो।

इस उपचुनाव में श्री शर्मा और श्रीमती राजे एक साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं और इससे क्षेत्र में एक बड़ा संदेश गया हैं। श्री शर्मा ने चुनाव प्रचार में अंता उपचुनाव को भाजपा के विकास और कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बीच बताया है जबकि कांग्रेस नेता चुनाव प्रचार में भजनलाल सरकार पर पिछले दो साल में कानून व्यवस्था बनाये रखने में विफल सहित कई आरोप लगा रहे हैं। बिहार चुनाव के कारण राजस्थान के नेता भी वहां चुनाव प्रचार में लगे हुए थे और अब अंता उपचुनाव में लगने पर चुनाव प्रचार में और उफान आने की संभावना है। हालांकि अब चुनाव प्रचार दो दिन का ही शेष बचा हैं।

# नीतीश ने पहले चरण के चुनाव में रिकार्ड मतदान के लिये बिहार के लोगों को दिया धन्यवाद



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में रिकॉर्ड मतदान के लिए प्रदेश के लोगों को धन्यवाद दिया है। श्री कुमार ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा, पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान के लिए बिहार के लोगों का हृदय से धन्यवाद। उन्होंने कहा,पिछले वर्षों में बिहार ने अभूतपूर्व तरक्की की है। अब बिहार को विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का समय आ गया है।

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, दायित्व भी है। उन्होंने बिहार के लोगों से आग्रह करते हुये कहा कि आने वाली 11 तारीख को दूसरे चरण में भी इसी उत्साह के साथ मतदान करें, जिससे बिहार और आगे बढ़े। सबका सम्मान हो, सबका विकास हो।

गौरतलब है कि बिहार ने विधानसभा के पहले चरण 06 नवंबर के मतदान में सबसे ज्यादा 64.66 प्रतिशत मतदान दर्ज कर राज्य के चुनावी इतिहास में एक नया कीर्तिमान बनाया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान में करीब 3.75 करोड़ मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग का हक हासिल था । यह आंकड़ा 1951 से अब तक हुए सभी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। आयोग ने बताया कि 1951 से 2024 के बीच हुए लोकसभा चुनावों में अब तक का सर्वाधिक मतदान 64.6 प्रतिशत वर्ष 1998 में हुआ था, जबकि विधानसभा चुनावों में 62.57 प्रतिशत मतदान का रिकॉर्ड साल 2000 में बना था।इस बार 64.66 प्रतिशत मतदान के साथ बिहार ने मतदान प्रतिशत का अब तक का सभी रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता और लोकतंत्र के प्रति विश्वास का प्रतीक है।

# आजादी की लड़ाई का मंत्र बना था 'वंदे मातरम' : नरेंद्र सिंह तोमर



**ग्वालियर।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर देशव्यापी कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि वंदे मातरम् आजादी की लड़ाई का मंत्र बना था। ग्वालियर जिले में भी राष्ट्रगीत की वर्षगांठ देशभर के साथ उत्साह व उमंग के साथ समारोहपूर्वक मनाई गई। देशभक्ति से ओतप्रोत 'वंदे मातरम्' का जिले का मुख्य स्मरण उत्सव बाल भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा, 'राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' आजादी के आंदोलन में हमारे पूर्वजों के लिए सिद्ध मंत्र बना था। परतंत्रता की बेड़ियां काटने के लिए हमारे वीर सपूतों ने इस मंत्र का गायन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। '

उन्होंने कहा कि जिस तरह हम सबको ईश्वर की वंदना एवं पूजा अर्चना से ऊर्जा मिलती है और संकल्प मजबूत होता है, उसी तरह आजादी के आंदोलन में 'वंदे मातरम्' के गायन के माध्यम से राष्ट्र आराधन करते हुए पूर्वजों ने हमें स्वतंत्रता दिलाई।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि यदि हमें आजादी के संघर्ष और कुर्बानियां याद नहीं होंगी तो हम आजादी का महत्व भी नहीं समझ पाएंगे। प्रसन्नता की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की नई पीढ़ी को 'वंदे मातरम्' के महत्व से अवगत कराने के लिए 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ को देश भर में समारोहपूर्वक पूर्वक मनाने का निर्णय लिया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हो रहे आयोजनों से देशभर में राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही आजादी आंदोलन में बलिदान देने वाले वीर सपूतों की वीरगाथा से युवा पीढ़ी परिचित होगी।

जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया।

# पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई : जग्गू भगवानपुरिया गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार, कई हथियार बरामद



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अपराध के खिलाफ सख्ती के अभियान में एक और सफलता हासिल की है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने होशियारपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर जग्गू भगवानपुरिया गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए हैं।

डीजीपी पंजाब पुलिस के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट से साझा पोस्ट में बताया गया, 'एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने होशियारपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सविंदर सिंह उर्फ बोधी और सुखमन उर्फ जशन के रूप में हुई है। दोनों कलानौर और गुरदासपुर के निवासी हैं। उनके कब्जे से अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। '

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि ये दोनों आरोपी अपने विदेशी हैंडलर अमृत दलम के निर्देश पर काम कर रहे थे। वे कलानौर के वडाला बांगर में एक मेडिकल स्टोर पर डॉ. हरि सिंह को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी की घटना में वांछित थे। यह घटना हाल ही में हुई थी, जिसमें डॉक्टर पर हमला कर गैंग ने दहशत फैलाई थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी होशियारपुर क्षेत्र में सक्रिय हैं और अगली साजिश रच रहे थे। एजीटीएफ और होशियारपुर पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की, जिसमें दोनों को धर दबोचा गया।

पकड़े गए सविंदर सिंह उर्फ बोधी (उम्र 28 वर्ष) और सुखमन उर्फ जशन (उम्र 25 वर्ष) दोनों कलानौर के रहने वाले हैं। पूछताछ में उन्होंने कबूल किया कि अमृत दलम, जो कनाडा में छिपा है, उन्हें हथियार और फंडिंग उपलब्ध करा रहा था। दलम जग्गू भगवानपुरिया का करीबी सहयोगी है, जो जेल में बंद होने के बावजूद गैंग को विदेश से चला रहा है। बरामद सामान और केसगिरफ्तारियों के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो ग्लॉक पिस्तौल, एक जेगाना पिस्तौल, एक पीएक्स30 पिस्तौल और एक मोटरसाइकिल बरामद की। ये हथियार विदेश से तस्करी कर लाए गए थे और इन्हें टारगेट किलिंग के लिए इस्तेमाल किया जाना था। पुलिस थाना दसूया, होशियारपुर में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में आगे की जांच जारी है, जिसमें अन्य सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्दाफाश होने की उम्मीद है। डीजीपी पंजाब के पोस्ट में जोर देकर कहा गया कि पंजाब पुलिस पूरे प्रदेश में सक्रिय गैंगस्टर नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बिहार में बंपर वोटिंग से चिराग पासवान खुश, बोले-सरकार एनडीए की ही बनेगी



**पटना।** बिहार में 121 सीटों पर गुरुवार को हुई बंपर वोटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अब 14 नवंबर को ईवीएम का जिन्न बाहर जरूर निकलेगा और मजबूती के साथ बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जो कोई भी बिहार की राजनीति को समझता है, उसने देखा है कि केंद्र और राज्य सरकार ने पूरी ईमानदारी और मजबूती के साथ चुनाव लड़ा है। अभी तो पहले चरण का मतदान हुआ, जिसमें जनता ने इतिहास रचा है, दूसरे चरण में भी ऐसा ही देखने को मिलेगा। एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव प्रचार कर रहा है और मुझे पूर्ण उम्मीद है कि हम लोग 14 नवंबर को भारी बहुमत से सरकार बनाएंगे। चिराग ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बन रही है, इसमें कोई संदेह नहीं है। 14 नवंबर को एनडीए फिर से सरकार बना रही है। बंपर वोटिंग को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि जो लोग ये दावे कर रहे हैं कि वोटिंग ज्यादा हुई तो यह बदलाव होने जा रहा है तो उन्हें मैं 2010 की याद दिलाना चाहता हूं। 2005 में एनडीए की सरकार बनने के बाद, 2010 में भी वोटिंग पैटर्न कुछ ऐसा ही था और हमने बड़ी संख्या में सीटें जीती थीं।

वर्तमान की स्थिति में मेरा मानना है कि जिस तरह से एनडीए का चुनाव प्रचार हुआ है और डबल इंजन वाली सरकार में जनता का विश्वास बढ़ा है, उससे यह विश्वास और भी बढ़ा है कि फिर से एक बार एनडीए की सरकार बन रही है। पीएम मोदी के बिहार दौरे का जिक्र करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि पिछले एक साल में प्रधानमंत्री मोदी लगातार बिहार दौरे पर रहे और बिहार और यहां के लोगों के लिए कई योजनाएं लाए। इससे हमारी डबल इंजन वाली सरकार में लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण और परिणाम आने में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। हमें लोगों से जो फीडबैक मिल रहा है और जो जिला स्तर पर सर्वे रिपोर्ट मिली है, वे सभी हमारे पक्ष में हैं और हमारी सरकार बनने जा रही है। चिराग ने दावा किया है कि एनडीए पहले चरण की 121 सीटों में से 100 सीटें जीत रही है।

# 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर भव्य आयोजन शुरू, हर दिन होंगे विशेष कार्यक्रम




**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक खास कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत की गई। जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शुरू हुए इस आयोजन में शहर भर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह विशेष कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू होकर 26 नवंबर तक लगातारचलेगा। उन्होंने बताया कि हर दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति प्रस्तुतियां, जन जागरूकता रैलियां और युवाओं को जोड़ने वाले कई आयोजन शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि 150 साल पूरे होने का यह अवसर ऐतिहासिक है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हर दिन एक नई गतिविधि के जरिए लोगों को जोड़ा जा सके।

रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, सामाजिक संगठन, महिला समूह और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। पूरे मार्ग पर देशभक्ति नारों और तिरंगों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल दिखाई दिया।

कार्यक्रम में भाजपा विधायक देवेंद्र जोशी ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की धड़कन है। जोशी ने इसे देश की एकता, संस्कृति और आत्मसम्मान का प्रतीक बताया। जोधपुर में शुरू हुए ये समारोह अब 26 नवंबर तक जारी रहेंगे। उम्मीद है कि इस दौरान बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रमों में शामिल होंगे और वंदे मातरम् के 150 सालों के इस गौरवशाली सफर को यादगार बनाएंगे।

इस साल भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ है। 'वंदे मातरम' पहली बार साहित्यिक पत्रिका 'बंगदर्शन' में 7 नवंबर 1875 को प्रकाशित हुआ था। बाद में, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने इसे अपने उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया, जो 1882 में प्रकाशित हुई।

यह महत्वपूर्ण अवसर भारतीयों के लिए एकता, बलिदान और भक्ति के उस शाश्वत संदेश को फिर से दोहराने का अवसर है, जो वंदे मातरम् में समाहित है।

# अलवर के लक्ष्मणगढ़ के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा; एक की मौत, तीन घायल




**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ के निकट दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेसवे पर गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

सड़क हादसा चैनल नंबर 122 के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार में दौड़ रही एक स्कॉर्पियो कार का बैलेंस बिगड़ने से वह 5 से 10 बार पलट गई। हादसे में कार सवार चार युवकों में से एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक की पहचान राजगढ़ क्षेत्र के धमरेड निवासी कप्तान सिंह (उम्र अज्ञात) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को लक्ष्मणगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की मोर्चरी में रखवाया है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अलवर जिला अस्पताल से जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसा अलवर के राजगढ़ निवासी जितेंद्र पुत्र पप्पूराम जाटा (उम्र अज्ञात, वार्ड नंबर 6) की हाल ही में खरीदी गई नई महिंद्रा स्कॉर्पियो से जुड़ा है। जितेंद्र ने कुछ दिन पहले ही यह लग्जरी एसयूवी खरीदी थी और उसे मॉडिफाई कराने के लिए दिल्ली ले गए थे। दिल्ली से राजगढ़ लौटते समय रात के सन्नाटे में स्कॉर्पियो चैनल नंबर 122 के पास पहुंची, तभी अचानक तेज धमाके के साथ कार का संतुलन बिगड़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार हवा में उछलती हुई कई बार पलटी मारती चली गई और सड़क किनारे जाकर रुक गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार अन्य सदस्यों में धर्मेंद्र पुत्र पप्पूराम जाटा (26 वर्ष), राकेश पुत्र जगदीश (21 वर्ष) और डेनी पुत्र पप्पूराम (30 वर्ष), सभी राजगढ़ निवासी, शामिल थे। ये सभी युवक दिल्ली से लौट रहे थे और जितेंद्र ही कार चला रहा था।

शुरुआती जांच में पुलिस ने हादसे का कारण कार की अधिक रफ्तार और अचानक ब्रेक लगने से बैलेंस बिगड़ना बताया है। इस मामले में फोरेंसिक जांच के बाद ही हादसे के कारणों का पता चलेगा।

# एनडीए को जश्न मनाने दो, सरकार महागठबंधन की बनेगी: मुकेश सहनी



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में 6 नवंबर को हुए पहले चरण की बंपर वोटिंग के बाद एनडीए और महागठबंधन की ओर से अगली सरकार बनाने का दावा किया जा रहा है। एनडीए इसे 2010 के विधानसभा चुनाव से जोड़ते हुए सत्ता में वापसी का दावा कर रहा है, जबकि महागठबंधन इसे बदलाव की लहर मान रहा है।

महागठबंधन की ओर से उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी ने शुक्रवार को पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए दावा किया है कि युवाओं और महिलाओं ने महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट किया है।

एनडीए के दावों को निशाने पर लेते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि एनडीए को दो-चार दिन खुश रहना है तो रहने दीजिए, क्योंकि खुश रहने के लिए उनके पास गिने-चुने दिन हैं। इसके बाद वे बिहार में दिखाई नहीं देंगे।

14 नवंबर को महागठबंधन की सरकार बन रही है। अभी कुछ दिन हैं, तो एनडीए जश्न मना सकती है। उन्होंने कहा कि अभी तो मजे करो, पटाखे फोड़ो, मिठाई खाओ, लेकिन सरकार महागठबंधन की ही बनेगी। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवा मन बना चुके हैं। वे महागठबंधन के साथ खड़े हैं और प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बन रही है। मुकेश सहनी ने कहा कि एनडीए अब अपनी पूरी ताकत से मैदान में आएगी, लेकिन कोई लाभ नहीं होने वाला है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और बदलाव वोटिंग प्रतिशत से लगाया जा सकता है। बिहार के युवा आज अगर बेरोजगार हैं तो सिर्फ एनडीए इसका एकमात्र कारण है। रोजगार पाने के लिए युवा महागठबंधन के उम्मीदवारों को वोट कर रहा है।

मतदान प्रतिशत पर एनडीए नेताओं के रिएक्शन पर उन्होंने कहा कि एनडीए को खुश होना है तो होते रहिए, लेकिन सच्चाई यह है कि मतदान प्रतिशत बढ़ा नहीं है, यह पहले जैसा ही है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुकेश सहनी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के प्रथम चरण के मतदान में अभूतपूर्व उत्साह और सहभागिता के लिए महागठबंधन के सभी साथियों तथा देवतुल्य मतदाताओं का हृदय से आभार। आपके जोश, जुनून और जज्बे ने साफ कर दिया है कि महागठबंधन ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रहा है।

# अकील अख्तर मर्डर केस: पंजाब की पूर्व मंत्री और पूर्व डीजीपी समेत 4 पर सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की संदिग्ध हालत में मौत के मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच एजेंसी ने एफआईआर में चार लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें अकील के पिता, मां और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री राजिया सुल्ताना, अकील की पत्नी और बहन शामिल हैं।

अकील अख्तर की मौत 16 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। वह पंचकूला के सेक्टर-4 स्थित अपने घर में रहता था। परिवार के भीतर लंबे समय से तनाव चल रहा था। बताया जा रहा है कि अकील और उसके परिजनों के बीच कई मुद्दों को लेकर गंभीर मतभेद थे।

मामले ने उस समय और तूल पकड़ा, जब 27 अगस्त को अकील अख्तर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में अकील ने दावा किया था कि उसने अपने पिता और पत्नी के बीच संबंध पकड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उनका पूरा परिवार (जिसमें उनकी मां और बहन भी शामिल हैं) उसे मारने या किसी झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच रहा है। वीडियो सामने आने के बाद मामले में नए एंगल जुड़े और पुलिस की शुरुआती जांच पर भी कई सवाल खड़े हुए।

अकील की मौत के बाद पंचकूला के मांसा देवी कॉम्प्लेक्स थाना में 20 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में मामले की जटिलता और इससे जुड़े संवेदनशील पहलुओं को देखते हुए हरियाणा सरकार ने जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया।

अब सीबीआई ने नया मामला दर्ज करते हुए औपचारिक रूप से मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। एजेंसी ने कहा है कि सभी दस्तावेजों, डिजिटल साक्ष्यों, वायरल वीडियो और परिवार से जुड़े लोगों की भूमिका का गहराई से विश्लेषण किया जाएगा।

# तरनतारन उपचुनाव: कांग्रेस नेता करणवीर बुर्ज और प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत

**चंडीगढ़।** तरनतारन विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए जारी प्रचार के बीच कांग्रेस प्रत्याशी करणवीर बुर्ज और पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा विवादों में घिर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेताओं पर सिख प्रतीकों का अपमान करने का आरोप लगाया है और चुनाव आयोग से मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की कि दोनों नेताओं पर तत्काल कार्रवाई हो और उनके चुनावी प्रचार पर प्रतिबंध व नामांकन रद्द करने के आदेश दिए जाएं। तरुण चुघ ने कहा कि पवित्र सिख परंपराओं का यह अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

उन्होंने चुनाव आयोग को भेजे पत्र में लिखा, '5 नवंबर को तरन तारन में आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान मंच पर एक बड़ा राजनीतिक बैनर लगाया गया, जिसमें सिख योद्धा बाबा जीवन सिंह जी को 9वें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर जी का पवित्र शीश पकड़े हुए दिखाया गया था, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें भी इसी बैनर पर लगाई गईं। यह कृत्य पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की उपस्थिति में किया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह कृत्य आकस्मिक नहीं, बल्कि जानबूझकर किया गया था, जिसका उद्देश्य पवित्र सिख प्रतीकों का दुरुपयोग करके राजनीतिक लाभ प्राप्त करना और इस प्रकार सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना था। ' तरुण चुघ ने पत्र में आगे लिखा, 'राजनीतिक प्रचार के लिए बाबा जीवन सिंह जी और गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के दृश्य को चित्रित करना एक अपवित्र कृत्य है। यह आचरण न सिर्फ सिख धार्मिक भावनाओं का सीधा अपमान है, बल्कि चुनावी नियमों का भी उल्लंघन है। '

चुनाव आयोग से अनुरोध करते हुए तरुण चुघ ने लिखा, 'आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के गंभीर और जानबूझकर किए गए उल्लंघन पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। कांग्रेस उम्मीदवार करणवीर बुर्ज और प्रताप सिंह बाजवा को चुनाव कानूनों और धार्मिक मर्यादा का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। इन कांग्रेस नेताओं को तरनतारन उपचुनाव में आगे प्रचार करने से भी रोका जाए। '

# बिहार में बंपर वोटिंग से प्रशांत किशोर उत्साहित, कहा-जनसुराज के तौर पर जनता के पास विकल्प

**गयाजी।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने 6 नवंबर को बिहार की 121 सीटों पर पहले चरण में हुई बंपर वोटिंग पर खुशी जाहिर की है।

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार की जनता के पास जनसुराज के तौर पर एक विकल्प मिला है, इसलिए बिहार की जनता ने इतनी बड़ी संख्या में वोटिंग की है।

गयाजी में मीडिया से बातचीत के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज की सबसे बड़ी सफलता यह है कि लोगों के पास अब एक विकल्प है। भाजपा के डर से नीतीश-भाजपा को वोट देने की मजबूरी खत्म हो गई है। लोग उत्साहित हैं क्योंकि उन्हें एक नया विकल्प, एक नया रास्ता दिख रहा है। इसलिए इतनी बड़ी संख्या में मतदान हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस बार मतदान प्रतिशत आज़ादी के बाद से अब तक का सबसे ज़्यादा है। मैं महीनों से कह रहा हूं कि बिहार में 60 प्रतिशत से ज़्यादा जनता बदलाव चाहती है।

अब, जनसुराज की वजह से लोगों के पास एक विकल्प है। बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत दर्शाता है कि लोग विकल्प पाकर खुश हैं, और छठ के बाद भी यहां रुके प्रवासी मजदूरों ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। वे इन चुनावों में एक्स फैक्टर हैं। जन सुराज को पूरा भरोसा है। 14 नवंबर को इतिहास लिखा जाएगा।

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर निशाना साधते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि सम्राट चौधरी को पहले इस बात की चिंता करनी चाहिए कि तारापुर में वे जीत रहे हैं या हार रहे हैं। उन्हें खुद पर ध्यान देना चाहिए।

# तीर्थकर महावीर हास्पिटल में युवक ने जमकर किया हंगामा काफी मेहनत के बाद भी नहीं बनीं थी फाइल

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** तीर्थकर महावीर हास्पिटल स्थित पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद में उस समय हड़कंप मच गय। जिस समय अपने बाप को लाये एक युवक ने तीसरी मंजिल सांस के जनरल वार्ड में स्टाफ से नाराज हो कर जमकर हंगामा मचा दिया। युवक का कहना था कि, पिता की सारी जांचें कराने के बाद उसके पिता को उपर जनरल वार्ड में भेज दिया गया। मगर भर्ती फाइल कई घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं बन पाई। जिससे गुस्साए युवक ने स्टाफ के खिलाफ खूब हंगामा काटा और अपना मोबाइल निकाल कर वार्ड के इंचार्ज का इंटरव्यू लेने लगा मगर इंचार्ज खामोश रहे और सिक्योरिटी बुलाकर मामला शांत कराया गया फिर कुछ ही समय में सब कुछ बन गया और युवक के पिता का उपचार शुरू किया गया मामला गुरुवार शाम 4.30 बजे का है इससे पता चलता है कि, डेंटल कालिज में सारा काम कितना तेज होता है।



# धूमधाम से मनाया गया आर्य समाज का वार्षिकोत्सव

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** आर्य समाज कांठ का 108वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव में यज्ञ, धर्म उपदेश के अलावा एक विशाल शोभायात्रा नगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई।

आर्य समाज कांठ के 108वे वार्षिकोत्सव में शोभायात्रा दयानंद बाल विद्या मंदिर निकट नगर पंचायत कांठ से निकाली गई। जिसका शुभारंभ समाजसेवी ताजेंद्रउर्फसनी गांधी एवं कैलाश सिंह (खूंटखेड़ा) ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर किया। मुख्य अतिथियों ने अपने वक्तव्य में महर्षि दयानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आवाहन किया। शोभायात्रा मुख्य बाजार, उपदेश नेता चौराहा, सैनी धर्मशाला, पट्टी वाला, संत रविदास मंदिर, श्री रामलीला मंदिर, पुराना बस स्टैंड होते हुए अपने गंतव्य पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे सरस्वती शिशु मंदिर का घोष में बच्चे कदम से कदम ताल मिलाकर चल रहे थे। इसके बाद महर्षि दयानंद हवन, घोड़े पर महारानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, मां सरस्वती, सिंदूर ए ऑपरेशन चित्रण, भीष्म पितामह, की झांकियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। वार्षिकोत्सव में यज्ञ के आलावा शाम को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बहराइच से पधारी गीता आर्य ने भजनों के माध्यम से आर्यों की संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सत्यार्थ प्रकाश पर चर्चा करते हुए बताया कि यह आर्य समाज का प्रमुख ग्रंथ है। जिसमें स्वामी दयानंद के समाज सुधारवादी धार्मिक विचारों को प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि सत्यार्थ प्रकाश हमारे जीवन को उन आधारित नियमों पर चलने के लिए प्रेरित करती है कि समाज को किस प्रकार अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। इंसान के पैदा होने से लेकर मृत्यु तक अपने व्यवहार में क्या-क्या नियम बनाने चाहिए यह भी बताया गया है। उन्होंने वेदों के बारे में भी गीता और उपदेश के माध्यम से प्रकाश डाला है। इस अवसर पर, कमेटी के अध्यक्ष सुरेश चौहान आर्य, अमित कुमार पप्पन, राकेश शर्मा, रितेश शर्मा, सुशील मणि गुप्ता, भूपेंद्र उर्फ टिल्लू चौहान, संदीप गुप्ता, रामनरेश सिंह, मनोज पहलवान, वीरेंद्र यादव, हुकुम सिंह आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन मास्टर आदेश कुमार ने किया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र गौतम, उपनिरीक्षक कमलदीप सिंह, संजीव कुमार, आदि पुलिस बल मौजूद रहा।



## समाचार

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर पाकबड़ा थाने मे अयोजन किया गया!

## सामूहिक रूप से पाकबड़ा पुलिस फोर्स ने देखा राष्ट्रीय गीत का लाइव प्रसारण

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** शुक्रवार को पाकबड़ा थाना प्रांगण में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया! देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइव प्रसारण कर देशभक्ति का माहौल देखने को मिला इस ऐतिहासिक दिन को पाकबड़ा थाना प्रभारी ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। वंदे मातरम गीत के स्वरों से पूरा थाना परिसर देशभक्ति के भाव से सराबोर हो गया । कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने समस्त पुलिस स्टॉफ ओर लोगों को विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प दिलाया. उन्होंने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा है. इस गीत ने आजादी की लड़ाई के दौरान करोड़ों भारतीयों को प्रेरणा दी। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित यह गीत मातृभूमि की स्तुति का प्रतीक है, जो आज भी सभी देशवासियों में जोश और गर्व का संचार करता है सर्व प्रथम वंदे मातरम गीत का पहला श्लोक 1875 में अक्षय नवमी के पावन अवसर पर लिखा गया था। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर थाने के समस्त स्टाफ के साथ लाइव प्रसारण को देखने की व्यवस्था की गई! इस ऐतिहासिक मौके पर पाकबड़ा थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जमीन विवाद में छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** जमीनी विवाद को लेकर मारपीट कर घायल करने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम चक जागवाली मिलक निवासी लखमीरी पत्नी जयपाल सिह ने बताया कि जमीन को लेकर मोहल्ले के लोगों से विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद के चलते ब्रहम सिह व सुनील पुत्र मीर सिह व यशवीर व तीन महिलाओं ने 25 अक्टूबर की दोपहर खेत पर जाकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो से उनको व उनके पति जयपाल सिह को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर आरोपित युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर सेवानिवृत शिक्षक से 50 हजार रुपए की लूट, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

● पुलिस ने मामले को रफा दफा करने के लिए पीड़ित से तहरीर देकर निकाला पिछले दरबाजे से, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर नगर में घनी आबादी के बीच दिन दहाड़े बदमाशों ने नगर के बैंक से पेंशन के पैसे निकालकर वापस घर जा हरे इस्लामनगर निवासी सेवानिवृत शिक्षक की जेब काटकर 50 हजार रुपए की लूट कर फरार हो गए। लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटो बदमाशों की तलाश में काबिंग की, लेकिन कोई सफलता नही मिल सकी। पुलिस ने अपना दिमाग लगाते हुए पीड़ित को कोतवाली लाकर पीछे के दरबाजे निकाल दिया और लूट की घटना को रफा दफा करने में लगी। बतादें कि एक सप्ताह में दिन दहाड़े यह दूसरी लूट है। उत्तराखंड के थाना कुंडा के गांव इस्लामनगर निवासी नन्हे सिंह पुत्र शिव्वा सिंह एक सेवा निवृत शिक्षक है। 2011 में कोतवाली क्षेत्र के गांव पीलकपुर



गुमानी में स्थित परिषदीय विद्यालय से सेवानिवृत हुए है। सेवानिवृत होने के बाद प्रति माह नगर में कोतवाली सें चंद कदमों की दूरी पर स्थित प्रथमा बैंक (उत्तर प्रदेश बैंक) में अपनी पेंशन के पैसे निकाले आते है। शुक्रवार को प्रति माह की भांति अपने घर से बैंक में पेंशन निकालने के लिए आए थे। जैसे ही बैंक से पैसे निकालकर बाहर निकले तो बदमाश ने पीछे आए शिक्षक की बैग को ब्लैड से काट कर 50 हजार रुपए लूट कर फरार हो गया। शिक्षक ने शोर मचाते हुए पुलिस को सूचना दी। कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर हुई लूट की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित शिक्षक से लूट की जानकारी की और कोतवाली ले आयी। जबकि पुलिस से बदमाश की तलाश करने को छोड़कर लूट के शिकार शिक्षको मीडिया और जनता की नजरों से छिपाने में लग गई। पुलिस ने फिर एक नया खेल रचा और पीड़ित को मीडिया की नजरों बचाते हुए पिछले गेट से निकालकर उसके घर हरियावाला चौराहे तक छुडवा दिया। बतादें कि करीब चार दिन पूर्व मदारपुर निवासी रश्मि पत्नी विकास व सोनी पत्नी सचिन के साथ बाइक सवार नकाब पोश बदमाश दिन दहाड़े चांदी की पाजेव, मोबाइल और 300 रुपए की नगदी लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस अभी लूट की घटना का खुलासा करना तो दूर लगता है सुराग भी नही जुटा सकी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार का कहना है मदारपुर लूट में जांच की जा रही है। जल्द ही लूट का खुलासा कर दिया जाएगा। आज शुकव्रार को नगर में शिक्षक के बैग से दिन दहाड़े बेग काट कर 50 हजार रुपए निकाले गए है यह लूट नही है। अभी तक मेरे संज्ञान में यह मामला नही आया है। कोई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एक तरह यह बता रहे कि यह लूट नही है क्यों कि जबरन की जाती है न की बैग को काट कर नही और एक तरफ कह रहे है कि उनके संज्ञान में यह मामला नही है।

# हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा भजन पर झूमे श्रद्धालु

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव जटपुरा में गुरुवार की देर रात बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम जटपुरा के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया, जहां दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के दौरान जब कलाकारों ने भजन ॖहारे का सहारा खाटू श्याम हमाराॖ व मतलब कि इस दुनिया से मुझको तो नफरत है। ओ ओ सांवरे, व गजब के खाटू वाले गजब ठाठ निराले भजन गाए तो पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो उठा। श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमने लगे और माहौल पूरी तरह भक्तिमय बन गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार शुभम तिलकधारी, सोनी सिस्टर, कलाकार गौरव दक्ष मैं एक से एक बढ़कर सुंदर भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु पूरी रात थिरकते रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद इत्र वर्षा की गई, जिससे पूरा पंडाल सुगंध से महक उठा। कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली भी खेली गई, जिसने उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। इस अवसर पर श्याम सेवक समिति के सदस्य वीरेंद्र सिंह, प्रदीप शर्मा, धर्मवीर सिंह, कपिल कुमार, अनमोल, रवि कुमार, गोलू शर्मा, शैलेंद्र, योगेंद्र, गोल्डी, भूपेंद्र, बाबूराम, मनोज, सतीश, कीरत सरदार, गरनदीपआदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



## 14 नवम्बर से शुरू होगा दीवान शुगर मिल का पेराई सत्र

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** दीवान शुगर मिल अगवानपुर का पैराई सत्र अब 10 नवंबर के बजाय 14 नवंबर से शुरू होगा। शुगर मिल ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। दीवान शुगर मिल अगवानपुर का पैराई सत्र 10 नवंबर से होने तथा इसका इंडेंड 6 नवंबर को जारी होने की संभावनाएं सहकारी समिति कांठ द्वारा व्यक्त की गई थीं। अगवानपुर शुगर मिल के वरिष्ठ ज्येष्ठ निरीक्षक सीराज मलिक एवं समिति सचिव खेत सिंह ने संयुक्त रूप से यह जानकारी देते हुए बताया कि अगवानपुर शुगर मिल अब 10 नवंबर के स्थान पर 14 नवंबर से पैराई सत्र शुरू हो जाएगा। जिसका इंडेंड 10 नवंबर को जारी होगा। समिति क्षेत्र के अंतर्गत स्योहारा एवं रानी नांगल तीनों शुगर मिलें आती हैं जिनके खरीद के लिए तहसील क्षेत्र में 70 केंद्र एवं निर्धारित किए गए हैं। अगवानपुर शुगर मिल में गन्ना आपूर्ति के लिए 70 गन्ना खरीद केंद्र एवं एक मिल गेट बनाया गया हैं। समिति सचिव ने बताया कि किसान इंडेंड की सूचना आने पर ही किसान गन्ना आपूर्ति की तैयारी करें और आगामी 12 नवंबर से तोल शुरू हो जाएगी। ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक ने बताया कि किसानों द्वारा रखी गई समस्याओं का ध्यान में रखते हुए गन्ना खरीद केंद्रों के अलावा समस्त सुविधाओं का ध्यान रखा गया है।

# शिक्षकों खण्ड शिक्षा अधिकारी को कराया शिक्षकों की समस्याओं से अवगत

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर उनका स्वागत किया एवं उन्हें शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यकारिणी ने खंड शिक्षा अधिकारी शिवम् कुमार गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। सर्वप्रथम कार्यकारिणी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी का बुके देकर स्वागत किया गया।उसके बाद शिक्षकों की समस्याओं को खंड शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखा खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए समाधान किया और खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया की। आगे भी शिक्षकों की समस्याओं का मेरे स्तर से जल्द निराकरण कराया जाएगा।कार्यकारिणी ने बीईओ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी मंत्री, महामंत्री पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार विश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चोहान, उपाध्यक्ष दीपाली गुप्ता, योगिता गुप्ता, सयुक्त मंत्री शुजा उल हक, प्रचार मंत्री सुशील छिंद्रा, कुलदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह, वरिष्ठ प्रचार मंत्री घनश्याम सिंह, राजवीर सिंह, अशोक कुमार यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



## मिशन शक्ति के अंतर्गत एक दिन की प्रिंसिपल बनी अलायरा

**उत्तम भारत संवाददाता/ मूंढापांडे। मुरादाबाद।** एएम पब्लिक स्कूल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल की सर्वोच्च अंक प्राप्त अलायरा चौधरी को एक दिन की प्रिंसिपल बनाया गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सभा में प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति के तहत बच्चियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं और बच्चों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। अभिनव सैनी ने कहा मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को सशक्त बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और सरकार बच्चियों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर अभिनव सैनी ने भी बच्चियों को सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया।



# शीघ्र बनेंगे पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड: मयंकेश्वर शरण सिंह

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** प्रदेश के संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने आश्वस्त किया कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान लिए सरकार गंभीर है और वह स्वयं पेंशन समेत आयुष्मान कार्ड और अन्य मुद्दे जो यहां उन्हें ज्ञापन के रूप में सौंपे गए हैं इस पर मुख्यमंत्री से बात करके समाधान का करने का प्रयास करेंगे । सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की ने बताया कि सम्मेलन को प्रदेश के संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अतिथि के रूप में संबोधित किया। प्रदेश के संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि जिन जनपदों में पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनने में कोई समस्या आ रही है तो उसका निराकरण शीघ्र कराया जाएगा राज्य मंत्री श्री सिंह मुख्य अतिथि के रुप में आज अयोध्या में जानकी महल ट्रस्ट स्थित सभागार में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आबादी के दृष्टिकोण से देश का सबसे बड़ा राज्य है और यहां समस्याएं और चुनौतियां भी उसी के अनुरूप हैं उन्होंने कहा कि चिकित्सा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने व्यापक सुधार किए हैं। उन्होंने बिहार की जमुई विधान सभा क्षेत्र से दूरभाष पर यूनियन के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों के प्रति उनका विशेष लगाव रहा है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा खंभा है और देश की आजादी से लेकर वर्तमान समय में समाज निर्माण और जनहित के मुद्दों को उठाने में मीडिया ने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन किया है । सरकार की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने, व स्थानीय समस्या को सरकार तक पहुंचाने का कार्य भाषाई अखबार कर सकते है। उन्होंने के विक्रम राव के कार्यों की प्रशंसा की। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारों के बीच अपने को पाकर व स्वयं सौभाग्यशाली समझते हैं उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं और समाज को समझना है । सीतापुर लखनऊ विधान परिषद क्षेत्र से एमएलसी श्री चौहान ने सम्मेलन में यह भी घोषणा की है कि पत्रकार मित्र जब भी प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नैमिषारण्य में अपना राष्ट्रीय सम्मेलन करना चाहेंगे । वह हर तरह से मदद करेंगे और उनकी कोशिश होगी कि पत्रकारों के संगठन का देश का सबसे बड़ा सम्मेलन नैमिष तीर्थ स्थल पर हो। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने पत्रकारों की पेंशन, चिकित्सा सुविधा, आयुष्मान योजना और कोविड काल में दिवंगत हुए पत्रकारों के आश्रितों को दी जाने वाली आर्थिक मदद समेत 8 सूत्रीय मांगो का उल्लेख करते हुए सरकार से कहा है कि इन मुद्दों पर सरकार उदारता पूर्वक निर्णय ले।



# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पंजीकृत ने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद प्रत्याशी का नगर पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पंजीकृत ने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद प्रत्याशी का नगर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। यहां समाज के व्यक्तियों को राजनीतिक सामाजिक और धार्मिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद प्रत्याशी विश्वदीप अवस्थी का नगर पहुंचने पर डॉक्टर वीपी शर्मा कॉम्प्लेक्स पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की क्षेत्रीय और जिला इकाई द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यहां समाज के उपस्थित व्यक्तियों ने समाज के उन सभी लोगों को जो राजनीतिक सामाजिक और धार्मिक कार्य में प्रगतिशील हैं। उन्हें समृद्ध बनाने के लिए एक जुटता के साथ कार्य करने का का अवसर प्रदान करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर अनिल शर्मा, कुलदीप कौशिक, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा, यतेंद्र शर्मा, नवदीप शर्मा, वीरेंद्र शर्मा पापड़ी, सोमेश शर्मा, संजय कौशिक, केशव शर्मा, संदीप शर्मा बिट्टू, शिव शर्मा, अनंत शर्मा, आदि ने स्वागत किया। सभी का आभार अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने व्यक्त किया।



## तहसील बार एसोसिएशन ने एड विश्वदीप अवस्थी का किया भव्य स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद प्रत्याशी विश्वदीप अवस्थी एड का बार सभागार में स्वागत किया। यहां सदस्य पद प्रत्याशी ने अपनी समर्थन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कार्य करने और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। अधिवक्ताओं ने उन्हें समर्थन दिए जाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर विनीत नैन, प्रमोद शर्मा चरण सिंह ढाका, चंद्रपाल सिंह, महावीर सिंह, प्रेम सिंह, दीप सिंह, चौधरी यशवीर सिंह, चरण सिंह देशवाल, शहजाद रफी, मोहम्मद इकबाल, संजीव बिश्नोई, विजयवीर सिंह, अतुल कुमार, आ र एस मेहरा, राहुल कुमार, लक्ष्मण सिंह, भू प्रकाश, कपिल राणा आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार और संचालन महासचिव दीपक विश्नोई ने किया।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण को सील किया!

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** शुक्रवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर क्षेत्र मे हो रहे अवैध निर्माण को सील किया अधिसूचित क्षेत्रों में अवैध निर्माण एवं प्लाटिंग के विरुद्ध द्वारा प्रवर्तन दल की कार्यवाही पूर्ण रूप से की जा रही है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निदेर्शानुसार, शुक्रवार को प्राधिकरण प्रवर्तन दल के दस्ते द्वारा पाकबड़ा थाना क्षेत्र के कैलसा रोड पर जोन 1 सब जोन 1 में कादरी सेंटर स्टोर के सामने रहीमुद्दीन व निजामुद्दीन द्वारा लगभग 500 वर्ग मीटर जगह में अवैध रूप से 17 दुकाने बनाने के लिए कौलम खड़े किए जा रहे थे! जिसमें प्राधिकरण के परवर्तन दल के दस्ते के नेतृत्व में मुख्य सहायक अभियंता अवर अभियंता द्वारा स्थानीय पुलिस वल के साथ अवैध निर्माण को सील किया गया! उपाध्यक्ष का कहना है की आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी है!



# मुंढापांडे पुलिस ने चलाया वाहन चोकिंग अभियान

**उत्तम भारत संवाददाता मूंढापांडे :** मुंढापांडे में शुक्रवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, तो वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने 5 दर्जन से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली। जनपद में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण व बाइक सवारों द्वारा किए जा रहे अपराधों पर लगाम कसने के इरादे से एसएसपी मुरादाबाद ने शुक्रवार की शाम कों सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिस पर मुंढापांडे थाने के अंतर्गत लगने वाली पुलिस चौकी दलपतपुर की पुलिस चेकिंग अभियान में जुट गई। चौकी प्रभारी दलपतपुर संदीप सिंह चौहान ने अपनी पुलिस टीम के साथ दलपतपुर चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया, इसके अलावा थाना बाहर हाइवे पर, व दलपतपुर चौराहे, टोल प्लाजा नियामतपुर इकरोटिया और अन्य स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र भर में करीब 5 दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया।




उत्तर रेलवे

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

No: 23AC/NR-NRHQ0CD(SCM)/428/2025 Dated: 04/11/2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित किया है

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम तथा उसका स्थान: दिल्ली मंडल के ए–1 श्रेणी के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर बड़ी स्थैतिक इकाई अर्थात फूड प्लाजा/कोर्ट में खानपान सेवाओं का प्रावधान, जो गेट संख्या 1. के पास, स्टेशन के मुख्य सिटी साइड प्रवेश द्वार में सर्कुलेटिंग एरिया/कॉन्कोर्स में तत्कालीन कॉमेसम के स्थान पर नौ वर्ष की अवधि के लिए है। | |
| 2 | रेलवे ट्रेनों का विवरण: निविदा सूचना Ctg FoodPlazaNZM04-2025 स्टेशन: हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के मुख्य सिटी साइड के प्रवेश द्वार संख्या 1 पर सर्कुलेटिंग एरिया/कॉन्कोर्स | |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि | 25/11/2025 up to 1500 hrs |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | निविदा सूचना के अनुसार |
| 5 | निविदा दस्तावेज मूल्य %18 जीएसटी सहित | निविदा सूचना के अनुसार |
| 6 | धरोहर राशि | निविदा सूचना के अनुसार |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है https://ireps.gov.in/ | |

3461/2025

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/7/2025 9:02 PM Page 1



# टी20 विश्व कप भारत में पांच और श्रीलंका में तीन स्थानों पर खेला जाएगा

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अब 100 दिन से भी कम का समय बचा है और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने अबतक इसके वेन्यू को लेकर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं दिया है। लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार भी वर्ल्ड कप का फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ही खेला जाएगा।

**फिर अहमदाबाद में होगा वर्ल्ड कप फाइनल**

भारत में आयोजित हुए वनडे वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल भी इसी स्टेडियम में खेला गया था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस स्टेडियम की क्षमता एक लाख से ज्यादा दर्शकों की है। आईसीसी जल्द टूनार्मेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित करेगा। द इंडियन




एक्सप्रेस के मुताबिक, बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में यह फैसला लिया गया कि इस बार वर्ल्ड कप 2023 की तुलना में कम शहरों में खेला जाएगा, ताकि हर वेन्यू पर कम से कम छह मैच आयोजित किए जा सकें।

**भारत में पांच शहरों में होंगे मुकाबले**

बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को वेन्यू के रूप में शॉर्टलिस्ट किया है। श्रीलंका में पाकिस्तान टीम के सभी मुकाबले खेले जाएंगे। इसके लिए तीन स्टेडियम चुने गए हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि वे कौन-से वेन्यू होंगे। श्रीलंका पाकिस्तान के मैचों के लिए एक न्यूट्रल वेन्यू की भूमिका निभाएगा, जो भारत के साथ समझौते के तहत तय किया गया है।

**बेंगलुरु और लखनऊ में नहीं खेले जाएंगे मैच**

यह भी स्पष्ट नहीं है कि बेंगलुरु और लखनऊ को मैच आयोजित करने के लिए चुना जाएगा या नहीं, क्योंकि यह टूनार्मेंट भारत और श्रीलंका के संयुक्त आयोजन में होने जा रहा है। बीसीसीआई के मुताबिक जहां हाल ही में महिला विश्व कप खेला गया है। उन स्थानों में टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन नहीं किया जाएगा। गुवाहाटी, विशाखापट्टनम, इंदौर और नवी मुंबई ने महिला विश्व कप मैचों की मेजबानी की थी।

**श्रीलंका और पाकिस्तान से जुड़े विशेष प्रावधान**

आईसीसी ने भारतीय बोर्ड को स्पष्ट कर दिया है कि यदि श्रीलंका सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो उसका मैच कोलंबो में खेला जाएगा।वहीं, अगर पाकिस्तान फाइनल या सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो टूनार्मेंट के यह मुकाबले एक न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित किए जाएंगे। बीसीसीआई ने यह भी साफ किया है कि भारत-पाकिस्तान का लीग मैच कोलंबो में ही खेला जाएगा। जैसा कि पहले हुए समझौते में तय किया गया था, जिसके तहत दोनों टीमें तीसरे देश में एक-दूसरे के खिलाफ मैच खेलेंगी।

**दोनों बोर्डों के बीच समझौता**

बीसीसीआई और पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह सहमति बनाई थी कि आगे से दोनों टीमें एक-दूसरे के देशों की यात्रा नहीं करेंगी और इसके बजाय विदेशी मैदानों पर ही मुकाबले खेलेंगी। यह टूनार्मेंट 2026 की शुरूआत में आयोजित होने की संभावना है, और बीसीसीआई ने अपना प्रस्तावित शेड्यूल पहले ही आईसीसी को सौंप दिया है।

# 36 के हुए विराट कोहली को प्रशंसकों से मिली बधाई



## -इन पारियों के कारण बने महान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली आज 36 साल के हो गए हैं। जन्मदिन के अवसर पर विराट को प्रशंसकों और साथ खिलाड़ियों ने ढेरों बधाईयां दी है। विराट अब केवल एकदिवसीय क्रिकेट ही खेलते हैं क्योंकि टेस्ट और टी20 से उन्होंने पहले ही संन्यास ले लिया है। 36 साल की उम्र में भी विराट फिट बने हुए हैं और 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलना चाहते हैं। वर्तमान समय में भी वह केवल एक प्रारुप खेलने के बाद भी विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर में से एक हैं। विराट को यूं ही नहीं कहा जाता वर्तमान पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज। उन्होंने अपने करियर में कई बड़ी पारियां खेली हैं।

साल 2012 में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के साथ त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 320 रन बनाये थे। तब भारतीय टीम सीरीज में पिछड़ रही थी. ऐसे में उसे हर हाल में जीत दर्ज करनी थी जिससे कि बोनस अंक हासिल किये जा सकें। 321 रनों के लक्ष्य को 40 ओवर में ही हासिल करना था, जो काफी मुश्किल काम था पर विराट ने पहले गौतम गंभीर और फिर सुरेश रैना के साथ मिलकर ऐसी बल्लेबाजी की कि भारतीय टीम ने 36.4 ओवर में ही 321 रन बनाकर मैच को जीत लिया और बोनस अंक हासिल किया! इस मैच में विराट ने 154.65 के स्ट्राइक रेट से 86 गेंद में 16 चौके और 2 छक्के की मदद से 133 रन बनाए थे! विराट की ये पारी उनके करियर की सबसे यादगार पारियों में से एक थी।

वहीं एशिया कप 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ विराट ने 183 रनों की बेहतरीन पारी खेलकर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी। इस मैच में पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 329 रन बनाये थे पर इसके जवाब में विराट की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम 7 विकेट से जीत गयी। एकदिवसीय में ये विराट का अब तक का सबसे अधिक स्कोर है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय टीम की ओर से एडिलेड टेस्ट में विराट ने शानदार पारी खेली थी। विराट ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 517 रन बनाये थे। इसके जवाब में भारतीय टीम 444 रन ही बना पायी। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया को 73 रनों की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 290 रन बनाए और पारी को घोषित कर भारत के सामने एडिलेड की मुश्किल पिच पर चौथी पारी में 364 रनों का लक्ष्य रखा था। इसके बाद विराट कोहली ने मुरली विजय के साथ मिलकर जबरदस्त पारी खेली। मुरली 99 रन बनाकर आउट हुए, जबकि विराट ने 175 गेंद में 145 रन बनाए। इन दोनों के आउट के होने बाद भारतीय टीम हालांकि 315 रन के स्कोर पर ही आउट हो गयी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने मैच 48 रन से जीत लिया।

साल 2018 में इंग्लैंड दौरे पर बर्मिंघम टेस्ट में विराट कोहली की 149 रनों की पारी भी कौन भूल सकता है। विराट कोहली ने कठिन पिच पर शतक लगाकर भारतीय टीम को 31 रन से जीत दिलायी थी। विराट के लिए ये शतकीय पारी इसलिए भी अहम थी क्योंकि इससे पहले विराट इंग्लैंड में बुरी तरह से असफल रहे थे। बर्मिंघम में 149 रन बनाकर उन्होंने सबकी बोलती बंद कर दी।

ऑस्ट्रेलिया में खेले गए आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की 82 रनों की पारी की अहम भूमिका रही। इस मैच में पाकिस्तान के सामने टीम इंडिया ने 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 31 रन पर अपने 4 विकेट खो दिये। इस मैच में विराट कोहली ने हारिस रऊफ पर जबरदस्त छक्का लगाकर मैच में टीम इंडिया को जीत दिला दी।

# अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी में द्रविड़ के बेटे अन्वय पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय भी हैदराबाद में शुरू रहे पुरुष अंडर19 एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी में खेलते नजर आयेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय को इस टूर्नामेंट में टीम सी में शामिल किया गया है। ऐसे में सभी की नजरें अन्वय के प्रदर्शन पर रहेंगी। इस टूर्नामेंट से युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला शुक्रवार को आरोन जॉर्ज की अगुवाई वाली टीम सी वेदांत त्रिवेदी की कप्तानी वाली टीम बी के खिलाफ करेगी। टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमें इस प्रकार हैं।

**टीम ए:** विहान मल्होत्रा (कप्तान), अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान और विकेटकीपर), वंश आचार्य, बालाजी राव (विकेटकीपर), लक्ष्य रायचंदानी, विनीत वीके, मार्कंडेय पांचाल, सात्विक देसवाल, वी यशवीर, हेमचुदेशन जे, आरएस अंबरीश, हनी प्रताप सिंह, वासु देवानी, युधाजीत गुहा, इशान सूद।

**टीम बी:** वेदांत त्रिवेदी (कप्तान), हरवंश सिंह (उपकप्तान और विकेटकीपर), वाफी कच्छी, सागर विर्क, सायन पॉल,



वेदांत सिंह चौहान, प्रणव पंत, अहित सलारिया (विकेटकीपर), बी के किशोर, अनमोलजीत सिंह, नमन पुष्पक, डी दीपेश, मोहम्मद मलिक, महामद यासीन सौदागर, वैभव शर्मा।

**टीम सी:** आरोन जॉर्ज (कप्तान), आर्यन यादव (उपकप्तान), अंकित चटर्जी, मणिकांत शिवानंद, राहुल कुमार, यश कासवांकर, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), युवराज गोहिल (विकेटकीपर), खिलान ए पटेल, कनिष्क चौहान, आयुष शुक्ला, हेनिल पटेल, लक्ष्मण प्रुथी, रोहित कुमार दास, मोहित उलवा।

**टीम डी:** चंद्रहास दाश (कप्तान), मौल्यराजसिंह चावड़ा (उपकप्तान), शांतनु सिंह, अर्नव बुग्गा, अभिनव कन्नन, कुशाग्र ओझा, आर्यन सकपाल (विकेटकीपर), ए रापोल (विकेटकीपर), विकल्प तिवारी, मोहम्मद एनान, अयान अकरम, उधव मोहन, आशुतोष महिदा, एम तोशिथ यादव, सोलिब तारिक।

# आईसीसी टी20आई रैंकिंग में अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर कायम

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाजों बाबर आजम, सैम अयूब, और सलमान आगा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के दम पर रैंकिंग में उल्लेखनीय बढ़त हासिल की। दूसरी ओर भारत के अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों की सूची में पहले स्थान पर बने हुए हैं, जबकि वरुण चक्रवर्ती टी20द्ब गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कायम हैं। रैंकिंग में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के कई खिलाड़ियों ने भी शानदार सुधार किया है।

### पाकिस्तान के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए हाल की टी20 सीरीज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यादगार रही। बाबर आज़म नौ पायदान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सैम अयूब, जो अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, 10 पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं, सलमान आगा ने भी 10 पायदान की बढ़त के साथ 54वां स्थान हासिल किया है। इन तीनों खिलाड़ियों ने मिलकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को मजबूती दी, जिससे टीम को टी20 फॉर्मेट में नई ऊर्जा मिली है।

### भारतीय टीम की निरंतर सफलता

टीम इंडिया के लिए साल 2025 अब तक बेहद सफल रहा है। भारतीय टीम ने अपनी पांच में से चार द्विपक्षीय टी20 श्रृंखलाएँ जीती हैं, जिनमें सबसे ताज़ी जीत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से मिली। अभिषेक शर्मा, जिन्होंने हाल के महीनों में जबरदस्त फॉर्म दिखाया है, बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर कायम हैं। वहीं, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं, जिससे भारत की टी20 टीम को एक नई मजबूती मिली है।

### अन्य देशों के खिलाड़ियों की बढ़त

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के युवा बल्लेबाज़ तंजीद हसन ने 20 पायदान की बड़ी छलांग लगाई है और अब वह 17वें स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज़ (15वां स्थान) और इब्राहिम ज़दरान (20वां स्थान) ने भी इस हफ्ते अच्छा सुधार किया है। इन सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दिखाया है कि विश्व क्रिकेट में टी20 फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

### गेंदबाजों की रैंकिंग में भी बड़े बदलाव

टी20आई गेंदबाजों की सूची में कई नामों ने इस हफ्ते शानदार उछाल मारी है। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारत के खिलाफ शानदार गेंदबाजी के दम पर दो पायदान ऊपर बढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान 13 पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि बांग्लादेश के महेदी हसन छह पायदान चढ़कर 17वें स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर (23वें स्थान) और रोस्टन चेज़ (38वें स्थान) ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा, जिन्होंने हाल में लगातार विकेट चटकाए, 32 पायदान की बड़ी छलांग लगाकर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के गेंदबाजों का योगदान

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कॉर्बिन बॉश ने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेकर



सबका ध्यान खींचा। उनकी इस सफलता ने उन्हें 15 पायदान ऊपर 38वें स्थान पर पहुंचा दिया है। पाकिस्तान के सलमान मिर्जा (45वां स्थान) और फहीम अशरफ (51वां स्थान) ने भी अपनी गेंदबाजी से रैंकिंग में वापसी की है।

### वनडे रैंकिंग में भी नए बदलाव

नवीनतम वनडे रैंकिंग में न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने इंग्लैंड के खिलाफ 'प्लेयर ऑफ द सीरीज़' बनकर दो पायदान ऊपर तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने 178 रन बनाए और केवल एक बार आउट हुए। उनके साथी रचिन रवींद्र चार पायदान ऊपर बढ़कर 14वें स्थान पर पहुंचे हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी तीन विकेट लेकर दो पायदान ऊपर चढ़े और अब अफगानिस्तान के राशिद खान के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

# विश्वकप जीत से मंधाना, जेमिमा सहित महिला क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू बढ़ी



नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप जीत के बाद खिलाड़ियों की लोकप्रियता और ब्रांड वैल्यू तेजी से बढ़ी है। ऐसे में अब इनकी कमाई भी पहले से कई गुना बढ़ जाएगी। विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रॉड्रिग्स और स्मृति मंधाना की ब्रांड वैल्यू सबसे अधिक बढ़ी है। जेमिमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रनों की पारी खेली थी। रिपोर्ट के अनुसार, जेमिमा की एंडोर्समेंट फीस अब 75 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ रुपये तब पहुंच गयी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के बाद ही उनके पास 10 से 12 अलग-अलग कैटेगरी के ब्रांड्स से करार के प्रस्ताव आने लगे। वहीं मंधाना पहले से ही महिला क्रिकेट की सबसे बड़ी ब्रांड एंबेसडर हैं। वो इस समय हिंदुस्तान यूनिलीवर, नाइक , हुंडाई , हरबेलाइफ , एसबीआई, गल्फ आइल, और पीएबी मैटलाइफ जैसे 16 प्रमुख ब्रांड्स का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। विश्व कप जीत के बाद उनकी फीस भी 1.5 से 2 करोड़ रुपये प्रति ब्रांड तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विश्वकप जीत से भारतीय महिला क्रिकेट पूरी तरह से बदल जाएगा।

# वैभव अब राइजिंग स्टार्स एशिया कप में नजर आयेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल और अंडर 19 क्रिकेट में धूम मचाने वाले 14 साल के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत ए टीम की ओर से खेलते दिखेंगे। बाएं हाथ के इस विस्फोटक बल्लेबाज के लिए पिछले कुछ महीने शानदार रहे हैं। आईपीएल के बाद वैभव ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी अपनी आक्रामक बल्लेबाजी दिखायी। अब वैभव के निशाने पर पाकिस्तान ए टीम रहेगी। का भारत ए टीम में आईपीएल के छह खिलाड़ियों को अवसर मिला है। इमर्जिंग स्टार्स टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर 2025 तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें भारत के ओमान, यूएई और पाकिस्तान ए के साथ ग्रुप बी में रखा गया है.

ये टूर्नामेंट कतर में खेला जाएगा और



इसका आयोजन एशियाई क्रिकेट परिषद कर रही है। इसमें भारत ए की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा करेंगे। वहीं पंजाब के ऑलराउंडर नमन धीर उप-कप्तान रहेंगे। आईपीएल 2025 के स्टार प्रियांश आर्य को भी पहली बार टीम में अवसर मिला है। जितेश अभी ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम से खेल रहे हैं। उन्होंने तीसरे टी20 में 22 रनों की पारी खेलकर प्रभावित किया था। जितेश ने इस साल की शुरुआत में आरसीबी के विजयी अभियान के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था और निचले क्रम में 176 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे.

**राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए की टीम:** प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, जितेश शर्मा (कप्तान और विकेटकीपर) रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजापनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर) और सुयश शर्मा.

स्टैंड-बाय खिलाड़ी: गुरनूर सिंह बराड़, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिजवी और शेख रशीद.

# वीनस विलियम्स की ऑकलैंड क्लासिक में होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री



वॉशिंगटन । सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स न्यूजीलैंड में होने वाले ऑकलैंड क्लासिक 2026 में वापसी करेंगी। उन्हें इस डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला है। अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विलियम्स 16 महीने के ब्रेक के बाद 2025 के बीच में प्रतियोगिता में लौटीं। उन्होंने वाशिंगटन में वर्ल्ड नंबर 35 पेटन स्टर्न्स पर यादगार जीत के साथ वापसी की, जहां वह टूर-लेवल पर महिलाओं के एकल में जीत हासिल करने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनी। इसके बाद उन्हें एकल और युगल में यूएस ओपन के लिए वाइल्डकार्ड मिला। एकल में उन्होंने पहले राउंड में चेक गणराज्य की 11वीं सीड कैरोलिना मुचोवा को तीन सेट तक टक्कर दी और कनाडाई उभरती हुई स्टार लेयला फर्नांडीज के साथ युगल में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं थी। ऑकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट के डायरेक्टर निकोलस लैम्पेरिन ने कहा, 'वीनस का महिला टेनिस के विकास पर गहरा असर रहा है और उनके खेल के प्रति अटूट जुनून ने अगली पीढ़ी को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि सभी खेल प्रेमियों को खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक को एक्शन में देखने का यह मौका नहीं छोड़ना चाहिए।' ऑकलैंड क्लासिक पांच से 11 जनवरी 2026 तक चलेगा। यह18 जनवरी से शुरू होने वाले 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट होगा।

# राहुल और सुंदर आईपीएल 2026 में बदल नहीं पायेंगे टीमें

नई दिल्ली । पिछले कुछ समय से वॉशिंगटन सुंदर और केएल राहुल के आईपीएल 2026 में नई टीमों चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से खेलने की चर्चाएं चल रही थीं। वहीं अब आई एक रिपोर्ट के अनुसार इन दोनो की ही टीमों ने इन्हें रिलीज करने से इंकार कर दिया है। ऐसे में अब ये दोनों खिलाड़ी किसी नई फ्रेंचाइज़ी से नहीं जुड़ सकते हैं। ये कहा जा रहा था कि सुंदर को सीएसके लेना चाहती है, जबकि राहुल को केकेआर पर पर करार संभव नहीं हो पाया। सीएसके दिग्गज स्पिनर आर अश्विन की जगह पर सुंदर को चाहती थी और इसके लिए उसने प्रयास भी किया पर गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने सुंदर को देने से इंकार कर दिया। वहीं दूसरी ओर, केएल राहुल को लेकर खबर थी कि वे दिल्ली कैपिटल्स की जगह पर वह केकेआर से खेल सकते हैं पर ये संभव नहीं हुआ। इसका कारण है कि केकेआर वरुण चक्रवर्ती और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों को ट्रेड में नहीं देना चाहती। ऐसे में कैपिटल्स भी राहुल को छोड़ने तैयार नहीं है।



# साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, पंत की वापसी, शमी को फिर नहीं मिला मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। 14 नवंबर से शुरू हो रही इस सीरीज के लिए शुभमन गिल को कप्तान और ऋषभ पंत को उपकप्तान एवं विकेटकीपर नियुक्त किया गया है। इस चयन के साथ ही टीम में कुछ अहम बदलाव देखने को मिले हैं।जहां ऋषभ पंत की वापसी सबसे बड़ी खबर रही, वहीं तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी को एक बार फिर टीम से बाहर रखा गया है।

घरेलू सीरीज में शानदार प्रदर्शन और चयन को लेकर हाल में हुई जुबानी जंग के बाद यह माना जा रहा था कि शमी की टेस्ट टीम में वापसी होगी, लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें मौका नहीं दिया। इससे क्रिकेट जगत में फिर से चर्चाएं तेज़ हो गई हैं।



साउथ अफ्रीका के खिलाफ यह सीरीज भारतीय क्रिकेट के लिए कई मायनों में अहम होगी। एक ओर शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा होगी, तो दूसरी ओर ऋषभ पंत की वापसी टीम को नई ऊर्जा देगी। वहीं, मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी ने चयन को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि युवा खिलाड़ियों से सजी यह टीम विदेशी धरती पर कितनी मजबूती से प्रदर्शन करती है।

### टीम इंडिया का स्कॉड

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और आकाश दीप।

### ऋषभ पंत की शानदार वापसी

ऋषभ पंत की टीम में वापसी लंबे इंतजार के बाद हुई है। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान हुई गंभीर चोट के बाद पंत लगभग एक साल तक क्रिकेट से दूर रहे। साउथ अफ्रीका 'ए' के खिलाफ हालिया मुकाबलों में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस और फॉर्म दोनों साबित कीं। चयनकर्ताओं ने इस प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें उपकप्तान की ज़िम्मेदारी सौंपी है। उनकी वापसी से भारत की बल्लेबाज़ी और विकेटकीपिंग दोनों विभागों में मजबूती आएगी।

### शुभमन गिल को मिला बड़ा अवसर

युवा बल्लेबाज़ शुभमन गिल को पहली बार टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। लगातार अच्छे प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए बीसीसीआई ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय टीम के भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है और गिल को अगले कप्तान के रूप में तैयार करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

### आकाश दीप को मिला डेब्यू का मौका

युवा तेज गेंदबाज़ आकाश दीप को भी टीम में शामिल किया गया है। बंगाल के इस गेंदबाज़ ने घरेलू क्रिकेट और इंडिया 'ए' टीम में शानदार प्रदर्शन किया है। चयनकर्ताओं ने उन्हें आगामी सीरीज में डेब्यू करने का मौका देने का संकेत दिया है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज नई गेंद के मोर्चे पर टीम की अगुवाई करेंगे, जबकि स्पिन विभाग में रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव शामिल हैं।

### सीरीज का शेड्यूल

दो मैचों की यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) का हिस्सा होगी। पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में होगा।

### भारत 'ए' वनडे टीम का भी ऐलान

बीसीसीआई ने भारत 'ए' वनडे टीम की भी घोषणा की है। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि रुतुराज गायकवाड़ उपकप्तान होंगे। इस टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा को शामिल नहीं किया गया है। टीम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, रियान पराग, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और खलील अहमद जैसे युवा खिलाड़ी शामिल हैं।

# क्रंच फिटनेस ने भारत में खोला पहला क्लब, नोएडा से हुई शुरूआत

**उत्तम भारत संवाददाता, नोएडा।** अमेरिका की मशहूर फिटनेस ब्रांड क्रंच फिटनेस ने भारत में अपनी एंट्री की घोषणा करते हुए नोएडा में अपना पहला फ्लैगशिप क्लब लॉन्च किया। इस मौके पर श्री जॉन केर्श, मैनेजिंग डायरेक्टर - इंटरनेशनल डेवलपमेंट और श्री रॉड बेनर, वाइस प्रेसिडेंट - इंटरनेशनल ऑपरेशंस विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारत में क्रंच फिटनेस का नेतृत्व तीन अनुभवी फिटनेस लीडर्स कर रहे हैं — डॉ. उमेश कंसल (मैनेजिंग डायरेक्टर), निखिल कक्कड़ (सीईओ) और तानिया (सीएमओ)। इनका उद्देश्य है भारत में फिटनेस को एक नए स्तर पर ले जाना, जहाँ फिटनेस के साथ-साथ



वेलनेस और रिकवरी को भी समान महत्व दिया जाए। हम सिर्फ जिम नहीं बना रहे हैं, हम एक ऐसी कम्युनिटी बना रहे हैं जहाँ फिटनेस मजेदार और प्रेरणादायक हो, कहा निखिल कक्कड़, सीईओ, क्रंच फिटनेस इंडिया ने। 1989 में न्यूयॉर्क के ग्रीनविच विलेज में शुरू हुआ क्रंच फिटनेस आज दुनिया भर में 500 से अधिक क्लबों के साथ नो जजमेंट्स की फिलॉसफी पर चलता है — जहाँ हर कोई स्वागत योग्य है, चाहे उसकी फिटनेस लेवल कोई भी हो। नोएडा क्लब में अत्याधुनिक जिम इक्विपमेंट्स, ग्रुप फिटनेस क्लासेस और एक विशेष रिलैक्स एंड रिकवर जोन है, जिसमें रेड लाइट थेरेपी, ड्राई कोल्ड प्लंज और इन्फ्रारेड सॉना जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। भारत में फिटनेस के प्रति जो जोश है, वही क्रंच के लिए सबसे बड़ा प्रेरणा स्रोत है, कहा श्री जॉन केर्श ने।